संसेक्स 71,106.96 ▲ +241.86
डॉलर 83.173 ▼ -0.094

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 11.0 | 12.0 |
| धनबाद | 26.0 | 14.0 | 13.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 11.0 | 13.0 |
| पलामू | 26.0 | 11.0 | 11.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 25 दिसंबर 2023, वर्ष-30, अंक- 69, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय ▶ भारत का खजाना भरते सात समंदर पार बसे भारतीय...8


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


भारत ने हैथी उग्रवादियों पर निगरानी के लाल ...10 ◀ देश/विदेश


## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 63,010

चांदी (10 किलो) 75,320

## एक नजर

### बिना मैसेज आए खाते से उड़ गए 13 लाख, केस दर्ज

**रांची।** हिनू शुक्ला कॉलोनी के रहने वाले शैलेंद्र कुमार सिन्हा के खाते से 13 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। इस संबंध में शैलेश ने बिहार के लखीसराय निवासी धर्मेंद्र कुमार के खिलाफ डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। शैलेश ने पुलिस को बताया कि वह सिधेश्वर वर्मा नामक व्यक्ति को 50 हजार रुपए का चेक 14 दिसंबर को दिया था। सिद्धेश्वर ने उन्हें 19 दिसंबर को यह सूचना दी कि उनका दिया हुआ चेक बाउंस कर गया है। इस आधार पर वह डोरंडा एसबीआई गए और प्रबंधक से मिले। जांच में पता चला कि उनके खाते में पैसा ही नहीं है। यह भी पता चला कि एक दिसंबर से 17 दिसंबर के बीच उनके खाते से लखीसराय निवासी धर्मेंद्र कुमार के खाते में 13 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किया गया है। राशि ट्रांसफर होने की उन्हें मोबाइल पर जानकारी तक नहीं मिली है।

### परिवार को बंधक बनाने का आरोप, दो गिरफ्तार

**रांची।** तुपुदाना पुलिस ने एक परिवार के सदस्यों और कर्मियों को बंधक बनाकर पीटने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधियों ने पंकज कुमार और बेलाल शामिल है। मामले में मुर्गी फार्म की संचालिका अनीता देवी ने तुपुदाना ओपी में दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। अनिता ने पुलिस को बताया कि तुपुदाना ओपी क्षेत्र के बुकरू में उनका मुर्गी फार्म है। 22 दिसंबर को दो अपराधी उनके फार्म में पहुंचे और उनके मजदूरों को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। इसके बाद उन्हें और उनके पुत्र को भी पकड़ लिया। पिस्टल सटाकर धमकी दी कि शोर मचाया तो गोली मार देंगे। उनके पति अमरेश कुमार को बुलाने की बात कह रहे थे। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए।

### तेलंगाना विवि ने रैगिंग के आरोप में 80 लड़कियों को किया निलंबित

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना में एक विश्वविद्यालय की 80 पीजी महिला छात्रों को छात्रावास से एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि इन 80 छात्राओं पर कथित तौर पर अपने जूनियरों पर 'गाने और डांस' करने का दबाव डालने का आरोप लगा है। हाल ही में एक परिचयात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसके बाद वारंगल जिले के काकतीय विश्वविद्यालय के वाणिज्य और प्राणीशास्त्र विभागों के पोस्ट ग्रेजुएट के कुछ छात्रों ने 18 दिसंबर को फिर से अपने जूनियरों से संस्थान के महिला छात्रावास में अपना परिचय देने के लिए कहा। जूनियर्स ने ऐसा करने से मना कर दिया और इस मामले पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों से शिकायत की।

### ◆ पलामू में प्रतिपक्ष नेता का राज्य सरकार पर बड़ा हमला ◆

# झारखंड को इस्लामिक स्टेट बनाना चाहती है हेमंत सरकार : बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि यह सरकार झारखंड को इस्लामिक स्टेट बनाना चाहती है। जहां ओबीसी, दलित व अन्य वर्गों को आरक्षण के लाभ से वंचित कर किया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ बड़े पैमाने पर बांग्लादेसियों को यहां का वोटर बनाया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष सह भाजपा विधायक अमर बाउरी रविवार को स्थानीय परिसदन में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कारण राज्य में संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया है। प्रवर्तन निदेशालय एक वैधानिक संस्था है। जिसके लगातार छह बार सम्मन के बाद भी ईडी के समक्ष पेश नहीं होकर हेमंत सोरेन संविधान के विरूद्ध कार्य कर रहे हैं। इससे पहले भी इस सरकार ने बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता नहीं देकर अपनी नैतिकता प्रदर्शित कर चुकी है। श्री बाउरी ने कहा कि वर्ष 2019 में पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने व अन्य लुभावनी घोषणा पत्र के साथ हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने थे, लेकिन इन चार वर्षों में नौकरी तो क्या बेरोजगारी भत्ता भी देने में यह सरकार नाकाम रही है। उल्टे नौकरी मांगने पर अभ्यर्थियों के उपर बेरहमी से लाठी चार्ज किया जा रहा है। यह सरकार जन अपेक्षाओं को दरकिनार कर पहाड़, गिट्टी व बालू बेचने में लगी है।



अब सरकार के कार्यकाल का महज एक वर्ष बचा है तो सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राज्य की भोली-भाली जनता को ठगने का काम किया जा रहा है। कहा कि आवंटन के अनुसार एक पंचायत में बामुश्किल तीन से चार अबुआ आवास बनाया जा सकता है। लेकिन सरकारी पिकनिक के माध्यम से हजारों आवेदन जमा करा कर राज्य की जनता की भावनाओं से खेलने का काम कर रही है। श्री बाउरी ने राज्य में बालू संकट पर इसके लिए सीधे तौर पर हेमंत सोरने को जिम्मेवार बताया। कहा कि एक ओर सत्ता के संरक्षण मे जहां बड़े वाहनों से बड़े पैमाने पर बालू की तस्करी की जा रही है, वहीं आम जनता बोरा में बालू खरीदने को विवश है। प्रश्न के जवाब में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी नल जल योजना झारखंड में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। पलामू में लगातार पड़ रहे सुखाड़ के बावजूद किसानों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। । सांगठनिक गतिविधि व आसन्न लोकसभा चुनाव पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष व संगठन महामंत्री के नेतृत्व में कार्य किया जा रहा है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता, भाजपा के प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, विपिन बिहारी सिंह, नरेंद्र पांडेय सहित भाजपा के कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ईसाई व इस्लाम धर्म अपनाये लोगों को नहीं माना जाये एसटी : मुंडा

**एसटी आरक्षण का 80 प्रतिशत लाभ वे उठा रहे जो अपनी रूढ़ि प्रथा छोड़कर ईसाई या मुस्लिम बन गये**

**डीलिस्टिंग डॉ .कार्तिक उरांव के व्यथित मन की वेदना व 12 करोड़ जनजातियों की कराहती आवाज**

**डीलिस्टिंग से पहले जिनको अपने मूल धर्म में घर वापसी करना है उनका स्वागत है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पद्म भूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि ईसाई और इस्लाम धर्म अपनाए लोगों को अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जाना चाहिए। वे जनजाति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में रविवार को आयोजित रांची के मोरहाबादी मैदान में उलगुलान आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज जाग उठा है। धर्म परिवर्तित लोगों का डीलिस्टिंग तो होकर ही रहेगा। डीलिस्टिंग से पहले जिनको अपने मूल धर्म में घर वापसी करना है उनका स्वागत किया जाएगा। राष्ट्रीय संयोजक पूर्व मंत्री गणेशराम भगत ने कहा कि देश के 700 से अधिक जनजातियों के विकास एवं उन्नति के लिए संविधान निमार्ताओं ने आरक्षण और अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया था लेकिन इन सुविधाओं का लाभ अधिकतर वे लोग उठा रहे हैं, जो अपनी रूढ़ि प्रथा छोड़कर ईसाई एवं मुस्लिम बन गए हैं। इन सुविधाओं का 80 प्रतिशत लाभ मूल जनजाति समुदाय से छीन रहे हैं। जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक राजकिशोर हांसदा ने कहा कि सरकार से हमारी मांग है कि धर्मान्तरित व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति का आरक्षण की सुविधा नहीं मिले। पूर्व न्यायाधीश प्रकाश सिंह उईके ने कहा कि भीमराव अंबेडकर ने संविधान अनुच्छेद-341 में अनुसूचित जाति के लिए व्यवस्था की है कि जो अनुसूचित जाति के लोग मुस्लिम और ईसाई धर्म ग्रहण करेंगे। उसे अनुसूचित जाति का लाभ नहीं मिलेगा। जब मुस्लिम और ईसाई बनने पर अनुसूचित जाति की पहचान मिट जा रही है तो आदिवासी की पहचान भी ईसाई और मुस्लिम धर्म में जाने पर मिट जाती है। जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय केन्द्रीय टोली सदस्य सत्येन्द्र सिंह खेरवार ने कहा कि डीलिस्टिंग, डॉ कार्तिक उरांव के व्यथित मन की वेदना और देशभर के 12 करोड़ परम्परागत जीवन व्यतीत करने वाले जनजातियों का कराहती हुई आवाज है। धर्मांतरित ईसाई 75 वर्षों से जबरन अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण का 80 प्रतिशत लाभ लगातार लेते आ रहे हैं जबकि ईसाइयों को एसटी आरक्षण में कोई अधिकार नहीं है। ईसाई तो अल्पसंख्यक है। धर्मांतरित ईसाई जनजाति आरक्षण की सूची में कभी नहीं रहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार से जनजाति सुरक्षा मंच आह्वान करता है कि डॉ कार्तिक उरांव और संयुक्त संसदीय समिति के सिफारिश को मानकर धर्मांतरित ईसाईयों को अनुसूचित जनजाति आरक्षण की सूची से डीलिस्टिंग किया जाय। इससे 12 करोड़ परम्परागत जीवन व्यतीत करने वाले जनजातियों का जीवन एवं रोजी-रोटी जुड़ा हुआ है। रैली को मेघा उरांव, जगलाल पाहन, संदीप उरांव, ललिता मुर्मू, जगरनाथ भगत, सन्नी उरांव, आरती कुजूर, रोशनी खलखो, देवव्रत पाहन, मनोज लियांगी, हिन्दुवा उरांव, अंजली लकड़ा, राजू उरांव ने संबोधित किया।





- संबंधित खबर पेज नं. 11 पर


# अलविदा 2023: सरकार के वो फैसले जो बनीं सुर्खियां



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हेमंत सरकार ने साल 2023 में कई ऐसे फैसले लिए जो काफी सुर्खियों में रहीं। सुर्खियां ऐसी वैसी नहीं बल्कि इसकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होने लगी। राजनीतिक मायनों से काफी महत्व रखने वाले इस फैसले के आने के बाद कई बार टकराव की स्थिति भी बनती दिखी। सत्ता पक्ष और विपक्ष कुछ मुद्दों पर उलझते दिखे। इन फैसलों में ओबीसी आरक्षण संबंधी 2022 के बिल को राजभवन द्वारा लौटाए जाने के बाद सत्तापक्ष राजभवन पर निशाना साधती रही। हाल ही में संपन्न विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार ने एक बार फिर सदन से इस बिल को पास कराकर राजभवन को दोबारा भेजा है। ओबीसी आरक्षण के अलावा किन्नर को ओबीसी सूची में शामिल किए जाने के फैसले पर सरकार को आलोचना झेलनी पड़ी। कई ओबीसी संगठन द्वारा इसका विरोध किया जाता रहा। थर्ड जेंडर समुदाय के कुछ संगठन ने भी इसके खिलाफ मुखर हुए। इस साल बिहार में हुए जाति आधारित सर्वे के बाद झारखंड में भी इसकी मांग जोर पकड़ने लगी। आखिरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में जाति आधारित सर्वे कराने की घोषणा की गई। झारखंड सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय जो बनी 2023 में सुर्खियां: 2022 में विधानसभा से पारित ओबीसी आरक्षण संबंधी बिल को राजभवन ने लौटाया, शीतकालीन सत्र 2023 में फिर से पारित कर सरकार ने राजभवन को भेजा। झारखंड में किन्नरों को ओबीसी सूची में लाने का हेमंत सरकार का फैसला। झारखंड सरकार के पांच पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, रणधीर कुमार सिंह, डॉ नीरा यादव, लुईस मरांडी और नीलकंठ सिंह मुंडा के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में एसीबी में पीई दर्ज करने का फैसला हेमंत सरकार द्वारा लिया गया। शहरी क्षेत्र में अपने निजी जमीन पर पेड़ लगाने पर प्रति वृक्ष पांच यूनिट बिजली फ्री देने का निर्णय। ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

# संसद कांड के आरोपियों को एंट्री पास देने वाले भाजपा सांसद ने तोड़ी चुप्पी

**मैसूर (एजेंसी)।** भाजपा के लोकसभा सदस्य प्रताप सिम्हा ने रविवार को संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले पर बोलते हुए कहा कि लोग 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान तय करेंगे कि वह देशभक्त है या देशद्रोही है। घटना और जांच के संबंध में कुछ बताए बिना उन्होंने कहा कि वह अपने खिलाफ लगाए गए कथित देशद्रोही आरोपों पर फैसला भगवान और अपने प्रशंसकों पर छोड़ देंगे। मालूम हो कि जो प्रदर्शनकारी 13 दिसंबर को लोकसभा कक्ष में घुस गए थे, वे सिम्हा के कार्यालय की सिफारिश पर जारी किए गए पास पर संसद में दाखिल हुए थे। सिम्हा ने कहा, चाहे प्रताप सिम्हा देशद्रोही हो या देशभक्त, ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर



**लोग तय करेंगे मेरा फैसला**

मीडिया से बात करते हुए एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, लोग ही हैं, जिन्हें अंततः निर्णय देना है। वे तय करेंगे कि मैं एक देशभक्त हूं या नहीं। मैं इसे उनके निर्णय पर छोड़ता हूं। मेरे पास इसके अलावा कहने के लिए कुछ नहीं है।

### ओडिशा में आईईडी विस्फोट में एसओजी के दो जवान घायल

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा पुलिस के विशिष्ट कमांडो बल स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) के दो कर्मी रविवार को ओडिशा के सिरला जंगल में वामपंथी उग्रवादियों के खिलाफ तलाशी अभियान के दौरान एक आईईडी विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल कर्मियों की पहचान अमिया दास और प्रशांत जेना के रूप में की गई है। एसपी सुवेंदु कुमार पात्रा ने आईएएनएस को बताया कि एसओजी के जवान पिछले तीन दिनों से इलाके में तलाशी अभियान में लगे हुए थे। रविवार सुबह करीब 10 बजे एक पेड़ पर लगे आईईडी में विस्फोट हो गया और हमारे दो कमांडो घायल हो गए।

# इंसास सहित पांच राइफल के साथ जेजेएमपी का सदस्य गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के एक सदस्य मनोज राम को उसके घर दुर्जन से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक इंसास राइफल, इंसास राइफल का एक मैगजीन, 315 बोर के चार राइफल, 315 बोर के चार मैगजीन, 315 बोर की चार गोली सहित अन्य सामग्री बरामद की है। उक्त जानकारी एसपी दीपक कुमार पांडे ने पुलिस केंद्र स्थित रक्षित केंद्र में प्रेस वार्ता कर दी है।



एसपी ने बताया कि 17 दिसंबर को रका थाना क्षेत्र की ढेंगुरा गांव के जंगल में जेजेएमपी और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई थी। जेजेएमपी के एरिया कमांडर टुनेश उरांव की दस्ताने रंका थाना प्रभारी पर फायरिंग की थी, जिसमें रंका थाना प्रभारी को गोली लगी थी। इसके बाद पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। छापामारी के पहले चरण में शिव पूजन भूईहर को एके-47 के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद से पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मनोज राम अपना घर आया हुआ है। सूचना के आधार पर रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में मनोज के घर दुर्जन गांव में छापेमारी की गई, जहां से मनोज को गिरफ्तार किया गया। मनोज से पुलिस ने शक्ति से पूछताछ की तो उसकी निशानदेही पर ढेंगुरा एवं वैदिसी के बीच डुमरिया नाला के पास स्थित एक पत्थर की खोह में छुपाकर रखे उक्त हथियार को जब्त किया। एसपी ने बताया कि इंसास राइफल पुलिस से छीना हुआ बताया जा रहा है। आगे का अनुसंधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त मुठभेड़ में जेजेएमपी के पांच सदस्य शामिल थे, जिनमे दो लोगों की गिरफ्तारी अब तक हो चुकी है। एक सदस्य को गोली लगी है। इसके लिए वह कहीं छुपकर इलाज करा रहा है। जल्दी अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया जाएगा। प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार, ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# बड़ा दिन को ही जन्मे वाजपेई के अंदर था एक बड़प्पन



**सुनील बादल**

**आज** भाईचारे और प्यार का संदेश देने वाले प्रभु यीशु मसीह का जन्म दिन यानी बड़ा दिन है जिन्होने अपने पड़ोसियों से अपने समान प्यार करने का संदेश दिया था और आज ही कवि, पत्रकार, राजनेता से प्रधानमंत्री बने अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है जिनके स्वभाव में ही बड़प्पन था। हर साल इस दिन को भारत में सुशासन दिवस के तौर पर मनाया जाता है। राजनीति में उनकी अपनी वैचारिक संबद्धता के बावजूद उनको अन्य पार्टियों के लोग भी पसंद करते थे। उनमें एक अनूठा गुण यह था कि वह अपने प्रतिद्वंद्वियों की भी प्रशंसा करते थे। एक बहस के दौरान इंदिरा गांधी की तुलना देवी दुर्गा से की थी और बाद में इंदिरा गांधी ने तत्कालीन विपक्ष के नेता अटल बिहार वाजपेयी को भेजा यूएन की महासभा में देश का पक्ष रखने भेजा था।

राष्ट्रीय हित के मामलों में वे अपनी आलोचना को भी विनम्रता से स्वीकार करने में सहृदय की भावना रखते थे। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कहा था, वाजपेयी में देश का महान नेता बनने का माद्दा है, क्योंकि इनके लिए देश एक मंदिर के समान है। अवसर देखकर विचार नहीं बदलते थे और वे कभी भी आदर्शात्मक राजनीतिक से विचलित नहीं हुए। वह एक सच्चे लोकतंत्र वादी और देशभक्त थे। राष्ट्रीयता और देशभक्ति की भावना उनमें कूट-कूट कर भरी हुई थी, जो बहुत ही प्रेरणादायक थी। उनका मानना था कि पार्टी, पावर और पद की राजनीति स्थायी नहीं। राष्ट्र और लोकतंत्र ही महत्वपूर्ण और शाश्वत हैं। उन्होंने सदैव राष्ट्र और लोकतंत्र को जाति, रंग, पंथ, धर्म और क्षेत्रीय के संकीर्ण विचारों से ऊपर रखा। उनका विचार था कि राजनीति का केंद्र बिंदु राष्ट्र का विकास होना चाहिए, जिसमें सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर चलना चाहिए। भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक वाजपेयी ने सद्भावना और आपसी विश्वास के आधार पर समावेशी राजनीति को निरंतर बढ़ाने का प्रयास किया, ताकि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया हमेशा बरकरार रहे। जब लालकृष्ण आडवाणी को बिहार में रथयात्रा के दौरान गिरफ्तार किया गया, तब एक सप्ताह तक संसद की कार्यवाही बाधित रही, लेकिन फिर वाजपेयी ने संसदीय बैठक में कहा कि राजनीतिक लड़ाई संसद के बाहर होनी चाहिए। राजनीतिक शासन के प्रति उनका दृष्टिकोण इतना समावेशी व स्पष्ट था कि विपक्षी दलों को भी सरकार का हिस्सा होने का अहसास होता था। वे कहते थे कि संसद बहस, संवाद और चर्चा के लिए एक प्लेटफार्म है, किसी भी तरह की लड़ाई या हाथापाई के लिए नहीं।



1998 में पोखरण परीक्षण के बाद अमेरिका सहित अन्य देशों द्वारा व्यापारिक, सामरिक व प्रतिबंध लगाने वाले बयानों से वह परेशान नहीं हुए। इस सबके बावजूद विभिन्न देशों से व्यापार संबंधों में सुधार किया और चीन के साथ क्षेत्रीय विवादों को भी कम किया। मिसाइलमैन से राष्ट्रपति बने महान व्यक्तित्व के डॉ एपीजे अब्दुल कलाम उनके प्रिय मित्र थे जिनके साथ उन्होने भारत के लिए बहुत कुछ किया। प्रधानमंत्री के रूप में स्वर्ण चतुर्भुज की कल्पना को साकार करने वाली सड़कों के बाद रेल और हवाई संपर्क में सुधार कर ढांचागत सुविधाओं को मजबूती प्रदान की। नदियों को जोड़ने की उनकी योजना से बाढ़ और सुखाड़ की एक साथ त्रासदी झेलते देश में क्रांति लाई जा सकती थी। वाजपेयी का मानना था कि सरकार के असली मायने तभी हैं, जब वह धरातल पर लोगों को तुरन्त लाभ पहुंचाए, जिससे लोगों को प्रत्यक्ष रूप से फायदा मिले। बतौर प्रधानमंत्री उन्होंने यह करके भी दिखाया। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बेहद नम्र इंसान थे और वह अंहकार से कोसों दूर थे। उनके निधन पर तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा था, पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी में अहंकार ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

# भारतीय ओलंपिक संघ बनाए कुश्ती फेडरेशन के लिए पैनल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को चलाने के लिए एक अस्थायी पैनल बनाने के लिए कहा है। मालूम हो कि कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के महासंघ का अध्यक्ष चुने जाने के बाद साक्षी मलिक व बजरंग पुनिया ने विरोध जताया था। साक्षी ने रोते हुए कुश्ती से संन्यास की घोषणा कर दी जबकि बजरंग प्रधानमंत्री आवास के सामने अपना पद्मश्री पदक फुटपाथ पर रख कर चले आए थे। बढ़ते विवाद को देखते हुए सरकार ने नवगठित भारतीय कुश्ती महासंघ को निलंबित कर दिया था। उसके कुछ घंटों बाद केंद्र सरकार ने भारतीय ओलंपिक संघ से कुश्ती संस्था को चलाने के लिए पैनल बनाने को कहा है। बता दें बृजभूषण शरण सिंह पर भारत के शीर्ष पहलवानों ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से एथलीट चयन की प्रक्रिया सहित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के मामलों की देखरेख और संचालन के लिए एक एड-हॉक कमेटी बनाने को कहा है। केंद्र ने कहा, डब्ल्यूएफआई के पूर्व पदाधिकारियों के प्रभाव और नियंत्रण से उत्पन्न मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए, डब्ल्यूएफआई के शासन और अखंडता के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं। इसके लिए खेल संगठनों में ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### लोस गौरव दलित मिलन समारोह का आयोजन

**पाटन।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी दलित प्रकोष्ठ के द्वारा पलामू लोकसभा गौरव दलित मिलन समारोह का आयोजन पलामू जिले के प्रखंड पाटन में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष केदार पासवान एवं विशिष्ट अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक उपस्थित हुए। दलित प्रकोष्ठ मिलन समारोह में पलामू जिले के दलित वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा। मौके पर लोस चुनाव में हिस्सेदारी लेने का संकल्प लिया। मौके पर प्रमुख रूप से शमीम अहमद राज, शैलेश मेहता, मुन्ना दुबे, रंजीत बाबरी, इंद्रदेव बैठा, कमलेश दुबे, राकेश दुबे, राजेश पाल, संजय पासवान, अभय पांडे, शशिकांत लाल पासवान, रंजीत पासवान, रविंद्र पासवान, सुनील तिवारी व भवनाथ राम इत्यादि मौजूद थे।

### एम पब्लिक स्कूल के बच्चे निकले शैक्षणिक भ्रमण पर

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज से सटे छकनबाग स्थित एम पब्लिक स्कूल के 70 छात्र-छात्राएं सुरक्षित बस से शैक्षिक भ्रमण पर निकले। इस संबंध में स्कूल के प्रधानाचार्य परवेज आलम ने बताया कि बच्चें सुरक्षित बस से शैक्षणिक भ्रमण के लिए सासाराम शेरशाह का मकबरा, ताराचंडी मुंडेश्वरी सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण किए, वही विद्यालय के प्रधानाचार्य परवेज आलम ने बताया कि समय-समय पर ऐसे आयोजन से बच्चों में किताबी ज्ञान के अलावा भी बाहरी ज्ञान अर्जित करने में सहायक सिद्ध होगा। इस भ्रमण यात्रा में शिक्षक उज्जवल सिंह, सचिन ठाकुर, जागृति, तनु ब्यूटी, रिया कुमारी सहित कई छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### क्षतिग्रस्त सड़क से दुर्घटना का अंदेशा

**सतबरवा।** सदर प्रखंड के लहलहे से पावर ग्रिड तक निर्मित पीएससी सड़क व मलय नदी पर पुल निर्माण में घटिया सामग्री लगाने की वजह से सड़क व पुल गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गये हैं। इससे भीषण हादसे की प्रबल संभावना बनी हुयी है। ग्रामीणों ने बताया कि पीएससी सड़क एवं मलय नदी पर पुल का निर्माण ग्रामीण विभाग द्वारा वर्ष 2016-17 में कराया गया था। निम्न गुणवत्ता की सामग्री लगाये जाने के कारण करोड़ों की लागत से निर्मित पीसीसी सड़क एवं पुल निर्माण के कुछ दिन बाद ही क्षतिग्रस्त हो गये। इंटक के प्रदेश सचिव विवेकानंद त्रिपाठी ने इसकी शिकायत ट्विटर के माध्यम से झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पलामू उपायुक्त, पावर ग्रिड व सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी को दी है। उन्होंने अवगत कराया है कि सड़क से होकर भारी संख्या में छात्र-छात्राओं की भी आवाजाही होती है। ऐसे में सड़क व पुल का अनुरक्षण कराया जाना निहायत जरूरी है।

### जमुने में राष्ट्रीय किसान दिवस सह गोष्ठी का आयोजन

**मेदिनीनगर।** कृषि विभाग द्वारा सदर प्रखंड के जमुने में किसान दिवस सह किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मेदिनीनगर के बीटीएम सुमित कुमार वर्मा ने किसानों को कृषि तकनीक, कृषि उपकरण और मशीनरी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तकनीक के उपयोग से समय एवं श्रम की बचत होती है और फसलों के उपज में भी वृद्धि होती है। पंडवा के बीटीएम अमित कुमार ने किसान उत्पादक संगठन के गठन, झारखंड फसल राहत योजना, मिट्टी नमूना जांच एवं नैनो यूरिया के उपयोग से संबंधित विधि एवं उसके फायदे के बारे में जानकारी दी।

# अपनी ही जमीन पर दखल कब्जा दिलाने की उपायुक्त से लगायी गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तूरी पंचायत के बरवाडोहरी निवासी युगेश यादव ने अपने ही जमीन पर दखल कब्जा दिलाने की गुहार उपायुक्त पलामू से लगायी है। इस मामले को लेकर ग्रामीण युगेश यादव ने हरिहरगंज अंचलाधिकारी, एसडीओ छतरपुर, उपायुक्त पलामू से गुहार लगायी है। इससे पहले युगेश यादव ने नीचे स्तर के अधिकारियों से लेकर ऊपर के पदाधिकारियों से दखल कब्जा कराने की पहले भी गुहार लगा चुके हैं। उन्होंने बताया कि बरवाडोहरी गांव स्थित खाता 10, प्लॉट 182 रकबा 110डी. में 55 डी. जमीन मेरे हक में है, जिसका केवाला पिछले कई साल पहले हुआ है, साथ ही दाखिल खारिज हो गया है। जबकि रसीद भी कट चुका है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त जमीन पर कुछ लोगों द्वारा विवाद उत्पन्न किया जा रहा है। जबकि उपायुक्त पलामू के निर्देश पर एसडीओ द्वारा नोटिस भी जारी किया जा चुका है। साथ ही उन्होंने कहा कि उक्त जमीन का सभी जरुरी कागजात मेरे पास उपलब्ध है। बावजूद दखल कब्जा नहीं करने दिया जा रहा है। जबकि दूसरे पक्ष द्वारा एक दिव्यांग महिला को आगे करके मामलों को उलझाया जा रहा है।


मांग करते युगेश यादव

### लगा डिज्नीलैंड मेला, बीडीओ ने किया उद्घाटन

**पाटन।** पाटन के किशुनपुर चनेया बाजार पर डिज्नीलैंड मेला का आयोजन किया गया है जिसका उद्घाटन बीडीओ अमित कुमार झा, सी ओ दीपक कुमार मिश्रा, किशुनपुर मुखिया सुमन गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य संतोष उपाध्याय, ओपी प्रभारी कुमार नीरज ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया गया। उद्घाटन के मौके पर बीडीओ अमित कुमार झा ने बताया की ग्रामीण क्षेत्रों में झूलन, डिज्नीलैंड मेला लगने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का मनोरंजन का केंद्र है।इस मेले का बच्चे भरपूर लुफ्त उठाएंगे।

# चला वाहन चेकिंग अभियान,11 चार पहिया वाहन जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला- हैदरनगर मुख्य सड़क के पटेल चौक के समीप पलामू जिला मोटर वाहन निरीक्षक लालबिहारी यादव के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें एक ट्रैक्टर व दस पिकअप वाहन समेत 11 वाहनों को जब्त किया गया। उक्त वाहनों को कागजात पूरी नहीं रहने पर जब्त सभी वाहनों को एमभीआई ने हुसैनाबाद थाना को सुपूर्द कर दिया है। जब्त कुछ पिकअप वाहनों में ओवरलोड भूसा व धान लदा हुआ है। एमवीआई लालबिहारी यादव ने बताया कि यह चेकिंग अभियान आगे भी चलता रहेगा। गाड़ी मालिक और चालक कागजात के साथ वाहन चलाएं। ताकि आगे परेशानी नहीं हो । हुसैनाबाद में कुल 11 गाड़ियों को जब्त कर हुसैनाबाद थाना को सौंप दिया गया है।


चेकिंग अभियान में जब्त चारपहिया वाहन

## सरकार आपके द्वार शिविर में जमीन से जुड़े कार्यों का भी हो रहा निपटारा

# ऑन स्पॉट रामसेवक व सुनील का लगान रसीद निर्गत

**लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण, जॉब कार्ड का वितरण, कई लाभुकों का पेंशन निर्गत किया गया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगाये जा रहे शिविर में योजनाओं के लाभ के साथ-साथ लोगों के जमीन से जुड़े कार्यों का भी निष्पादन किया जा रहा है। चैनपुर के कंकारी में रविवार को लगाये गये शिविर में रामसेवक ठाकुर का लगान रसीद ऑनलाइन ऑन स्पॉट निर्गत किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि बहुत दिनों से लगल थे रसीद नहीं कट रहा था, लेकिन शिविर में तत्काल रसीद कट गया। इसी तरह सुनील ठाकुर ने बताया कि मेरे पिताजी के नाम से म्युटेशन था, लेकिन रसीद नहीं कट पाया था, शिविर में अप्लाई किये तुरंत काम हो गया। इधर इस शिविर में कंकारी के चंदन और प्रियंका को मिला निःशुल्क साइकिल वितरण योजना का लाभ प्रदान किया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त कई लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण, जॉब कार्ड का वितरण, कई लाभुकों का पेंशन निर्गत किया गया। कंकारी में आयोजित शिविर में अवकाश रहने के कारण लोगों की भागीदारी काफी अधिक देखी गयी। इस दौरान सबसे अधिक भीड़ स्वास्थ्य जांच काउंटर,आधार काउंटर व अबुआ आवास के काउंटर पर देखी गयी।मौके पर चैनपुर बीडीओ नितेश भास्कर व सीओ संजय बाखला समेत बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।


शिविर में लगी भीड़

### युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने किया पाटन का दौरा

**पाटन।** दिन रविवार को छतरपुर पाटन विधानसभा के ग्राम भिकहिपलवा में गौरव दलित समारोह का आयोजन हुआ इसमें मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष दलित प्रकोष्ठ केदार पासवान उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि छतरपुर विधानसभा कांग्रेस पार्टी द्वारा लड़ा जायेगा। यहां के क्षेत्रीय विधायक जो लुटने का कार्य कर रहा है। वह छतरपुर विधानसभा की जनता देख रही है और इस बार मुंह तोड़ जवाब देगी। कांग्रेस पार्टी को छतरपुर विधानसभा से भारी बहुमत से विजय दिलायेगा। कांग्रेस पार्टी की भावी उम्मीदवार अशोक पासवान दलित प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सभा में मौजूद रहे। युवा जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, राकेश दुबे सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# ऋषिकेश बने झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के ऋषिकेश सिंह को प्रदेश प्रवक्ता का पद मिलने पर हुसैनाबाद में कांग्रेसियों ने जश्न मनाया व हर्ष व्यक्त किया है। कांग्रेसियों ने बताया कि रांची विश्वविधालय से छात्र राजनीति की शुरूआत कर झारखंड एन. एस.यू.आई. के प्रदेश उपाध्यक्ष, सबसे ज्यादा मतों से झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बनने वाले और कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 3500 कि.मी. की पैदल यात्रा करने वाले भारत यात्रा ऋषिकेश सिंह को झारखंड प्रदेश कांग्रेस का प्रदेश प्रवक्ता का पद दिया गया है। ऋषीकेश सिंह पूर्व में झारखण्ड कांग्रेस के वाररूम में चुनाव प्रचार का संयोजन भी कर चुके हैं। साथ ही अखिल भारतीय कांग्रेस के दिल्ली स्थित चुनाव वार रूम में भी काम कर चुके हैं। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटि के महासचिव सत्यनारायण सिंह, प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नवल किशोर पाठक, हसनैन जैदी, मसरूर जी, गुप्तेश्वर पांडेय, लल्लू सिंह, शंभु सिंह, अवधबिहारी सिंह,अर्जुन सिंह, रंजीत पासवान, मोजीबुद्दीन खान उर्फ गुड्डू, नदीम खान, कमल पासवान, महताब खान, फिरोज खान, अरशद हुसैन और वरिष्ठ कांग्रेसियों ने ऋषीकेश सिंह को प्रदेश प्रवक्ता बनने पर बधाई दी है।

# कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट मैच में पेनाल्टी शूटआउट में मोकहर कला ने पथरा को1-0 से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कर्नल कप फुटबॉल मैच में रविवार को पथरा बनाम मोकहर कला टीम के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। दोनों टीमों को कई मौके मिले, लेकिन गोल करने में कामयाब नहीं हो सकी। अंततः फैसला पेनाल्टी शूटआउट में हुआ जिसमें मोकहर कला ने पथरा को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल के दौर को और रोमांचक बना दिया है। इस ग्रुप में बभंडी और मोकहर कला संयुक्त रूप से टॉप स्थान पर काबिज हैं। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम का फैसला बभंडी और पथरा के बीच खेले जाने वाले मैच के बाद ही हो सकेगा। इस मैच के पूर्व महशूर फुटबॉलर व क्लब के अध्यक्ष माणिक चन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों का परिचय लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मैच में मुख्य निर्णायक के भूमिका में सुदय सिंह एवं सहायक लाइंसमैन में प्रदीप कुमार तथा मुकेश कुमार ने योगदान दिया। जबकि गोल जज के रूप में जय कुश सिंह और पूर्व खिलाड़ी नेहाल मिर्जा मौजूद थे। इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक विजय सिंह, अधिवक्ता राकेश सिंह, पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर, भोला पासवान, महेंद्र वर्मा,रामजवित पासवान, मुरारी सिंह, हीरा सिंह, शिक्षक जगदीश राम,अजय सिंह, सुदेश प्रजापति, विजय प्रजापति, योगेन्द्र सिंह एवं शुभम सिंह सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में सोमवार का मैच मंझौली बनाम पतरिया के बीच खेला जाएगा।



## जमीन के रिमोटेशन व ऑनलाइन त्रुटि में सुधार की मांग

# ग्रामीणों ने मंत्री समेत अधिकारियों को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद में शहरी क्षेत्र में लगान रसीद न कटना एवं ग्रामीग क्षेत्र में अंचल कार्यालय हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज द्वारा

**जल्द सुधार नहीं हुआ तो जनहित याचिका दायर करेंगे जमीन मालिक**

रिमोटेशन (नामांतरण) एवं ग्रामीण क्षेत्र का त्रुटिपूर्ण ऑनलाइन पंजी टू को दुरुस्त कर लगान रसीद नहीं कटने से क्षेत्र के लोगों ने संबंधित मंत्री समेत उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि वर्षों से नगर पंचायत हुसैनाबाद में रसीद नहीं काटा जा रहा है। तथा ग्रामीण क्षेत्र की भूमि का मोटेशन व रिमोटेशन नहीं हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र की भूमि का राजस्व रसीद कटवाने के लिए राजस्व कर्मचारियों को चढ़ावा चढ़ाना पढ़ रहा है। इससे एक तरफ आम लोग परेशान हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। जिले में बैठे अधिकारियों के पास शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। ग्रामीण क्षेत्रों के रजिस्टर टू का ऑनलाइन इंट्री पूरी तरह त्रुटिपूर्ण है। इसकी वजह गांव में आये दिन मारपीट की घटनाएं हो रही हैं। भूमि के नामांतरण के लिए लोग सालों से अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। हल्के के राजस्व कर्मचारियों का मनमानी रवैया इतना बढ़ गया है कि बिना पैसा कोई काम करने को तैयार नहीं हैं। शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जमाबंदी (एलपीसी) बनाने में भी आम जनता को परेशान किया जा रहा है। जबकि राजस्व रसीद कटवाने के लिए लोग सालों से अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। हुसैनाबाद क्षेत्र में नया खात प्लौट से केवाला रजिस्ट्री होकर मोटेशन (नामांतरण) के लिए ऑनलाईन कराने के बाद भी राजस्व कर्मचारी, अंचल निरीक्षक व अंचलाधिकारी द्वारा एक माह में मोटेशन (नामांतरण) स्वतः हो जाना चाहिए, मगर उसे रद्द कर वापस कर दिया जाता है। यह जांच का विषय है। इस पर जांच होना चाहिए। लोगों ने कहा है कि अंचल कार्यालयों में सुधार नहीं होता है,तो शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के भूमि मालिक मामले को लेकर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करने को बाध्य होंगे। मांग करने वालों में किसान घूरा प्रसाद पाल,अर्जुन सिंह, जुल्फीकार अली, फरीद खान , राजेंद्र चौधरी, कृष्ण मोहन सिंह समेत कई लोगों का नाम शमिल है।

# पहाड़ व नदियों को बर्बाद कर रहे माफिया: रविंद्र


बैठक करते ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** पलामू जिले के पिपरा प्रखंड में पत्थर का अवैध खनन धड़ल्ले से चल रहा है। यहां से बिहार, झारखंड, बंगाल, उत्तर प्रदेश राज्यों तक ट्रक व हाईवे से पत्थर भेजा जाता है। अवैध खनन से बांस दोहर नदी और तालाब के अस्तित्व लगभग मिट चुका है। प्राकृतिक के इस दोहन में जवाब देह में स्थानीय दबंग भी शामिल है। यहां पत्थर माफियाओं द्वारा स्थानीय लोगों का भी सहयोग लेते हैं। इसे लेकर पिपरा प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, एनसीपी के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजनकिया गया। बैठक के बाद माइंस तथा क्रेशर माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से क्रेशर संचालक फॉरेस्ट का दोहन व बांस दोहर नदी के अस्तित्व के खतरे के विरोध में ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन पलामू उपायुक्त, पलामू डीएमओ, छतरपुर अनुमंडल अधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पीपरा को देकर नियम संगत कार्रवाई करने की मांग की है। मौके पर कहा गया कि ब्लास्टिंग का समय निर्धारित नहीं है। इस कारण भी दुर्घटना होती रहती है। माइंस में सुरक्षा मानको का सही रूप से पालन नहीं किया जाता है। बैठक में 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष हरिवंश पासवान, जिला सचिव सह इंटर अध्यक्ष भगवती सिंह, युवा प्रखंड अध्यक्ष सुनील सिंह, रामप्रवेश भुइयां, हरि भुइयां, सुशील सिंह, पिंटू, सुरेश शर्मा, अभय सिंह, कमलेश प्रजापति, डॉ. दशरथ सिंह, संजय सिंह, विवेक, बच्चन, विमल, सीताराम, शिवचरण, मिंटू , प्रिंस सहित बड़ी संख्या में एनसीपी कार्यकर्ता शामिल थे।

## जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार कार्यक्रम का सकारात्मक परिणाम

# सुठा पंचायत में एक साथ हाथों-हाथ 26 लाभुकों का पेंशन स्वीकृत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।कार्यक्रम के तहत जिले के सुदूरवर्ती पंचायतों में लगाए जा रहे शिविरों के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।इसी क्रम में शनिवार को पाटन प्रखंड अंतर्गत सुठा पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एक साथ हांथों-हाथ 26 लाभुकों का पेंशन स्वीकृत किया गया।जिसमें 22 वृद्धा पेंशन,3 विधवा पेंशन व एक दिव्यांग पेंशन शामिल है।जब लाभुकों को बीडीओ अमित कुमार झा द्वारा बताया गया कि अगले महीने से उनके खाते में राशि चली जाएगी तो उनकी खुशी का ठिकाना ना रहा।इसके अलावे कई लोगों के बीच जॉब कार्ड,धोती-साड़ी का वितरण भी किया गया।सुठा के शिविर में अबुआ आवास के लिये 250 से अधिक आवेदन प्राप्त किये गये वहीं 137 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। मौके पर पाटन सीओ दीपक मिश्रा समेत स्थानीय पंचायत की मुखिया समेत बड़ी संख्या में लाभुक मौजूद रहे।


शिविर में मौजूद लोग

### दंगवार में मकर संक्रांति मेला को लेकर बैठक, मेला कमिटी का गठन

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के दंगवार सोननदी तट स्थित सूर्य मंदिर परिसर में मकर संक्रांति मेला समिति व ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मनोज कुमार गुप्ता ने की । बैठक में पूर्व की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से मकर संक्रांति के अवसर पर मेला आयोजन पर विचार विमर्श की गई। शांति पूर्ण संचालन के लिए मेला समिति का गठन किया गया। जिसमें वकील सिंह को अध्यक्ष, विवेक गुप्ता को उपाध्यक्ष, मनोज कुमार गुप्ता को सचिव,राजकुमार मेहता को उप सचिव,संतलाल चौधरी को कोषाध्यक्ष, राकेश कुमार चौधरी को उप कोषाध्यक्ष, प्रमोद पासवान व सुमन्त बैठा को व्यवस्थापक,मुखिया अमरेंद्र ठाकुर,हसन खलीफा,देव नारायण चौधरी, संतोष राम को मुख्य सचेतक के रूप मे मनोनीत किया गया। बैठक के उपरांत उक्त मेला के अवसर पर सांस्कृतिक दुगोला के साथ-साथ मीना बाजार,झूला आदि आयोजन पर भी चर्चा की गई।

### बैरांव में आपकी योजना, आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**हुसैनाबाद।** सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे। योजनाओं का लाभ लोगों को मिले। इस दिशा में हमसभी पंचायत प्रतिनिधि प्रतिबद्ध हैं। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजन से लोग लाभांवित हो रहे हैं। ये बातें बैरांव पंचायत के मुखिया आत्मेश कुमार सिंह ने कही है। वे रविवार को पंचायत स्थित सचिवालय भवन में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बालविकास परियोजना, कल्याण विभाग समेत अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए। शिविर में 15 गैस, 5 साइकल, 400 पशुधन योजना व 150 राशन कार्ड का लाभ लोगों को दिया गया। इसके पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी, हुसैनाबाद दक्षिणी जिला परिषद सदस्य रेणु देवी, प्रमुख राजकुमारी देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य मदन पासवान, समाजसेवी अशोक मेहता, मुखिया अमरेंद्र कुमार ठाकुर, नरेश पासवान, श्रवण राम आदि ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया।

### व्यापार संगठन ने डीसी को बतायी जाम की समस्या

**मेदिनीनगर।** फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के संयोजक रंजीत कुमार मिश्रा अपनी टीम के साथ डीसी पलामू से मिलकर अस्पताल चौक से कचहरी चौक तक भीषण जाम के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रति उनका ध्यान आकृष्ट कराया। अनूप प्रियदर्शी ने बताया कि रोड से सटे बिना काम के पड़े हुए बीएसएनल खंबे को हटाना अति आवश्यक है। इससे रोड की चौड़ाई बढ़ जाएगी। सुमित पाठक ने बताया कि फॉरेस्ट ऑफिस के सामने बीच रोड पर बरगद के विशाल पेड़ को अति शीघ्र हटाना आवश्यक है। इससे आये दिन बड़ी दुर्घटनायें हो रही हैं। नवीन पांडे ने बताया कि मुख्य मार्ग को पार्किंग से मुक्त किया जाये। निलेश चंद्र ने बताया कि अस्पताल चौक से कचहरी चौक तक जाम के चलते कई बार एंबुलेंस भी फंस जाता है। सड़क संकरी होने के कारण साइड से निकलने का कोई विकल्प नहीं बच पाता। उपायुक्त ने सभी की बातों को ध्यान से सुनकर आश्वस्त किया कि नये वर्ष में मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त एवं जाम मुक्त किया जायेगा।

### सिलाई मशीन वितरण में करोड़ों का गोलमाल : ओंकार नाथ

**सगालीम ।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता महिला समूहों के बीच जो सिलाई मशीन का वितरण कर रहें हैं, उसकी खरीदारी की राशि जनता के बीच सार्वजनिक करें। क्योंकि विधायक कोटे की राशि से खरीदी गई सिलाई मशीन में करोड़ों रुपए का गोलमाल का अंदेशा नजर आ रहा है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सह पांकी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता ओंकारनाथ जायसवाल ने कही। वे तरहसी बाजार स्थित सुभाष चंद्र बोस चौक पर प्रेस वार्ता के दौरान बोल रहे थे। श्री जायसवाल ने कहा कि पांकी विधायक की बातों पर आम जनता ने विश्वास करना छोड़ दिया है। उनके द्वारा विधायक कोटे की राशि से महिला बहनों को सिलाई मशीन वितरण किया जा रहा है, वह स्वागत योग्य है। लेकिन उस सिलाई मशीन की खरीदारी की बिल आम जनता के बीच में वे सार्वजनिक करें। इसके साथ-साथ विधायक के द्वारा कितने समूहों को सिलाई मशीन वितरण किया गया है, उक्त सभी समूह का नाम भी आम जनता जानना चाहती है। मौके पर श्री जायसवाल के साथ आम आदमी पार्टी के संगठन मंत्री अरुण वर्मा, प्रवक्ता गौतम गुप्ता, तरहसी प्रखंड के नेता रणविजय मेहता, गौरव, अमित गुप्ता, सुमित गुप्ता, पप्पू कुमार रवि के अलावा बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता शामिल थे।



## वाहनों की गति नियंत्रित करने को लेकर पुलिस ने लगाया बैरिकेड्स

# तेज गति से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई : थाना प्रभारी

**सड़क पर चलने वाले वाहनों तथा आम लोगों की सुरक्षा को लेकर यह कदम उठाया गया है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य मार्ग के हरिहरगंज शहरी क्षेत्र में संभावित सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में हरिहरगंज थाना की पुलिस ने वाहनों की गति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र में एनएच 98 इंटरस्टेट चेकपोस्ट के अलावे तीन अन्य जगहों पर बेरिकेड्स लगाया है। इनमें प्रखंड कार्यालय गेट, मिडिल स्कूल तथा वन विभाग नाका के समीप बेरिकेड्स लगाया गया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि सड़क पर चलने वाले वाहनों तथा आम लोगों की सुरक्षा को लेकर यह कदम उठाया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि अनियंत्रित गति से चलने वाले वाहन के चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उधर शहरवासियों ने सड़क दुघर्टना पर अंकुश लगाने के लिए सघन आबादी वाले क्षेत्र में बैरिकेडस लगाए जाने पर पुलिस की इस कदम की प्रशंसा की है।


एनएच 98 वन विभाग नाका के समीप लगाया गया बैरिकेड

### रेलवे अंडर पास का निर्माण जरूरी:रूचिर

**मेदिनीनगर।** बिनुवा टोला रेलवे क्रॉसिंग के समीप रेलवे अंडर पास निर्माण को लेकर ग्राम, सुआ, बसरिया लहसुनिया, कौड़िया, चुकरी, लाली माटी, निरालाटोला, बसरिया के ग्रामीणों की बैठक सदर उप प्रमुख शीतल सिंह निराला की अध्यक्षता में हुई। संचालन अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी उपस्थित थे। बैठक में जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि व्यापक जन समस्या को देखते हुये उक्त स्थल पर रेलवे अंडर पास का निर्माण कराया जाना निहायत जरूरी है।

## एक नजर

### जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय दो दिवसीय जूनियर बालक -बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का रविवार को जीएलए कॉलेज स्टेडियम में समापन हुआ। दूसरे दिन की अंडर 16 वर्ष आयु की प्रतियोगिता में पलामू जिला के विभिन्न प्रखंडों से 150 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रकार दोनों दिन मिलाकर 300 प्रतिभागी प्रतियोगिता में शामिल हुए। दूसरे दिन के अतिथियों में ब्राह्मण उच्च विद्यालय के अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुंदरिया के शारीरिक शिक्षक सह पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार मेहता शामिल थे। खेल का संचालन ऐथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे, मोनू कुमार, प्रीति कुमारी, सतीश कुमार ठाकुर,अंकित यादव ने किया।

### नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर का आयोजन

**मेदिनीनगर।** स्वंय सेवी संगठन सेसा पलामू के द्वारा एसिलर लक्सोटिका फाउंडेशन बंगलोर के सहयोग से पंडवा प्रखंड अंतर्गत ग्राम वासु में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सेसा के कार्यपालक निदेशक डॉक्टर जसबीर बग्गा ने किया। उन्होंने बताया कि दृष्टि मनुष्य का अति आवश्यक ज्ञानंद्री है। इसलिए आंख की देख भाल आवश्यक है। दृष्टिदोष होने पर ससमय चश्मा का प्रयोग करना चाहिए। सेसा संस्था पलामू में इस वर्ष 50 शिविर के द्वारा 10000 लोगों को इलाज करने का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन रविन्द्र सिंह ने किया। शिविर मे 195 लोगो का जांच हुआ और 1155 लोगों को चश्मा दिया गया। आंख जांच अमरेंद्र कुमार, सुनील कुमार एवं श्यामसुंदर साह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में जनकधारी महतो, अजय कुमार, राखी स्विटी, बाबूलाल महतो का सहयोग सराहनीय रहा।

### कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**मेदिनीनगर।** रांची रोड दुबियाखड़ चौक के समीप स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय निदेशक सिया चरण सिंह एवं प्राचार्य ई. नंदकिशोर भारती ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में शिक्षा के विभिन्न विधाओं व को-करिकुलर एक्टिविटी तथा स्कॉलास्टिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय निदेशक श्री सिंह ने कहा कि हमारे जीवन में जितनी अहमियत हमारे माता पिता की है उतनी ही अहमियत हमारे शिक्षकों कि है। उक्त अवसर पर प्राचार्य एन.के. भारती ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में जिन शिक्षकों ने कठिन मेहनत कर शैक्षणिक गतिविधियों को एक नया आयाम देने का काम किया है उन्हें विद्यालय प्रबंधन सम्मानित कर और बेहतर करने की अपेक्षा करता है।

## दिसंबर का आखिरी सप्ताह सिख व सनातन धर्म के लिए महत्वपूर्ण है: डिम्पल

# गुरुगोविन्द सिंह की शहादत की याद में विछोड़ दिवस

**पूस की रात 6 तारीख से 13 की रात तक अर्थात 20 दिसंबर से लेकर 27 दिसंबर तक सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह का संपूर्ण परिवार धर्म और देश के लिए शहीद हो गया**



सिमरन -कीर्तन करते सिख समुदाय के लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा गुरुगोविन्द सिंह के शहादत की याद में परिवार विछोड़ दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत पिछले चार दिनों से शहर के बेलवाटिका में स्थित गुरुद्वारा साहिब की छत पर खुले आकाश के नीचे निशान साहब के पास संध्या काल में सिमरन और कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रतीक है कि दिसंबर माह का आखिरी सप्ताह सिख धर्म के इतिहास में और सनातन के लिए अधिक महत्वपूर्ण है। जानकारी देते हुए इंद्रजीत सिंह डिंपल ने बताया कि पूस की रात 6 तारीख से 13 की रात तक अर्थात 20 दिसंबर से लेकर 27 दिसंबर तक सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह का संपूर्ण परिवार धर्म और देश के लिए शहीद हो गया। 20 दिसंबर को गुरु गोविंद सिंह को आनंदपुर का किला छोड़ना पड़ा। 21 तारीख को सरसा नदी किनारे उन्होंने आशा जी दीवार और नितनेम का कीर्तन किया। 22 तारीख को चमकौर की गड़ी (किला) से लड़ाई लड़ते हुए गुरु साहब के बड़े बेटे बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह के साथ तीन पांच प्यारे और 34 सिख शहीद हो गए। 23 तारीख को दादी के साथ छोटे साहिबजादे परिवार से बिछड़ गए और गंगू ब्राह्मण के घर में शरण ली। 24 तारीख को उन्हें सरहिंद के वजीर ने कैद कर लिया और भूखे प्यासे अपने किले के सबसे ऊपर के बुर्ज पर बिना अतिरिक्त कपड़ों के उन्हें खुले आसमान के नीचे रहने को विवश किया। मात्र 9 साल और 7 साल के बच्चों के साथ उनकी बूढ़ी दादी का उस ठंड के दौरान इतनी ऊंचाई पर रहना अपने आप में सिहरन पैदा कर देता है। जब दोनों छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह विचलित नहीं हुए और धर्म परिवर्तन के लिए तैयार नहीं हुए तब मुगल सल्तनत के निर्देश पर उन्हें जिंदा दीवारों में चुनवा दिया गया। इस प्रकार एक हंसता, खेलता परिवार सनातन धर्म और देश के लिए पूर्ण रूप से शहीद हो गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय ज्ञानी सुंदर सिंह , बंटी, बॉबी, जोली, मेहर सिंह, नूरी कौर ,हनी कौर ,रश्मि कौर, सहित सैकड़ो सिख महिला व पुरुष उपस्थित थे।

#### बरवाडीह से नगर उटारी के बीच ट्रेन में चला चेकिंग अभियान

## बेटिकट 189 यात्रियों से 1 लाख 18 हजार 385 रुपये जुर्माना की वसूली



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर बरवाडीह रेलवे स्टेशन से उटारी के बीच लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों यथा अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपूंज, पलामू एक्सप्रेस में अतिविशेष टिकट चेकिंग चलाया गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाये गये विशेष चेकिंग अभियान में 189 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व 1 लाख 18 हजार 385 रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। लोग जागरूक भी हो रहे है। ज्यादातर यात्री टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं।यह बहुत अच्छी बात है। आलाधिकारियों के दिशा निर्देश पर शनिवार की रातभर लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई। जिसमें इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी। विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव, के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

## अनियंत्रित होकर पलटा टेंपो चार मजदूर गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के दुबियाखाड़ में रविवार की सुबह टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सवार करीब चार मजदूर गंभीर रूप से घायल गए। घायल सभी मजदूर सतबरवा थाना क्षेत्र के झाबर गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। घायलों में विमलेश सिंह उम्र 55, मुन्ना यादव 25,मोहम्मद इस्तेखार अंसारी 26,पूनम कुमारी उम्र 18 वर्ष का नाम शामिल है।वहीं इस घटना के बारे में घायल मजदूर विमलेश सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह उसके गांव से तीन व्यक्ति और एक महिला सतबरवा से टेंपो पर सवार होकर मेदिनीनगर मजदूरी करने जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में दुबियाखाड़ के पास टेंपो नियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सवार चारो मजदूर गंभीर से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां चिकित्सको द्वारा इलाज के बाद भी महिला पूनम कुमारी और विमलेश सिंह की स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में अपने-अपने घायल मरीजों का इलाज करवा रहे हैं।वही इस घटना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

#### शहर समेत ग्रामीण इलाके के मंदिरों में पहुंच रहा पूजित अक्षत कलश

## अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व राममय पलामू



पूजित अक्षत कलश सिर पर लिए विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश को रविवार को पांकी एवं तरहसी प्रखंड मुख्यालय बाजे -गाजे के साथ सभी मंदिरों में घुमाते हुए प्रत्येक पंचायत के विहिप समितियों को सौंप दिया गया। इधर मेदिनीनगर में पूजित अक्षत को गुरुसिंहसभा गुरुद्वारा बेलवाटीका से सप्तमातर माता मंदिर भट्ठी मोहल्ला में श्रद्धालुओं के दर्शन एवं पूजन हेतु रखा गया। इस दौरान जय श्रीराम के जयघोष एवं मंगल कलश की आरती से माहौल भक्ति मय हो गया। बताया गया कि विभिन्न मंदिर समितियों की विशेष मांग पर दो पूजित अक्षत कलश विभिन्न मंदिरों में रखा जा रहा है। एक पूजित अक्षत कलश को रविवार को गायत्री मंदिर सुदना में भी श्रद्धालुओं के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए रखा गया है। 31 दिसंबर तक इसी तरह अक्षत कलश को विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए रखा जाएगा। तत्पश्चात, 01 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक पूजित अक्षत और आमंत्रण पत्र को घर घर पहुंचाने का काम कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी गांव और पंचायत में मंदिर आधारित कार्यक्रम होंगे, और अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा को बड़े स्क्रीन पर दिखाने की व्यवस्था की जाएगी। 22 जनवरी 2024 को पूरे देश में भव्य दीपावली मनाने की भी योजना बनी है।आज के कार्यक्रम में पांकी विधानसभा के विधायक डॉ शशि भूषण मेहता, विश्व हिंदू परिषद के पलामू जिला मंत्री दामोदर मिश्र, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, जिला बलोपासना प्रमुख विकाश कश्यप, जिला उपाध्यक्ष लाला प्रसाद यादव, भाजपा नेता किसलय तिवारी, पांकी विहिप प्रखंड अध्यक्ष संस्कार सोनी, तरहसी प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, जिला सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, समाज सेविका रीना शर्मा, प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष दीपक प्रसाद, नगर मंत्री दीपक सिंह, नगर बजरंग दल सह संयोजक दिलीप गिरि समेत रमाशंकर प्रसाद, रवि तिवारी, राजा , मनीष, महेश उर्फ लालटू जी, राकेश सिंह, अविनाश राजा, युवा समाज सेवी संजय वर्मन, पांकी प्रखंड संयोजक निरंजन सिंह, बजरंगी बंटी , हिमांशु , मनजीत , अखिलेश , अक्षय , कुंदन, अनिकेश जी, प्रभात जी, पुरुषोत्तम जी, गौरव जी, विशाल , देव दीप , संतोष , मनोज, लाल जय किशोर प्रसाद, जितेश गुप्ता, अमित , अमर , भोला, गौतम और मुकेश आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आसमान में बादलों का डेरा, कनकनी में कमी, ठंड बरकरार

**मेदिनीनगर।** जिले में रविवार को भी आसमान में आंशिक बादल छाये रहे। इससे न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में पिछले दो दिनों की अपेक्षा दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। नतीजा कनकनी में कमी रही। हालांकि ठंड बरकरार है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद के अनुसार आगामी तीन चार दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। आसमान में कोहरा व आंशिक बादल रहेगा। तापमान वृद्धि या कमी की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 26डि. से. व न्यूनतम तापमान 11डि. से. दर्ज किया गया। सुबह और शाम की ठंड ने आम जन जीवन को प्रभावित किया। हालांकि क्रिसमस के उल्लास में ठंड कोई खलल नहीं डाल सका।

## आरंभ आर्य फाउंडेशन ने महिला की बचाई जान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आरंभ आर्य फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को एक गर्भवती महिला जिसकी हालत बहुत ही नाजुक बनी हुई थी, उसे संस्था के सदस्य शुभम प्रसाद ने एक यूनिट रक्त देकर मानवता का परिचय दिया। उन्होंने यह भी बताया पुराना रक्त शरीर से व्यर्थ होकर बाहर निकल जाता है। अगर हम लोग स्वेच्छा से रक्तदान करते रहेंगे तो हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा और अनेकों प्रकार की बीमारियां से दूर रहेगा। पिछले 2017 से आरंभ आर्य फाउंडेशन अपने पूरे टीम के साथ लोगों को हर तरह के सहायता प्रदान करते आ रहा है। फाउंडेशन के संस्थापक अमन पांडे ने लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यह एक बड़ा पुण्य का कार्य है।

### सरकार कर रही सौतेला व्यवहार : अजय

**हरिहरगंज।** झारखंड में हेमंत सरकार अजा के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उक्त बातें बसपा के पलामू जिला अध्यक्ष ने रविवार को कही। कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जिला पुलिस बल की बहाली में हेमंत सरकार राज्य के पलामू सहित कई जिलों में अनुसूचित जाति को नजरअंदाज कर दी है।

## साइकिल चलाकर दिल्ली पहुंचा सीआरपीएफ जवान



सीआरपीएफ जवान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के रहने वाले निशाद आलम ने अपने घर से दिल्ली तक 1300 किलोमीटर की साइकिल यात्रा की। इस यात्रा को पूरा करने में उन्हें 11 दिन का समय लगा। झारखंड से शुरू हुई ये यात्रा बिहार, उत्तर प्रदेश के बाद दिल्ली में जाकर खत्म हुई। निशाद आलम की इस यात्रा का मकसद पर्यावरण संरक्षण, पानी की बचत, स्वच्छ भारत, विश्व शांति मिशन और सीआरपीएफ के 84 वें गौरवशाली वर्ष की मुहिम था। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य लोगों को पानी बचाने और पर्यावरण संरक्षण का पैगाम देना था। हर शख्स को अपने जीवन में एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। निशाद ने कहा कि वे आगे भी ऐसी यात्रा करेंगे। सीआरपीएफ के जवान निशाद आलम ने बताया कि यात्रा की शुरूआत उन्होंने 8 दिसंबर को पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से की थी। उनका पहला ठहराव पलामू जिले के हरिहरगंज प्रखंड में रहा। इसके बाद लगातार दिन में वो यात्रा करते और रात में विश्राम करते. 11 दिन की यात्रा कर वे दिल्ली पहुंचे और संसद भवन गए. लेकिन संसद भवन में जाने के लिए पास न होने की वजह से उन्हें एंट्री नहीं मिली। तब निशाद आलम सीधे सीआरपीएफ हेडक्वार्टर पहुंचे। यह साइकिल यात्रा 18 दिसंबर को पूरी हुई। उन्होंने कहा कि पूरे रास्ते लोगों का भरपूर सपोर्ट मिला। निशाद आलम ने बताया कि बचपन से ही समाज सेवा में उन्हें रुचि रही है। किसी भी स्थिति में लोगों की हर संभव मदद किया करते है. नावाटोली के रहने वाले निशाद आलम को वर्ष 2004 में सीआरपीएफ में नौकरी मिली. निशाद ने कहा कि केंद्रीय पुलिसबल से रिटायर होने के बाद भी वे समाजसेवा करते रहेंगे।

**सेवा** | संजीव ने पिता की पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

# गरीबों की सेवा पुण्य का काम: आईजी

**शिविर का उदघाटन पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया**



उदघाटन के मौके पर आईजी राजकुमार लकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य सह गंगा हॉस्पिटल के चेयरमैन संजीव तिवारी ने अपने पिता स्वर्गीय कामेश्वर तिवारी व माता गंगा देवी की पुण्यतिथि पर पांकी रोड रेड़मा में स्थित गंगा हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का उदघाटन पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में डॉ. अजय सिंह, डॉ. अमिता, डॉ. राजेश मालवा, डा.0 अतुल प्रकाश, डा. संतोष कुमार ने मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया। मौके पर आईजी राजकुमार लकड़ा ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है। गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य का काम है। शिविर का आयोजन कर गरीबों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का जो संजीव तिवारी ने काम किया है वह सिर्फ सराहनीय ही नहीं बल्कि अनुकरणीय है। आज जब लोग अपने माता-पिता को वृद्धाश्रम में भेज दे रहे हैं वैसे समय में अपने माता-पिता की स्मृति में इस तरह का आयोजन कर संजीव तिवारी ने समाज को बड़ा संदेश देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पलामू पुलिस भी पलामू के लोगों को अमन चैन के साथ रहने के साथ साथ गरीब असहायों को जरूरत के अनुसार उनकी सेवा करने के लिए निरंतर सक्रियता के साथ काम कर रही है। चेयरमैन संजीव ने कहा कि गंगा हॉस्पिटल एवं कामेश्वर अवध इंटरनेशनल स्कूल की स्थापना उन्होंने व्यवसाय नहीं बल्कि सेवा भावना के उद्देश्य से किया है। उनका परिवार शुरू से गरीब असहायों की मदद करते रहा है। उस परंपरा को वह आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने पूर्वजों के पदचिन्हों पर चलते हुए गरीबों की सेवा में निरंतर लगे हुए हैं। पलामू में कोई गरीब का बेटा -बेटी अशिक्षित न रहे कोई गरीब पैसे के अभाव में इलाज से वंचित न रहे, वैसे गरीबों लिए वह चौबीस घंटे सहयोग के लिए तैयार हैं। कोई भी गरीब भूखे व ठंढ से नहीं मरेगा और न ही कोई गरीब का बेटा- बेटी अशिक्षित रहेगा। पलामू में जो लोग अस्पताल व स्कूल को लूट का केंद्र बनाकर रखें हुए हैं वैसे लोगों को पलामू की जनता बहुत जल्द ही सबक सिखाएगी। इस मौके पर झामुमो ने सुनील तिवारी, सुरज कुमार, पप्पु साव, आर्क अरूणीश, विजय दुबे,चंदा देवी, मुकेश सिंह, आलोक सिन्हा, गौरव सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।




## एक नजर

### डीसी ने मुसहर परिवारों के बीच बांटा कंबल

**गढ़वा।** ठंड के मद्देनजर रविवार की संध्या में उपायुक्त शेखर जमुआर ने गरीब/असहाय एवं जरूरतमंद मुसहर परिवारों के बीच गढ़वा प्रखंड के धर्मडीहा में कंबल का वितरण किया। उन्होंने मुसहर परिवारों में अबतक छूटे हुये सदस्यों का 25 दिसंबर को विशेष कैम्प लगाकर आधार एनरोलमेंट करने का निर्देश मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों को दिया ताकि उन्हें राशन, पेंशन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य विभिन्न सरकारी योजनाओं से अच्छादित किया जा सके। मौके पर उपायुक्त संग मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा विजय कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीतीश कुमार निशांत, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार नरेंद्र, अंचल अधिकारी कुमार मयंक भूषण आदि मौजूद रहे।

### 351 आवेदनों का किया ऑन द स्पॉट निष्पादन

**डंडई।** डंडई में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सीएस अशोक कुमार सिंह, बीडीओ राहुल कुमार सानू, सीओ चोनानाराम हेंब्रम, प्रमुख कांति देवी, 20सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी और मुखिया धनवंती देवी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर में कुल 2672 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 351 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि 2321 आवेदन पेंडिंग रहे। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रतिमा कुमारी, प्रधान लिपिक अभयानंद सिन्हा, कनीय अभियंता मुकेश कुमार दुबे, मुखिया पति महेश्वर राम, पंचायत सचिव सुदर्शन राम, रोजगार सेवक दिनेश कुमार रवि, प्रमोद कुमार, सत्य प्रकाश, ललित नारायण यादव, करीम सिंह, नंदू यादव, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चे शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना

**रमना।** बालिका उच्च विद्यालय की छात्राएं अपने शिक्षक - शिक्षिकाओं के साथ रविवार को शैक्षणिक भ्रमण के लिए शिक्षक धर्मदेव उरांव के नेतृत्व में रवाना हुए। उरांव ने बताया कि छात्राओं के माता-पिता के अनुमति के बाद शैक्षणिक भ्रमण में 86 छात्राएं, विद्यालय के संस्थापक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, रूबी कुमारी, ममता कुमारी गुप्ता एवं चम्पा देवी शामिल हैं। उन्हें रेणुकूट बिड़ला मंदिर, कृष्ण मंदिर, वन देवी मंदिर, रीहंद डैम, पावर हाउस व डाला वैष्णो देवी मंदिर आदि का भ्रमण कराया जाएगा।

### पंच कुंडीय वैदिक यज्ञ का किया आयोजन

**विशुनपुरा।** डीएवी विद्यालय भवनाथपुर ने पोखरा चौक स्थित विष्णु मंदिर में पंच कुंडीय वैदिक यज्ञ समारोह का आयोजन किया। इसकी शुरुआत प्रवीण पांडे, लक्ष्मण शास्त्री एवं राजेंद्र सचदेवा ने की। यजमान के रूप में छात्र-छात्राएं तथा अभिभावकशामिल हुए। मौके पर शिक्षक शौकत अली, संतोष गुप्ता, ललकमल द्विवेदी, जयशंकर तिवारी, अनिल द्विवेदी, राजीव, सूरज सिंह, बीबी साहू, प्रमोद, राजकुमार दुबे, गणेश त्रिवेदी, रूपेश सिंह, नवल किशोर गुप्ता, पंकज गुप्ता, धनंजय गुप्ता, बैजनाथ प्रसाद, कृष्णा गुप्ता, गौरी शंकर गुप्ता, डॉ सीताराम यादव, संजय चंद्रवंशी, नारायण शर्मा, ज्वाला प्रसाद, प्रदीप मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय ब्याहुत कलवार समाज का स्वजातीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह आयोजित, वरिष्ठ व युवा कमेटी का गठन

# 'समाज को आगे बढ़ाने के लिए सामाजिक कुरीतियों का करें उन्मूलन'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** अखिल भारतीय ब्याहूत कलवार समाज की ओर से रविवार को शहर के चेचरिया स्थित अलका मैरिज गार्डन परिसर में स्वजातीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व इंस्पेक्टर जोखू प्रसाद, पूर्व सीएस डॉ शशि शेखर वर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य विद्यासागर, प्रतिष्ठित व्यवसाई रवि प्रकाश, समाजसेवी कामता प्रसाद, भारत भूषण, नंदलाल प्रसाद, अश्विनी कुमार व पूर्व मुखिया अजय प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। इसमें कलवार समाज को मजबूत बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

इस अवसर पर ब्याहुत कलवार समाज के लोगों ने कहा कि कलवार समाज का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। यह समाज हजारों वर्ष पहले भगवान बलभद्र के कुल खानदान के हैं। कलवार समाज का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है इसे भुलाया नहीं जा सकता है। कहा की यह समाज व्यवसाय से भले ही जुड़ा हुआ है लेकिन सामाजिक और राष्ट्रीय नवनिर्माण में हमेशा से अपना योगदान देता रहा है। इस समाज के लोग दुनिया में जहां भी कहीं है, समाज के विकास के लिए न सिर्फ चिंतित रहते हैं बल्कि उनके विकास के लिए प्रयत्नशील भी रहते हैं। वक्ताओं ने कलवार समाज का आवाहन करते हुए कहा कि अगर अपनी प्रगति सैकड़ो वर्षों के लिए करना है, तो सबसे पहले समाज के लिए काम करना होगा। अगर अपना समाज एकजुट रहेगा तभी राजनीतिक दलों में अपना




परिचय से बढ़ेगा। वक्ताओं ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए सदस्यों से सामाजिक कुरीतियों का उन्मूलन करने का आह्वान किया। उन्होंने समाज के सदस्यों से सामूहिक विवाह, संगठन की मजबूती के लिए होने वाले सम्मेलन और अधिकारों के लिए किए जाने वाले संघर्ष में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। कलवार समाज के अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद, सचिव रुपेश कुमार पप्पू अनमोल, कोषाध्यक्ष अश्विनी कुमार, उपाध्यक्ष डॉ संतोष कुमार, मनोज कुमार मंटू, अजय प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, उपसचिव अविनाश कुमार व हीरा प्रसाद, सहकोषाध्यक्ष सूर्यनाथ प्रसाद एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्री अजीत कुमार को बनाया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य में दो दर्जन से अधिक लोगों के नाम शामिल हैं।

सम्मेलन के दौरान युवा ब्याहुत कलवार समाज का भी गठन किया गया, जिसमें सभी के सर्वसम्मति से उमेश कुमार चाहत को अध्यक्ष चुना गया, जबकि नीरज कुमार को सचिव, शुभम कुमार एवं धीरज कुमार को उपाध्यक्ष तथा रंजन कुमार छोटू एवं चंदन कुमार कुमकुम को उपसचिव बनाया गया।

# मंत्री ने किया 3 सड़कों का भूमि पूजन

### सैकड़ों लोग भाजपा छोड़ झामुमो में शामिल, 300 लोग सम्मानित, 500 के बीच कंबल का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल** पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को गेरुआ पंचायत में 16 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली तीन सड़कों का भूमि पूजन किया। इस मौके पर पंचायत भवन के पास मैदान में कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाजपा छोड़कर झामुमो का दामन थामा। कार्यक्रम में 300 लोगों को साल एवं बुके देकर सम्मानित किया तथा 500 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।




मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गलत कार्य करने वाले लोगों के लिए लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी देते हुए मंत्री ने कहा कि 15 लाख लोगों को ग्रीन राशन कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। फूलों झानो योजना से आप लोग लाभ लेकर अपना जीवकोपार्जन चलाएं। इतना ही नहीं, कल्याण विभाग से भी युवा लोन लेकर व्यवसाय करें। मंत्री ने कहा कि हरेक घर को 100 यूनिट मुफ्त में बिजली मिलेगी। उन्होंने कहा कि 2024 के अगस्त तक गेरुआ के वजनवा टोला के साथ-साथ विधानसभा के सभी वंचित गांवों तक बिजली पहुंचा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 78 करोड़ रुपये की लागत से हर एक घर को जल नल दिया जाएगा। उससे भी जो घर वंचित रहेंगे उनके लिए सरकार द्वारा सुदूरवर्ती इलाका में चापाकल लगाया जा रहा है तथा अपने विधायक कार्यकाल के अंतिम वर्ष की 5 करोड़ रुपये की राशि चापाकल लगाने के लिए दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम आवास से वंचित साढ़े आठ लाख लोगों को राज्य सरकार द्वारा अबुआ आवास के तहत तीन वर्षो के अंदर आवास मुहैया कराया जाएगा। मंत्री ने पूर्व विधायक पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नटवरलाल से भी झूठ बोलने में आगे निकल गए हैं। अगर आज नटवरलाल जिंदा होता तो इनको देखकर आत्महत्या कर लेता। उन्होंने कहा कि पूर्व के विधायक के करीबी बबलू दुबे, मानदेव बैठा, जितेंद्र चौबे उर्फ लड्डू ने झामुमो का दामन थाम लिया है। अब उनके आगे पीछे कोई नहीं बच्चा है। वे फिर से ओडिशा वापस जाएंगे।

बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि गढ़वा जिले में पलायन रोकने के लिए बहुत जल्द तीन बड़े उद्योग लगाए जाएंगे, जिसमें य्स्थानीय डेढ़ लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। मौके पर जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, प्रमुख दीपमाला कुमारी, मुखिया अनिल चौधरी, रामाशीष राम, गोपाल चौबे, राधेश्याम विश्वकर्मा, इंजीनियर प्रदीप कुमार, बीडीओ जागो महतो, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी, रेखा पाठक, सचिव मनोज ठाकुर, पूर्व मुखिया वाल्मीकि चौबे, जितेंद्र कुमार चतुर्वेदी, आशुतोष कुमार चौबे, संतोष चौबे, कबलू चौबे, विकास सिंह कुशवाहा, मुन्ना सिंह, अभिषेक कुमार, राजेश कुमार चौबे, फरीद अंसारी, हाजी यासीन अंसारी, मुनेश्वर चौधरी, ज्ञान रंजन मिश्रा, सुनील राम, सुनील राम, कृपा शंकर चौबे, राहुल कुमार चौबे, सुजीत कुमार चौबे, गौरी शंकर चौबे आदि मौजूद थे।

# सीएस ने डंडई सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई** सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार सिंह ने शनिवार को डंडाई सीएचसी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीएस ने अस्पतालों में पड़े कई उपकरणों के साथ-साथ संसाधनों के बारे में भी चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी से विस्तृत जानकारी हासिल की। उन्हें अस्पताल में बिजली नहीं होने और चहारदीवारी विहीन होने की जानकारी दी गई। सिविल सर्जन ने अस्पताल से जुड़ी सभी समस्याओं के बारे में लिखित प्रतिवेदन चिकित्सा पदाधिकारी को देने का निर्देश दिया। इससे पहले सिविल सर्जन द्वारा चिकित्सा पदाधिकारी को जमकर फटकार लगाई। सिविल सर्जन ने कहा कि अस्पताल में चिकित्सकों के नहीं रहने की समस्या समाचार पत्रों में देखने को मिल रही थी। उसी के आलोक में अस्पताल का औचक निरीक्षण करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के क्रम में अस्पताल के सभी कर्मी मौजूद पाए गए हैं। सभी

### चिकित्सा पदाधिकारी ने बिजली व चहारदीवारी न होने की दी जानकारी



चिकित्सकों के साथ-साथ अन्य कर्मियों को भी अस्पताल में नियमित ड्यूटी देते रहने की सख्त चेतावनी दी गई है। सिविल सर्जन ने कहा कि अस्पताल में कई तरह की समस्याएं देखने को मिली हैं, जिनका समाधान किया जाएगा। साथ ही कहा कि सभी समस्याओं में बिजली और अस्पताल में चहारदीवारी नहीं होना बड़ी समस्याएं हैं। दोनों समस्याओं के साथ-साथ अस्पताल के अन्य समस्याओं के लिए चिकित्सा पदाधिकारी को लिखित प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया है।

# जिले में साढ़े दस करोड़ से 42 सरना स्थलों का होगा संरक्षण व विकास : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** जिले के विभिन्न प्रखंडों में लगभग साढ़े दस करोड़ रुपये की लागत से 42 सरना स्थलों का संरक्षण एवं विकास कार्य किया जाएगा। इस संबंध में प्रदेश सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत तीसरटेटूका पंचायत के पेंदली गांव स्थित माडर बाबा सरना मांडर देवस्थल का संरक्षण एवं विकास कार्य 24 लाख 53 हजार 200 रुपये तथा बाना गांव स्थित रामबांध टोला में सरना स्थल का चहारदीवारी निर्माण कार्य 24 लाख 86 हजार 100 रुपये की लागत से किया जाएगा। साथ ही रंका प्रखंड में ग्राम होन्हे कला में गड़गड़िया शमशान घाट पर चहारदीवारी का निर्माण कार्य, सरना देवस्थल का चहारदीवारी निर्माण कार्य, ग्राम दूधवल के कूपा टोला में दो सरना स्थल घेराबंदी, ग्राम बाराडीह में दो सरना देवस्थल घेराबंदी, ग्राम चुटिया में सरना देवस्थल का संरक्षण एवं विकास कार्य, कटरा पंचायत के बरवाडीह

### कहा- हर क्षेत्र में विकास को प्रतिबद्ध है सरकार

सरना देवस्थल का घेराबंदी कार्य, जोलांगा गांव स्थित सरना महदानी देवस्थल का संरक्षण एवं विकास कार्य, ग्राम भलुआनी, चौकड़ी, हुरदाग में सारना देवस्थल का संरक्षण एवं विकास कार्य, सिरोइ कला में सरना देवस्थल का संरक्षण एवं विकास कार्य पार्ट-दो, नया बांध टोला में सरना स्थल घेराबंदी, सिरोई कला व दौनादाग में सरना स्थल का संरक्षण एवं विकास कार्य, चिनियां प्रखंड में बेता पंचायत के पाल्हे गांव में सैमादामर, सरना स्थल, तुरीमुंडा स्थित सरना मांडर देवस्थल, बिलैती खैर सरना मांडर देव स्थल, चिनिया के टोला पुनुआडीह में सरना देवस्थल, राजबांस में सरना डीहवार देवस्थल, कठौतिया में सरना मांडर देवस्थल का संरक्षण एवं विकास कार्य, चिनिया के टोला सेमरटांड़ में सरना स्थल का घेराबंदी, चिनिया स्थित सरना मांडर देवस्थल का चहारदीवारी निर्माण कार्य, चिनिया के सरना मांडर देवस्थल का संरक्षण एवं विकास कार्य फेज-दो, रमकंडा प्रखंड के रक्सी में मांडर दोहर में सरना स्थल घेराबंदी पार्ट-2, विराजपुर देवीस्थान का संरक्षण एवं विकास कार्य, उदयपुर के मुड़खुर में सरना देवस्थल का घेराबंदी, डंडई प्रखंड में रारो गांव में देवी सारण देव स्थल, सत्याड़ी सरना देवस्थल, धरती सरना देवस्थल का संरक्षण एवं विकास कार्य, लावादोनी गांव में देवस्थल का चाहरदीवारी निर्माण कार्य, सुअरजंघा में सरना स्थल का चहारदीवारी निर्माण कार्य, भंडरिया प्रखंड के पेरो गांव में सरना देवस्थल का संरक्षण एवं विकास कार्य, खजूरी में सरना देवस्थल का चहारदीवारी निर्माण कार्य, धुरकी प्रखंड के गनियारी कला गांव में हड़गड़ी का चहारदीवारी निर्माण कार्य, गनियारी कला में देवस्थल का घेराबंदी, संरक्षण एवं विकास कार्य, बड़गड़ प्रखंड के मदगड़ी च पंचायत के रामर गांव स्थित सरना देवस्थल का चहारदीवारी निर्माण एवं विकास कार्य, बड़गड़ स्थित सरना स्थल का संरक्षण एवं विकास कार्य तथा बरडीहा प्रखंड के आदर गांव स्थित ब्रह्मस्थान का घेराबंदी कार्य किया जाएगा। इसके लिए 10 करोड़ 29 लाख 31 हजार 995 रुपये की राशि स्वीकृत कर दी गई है। मंत्री ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार हर क्षेत्र में विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में विद्वत गोष्ठी का किया गया आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** सरस्वती विद्या मंदिर में विद्वत गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ अवकाश प्राप्त प्राचार्य डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, प्राचार्य टीडीएम डिग्री कॉलेज प्रशांत सहाय, प्रधानाध्यापक मवि नगर उंटारी, अनिल विश्वकर्मा, अशोक कुमार सिंह, देवशंकर प्रसाद और विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से किया। प्राचार्य प्रशांत सहाय ने कहा कि अपने क्षेत्र की भाषा में विभिन्नता होने के कारण बच्चों को समझने में दिक्कत हो रही है। उन्हें भाषा शिक्षण पर विशेष जोर दिया जाय। प्रधानाध्यापक अनिल विश्वकर्मा ने कहा कि आजकल के बच्चे रिवाइज नहीं करते हैं जिस कारण वे दिमाग में बातें नहीं रख पाते हैं। उन्हें तथ्य को समझने का प्रयास करना चाहिए। डॉक्टर धर्मचंद लाल अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखने के लिए आचार्य द्वारा सप्ताह में कम से कम 2 दिन उसके अवगुण को बताया जाए तो उससे सुधार किया जा सकता है। अशोक सिंह ने कहा कि लॉन्ग टर्म मेमोरी में दिखाकर किए जाने वाला विषय अधिक दिनों तक कारगर होता है। सुधीर श्रीवास्तव ने सभी का आभार प्रकट किया।

# पांचदिनी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी** प्रखंड के किशुनराज पब्लिक हाई स्कूल बलियारी में पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शनिवार को समाप्त हो गया। इसमें विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया था। क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर बालक वर्ग में सीएस की टीम विजयी हुई, जिसके कप्तान आशुतोष दुबे थे, जबकि क्रिकेट के सीनियर बालिका वर्ग में गुजरात टाइटन विजयी रही, जिसकी कप्तान नेहा गुप्ता थी। फुटबॉल में अभियान टीम विजयी रही, जिसके कप्तान रोहित कुमार थे। इसके अलावा कबड्डी, डिसकस, कुर्सी रेस, शॉर्टपुट, टॉफी रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद इत्यादि खेलों में कई प्रतिभागी विजेता बने।



विद्यालय सचिव आनंद प्रकाश दुबे, प्रिंसिपल नवनीत कुमार द्विवेदी व शिक्षकों ने सभी विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल व अन्य पुरस्कार प्रदान किये। प्रिंसिपल नवनीत कुमार दुबे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जो जीत गए हैं उनको अधिक खुश होकर संतुष्ट होने की जरूरत नहीं है, बल्कि और आगे अच्छा करने के लिए तैयार रहने की जरूरत है। वहीं जो प्रतिभागी पिछड़ गए हैं वे निराश नहीं हों, बल्कि हार के कारणों को खोजकर उन्हें दूर करने की जरूरत है। क्योंकि जीवन रुकने और थकने तथा निराश होने के लिए नहीं बल्कि हार से सबक लेकर और अधिक जज्बे के साथ आगे बढ़ने का नाम है। इसलिए हमें जीवन के हर क्षेत्र चाहे वह खेल हो या शिक्षा या कोई अन्य क्षेत्र हमेशा कमियों को खोजकर उसे दूर करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक अभिषेक, राजू, कृष्णा, उमेश, अनिता, नगमा, रोशना, नागेंद्र तथा अन्य शिक्षकों का योगदान रहा।

### 'पशुधन योजना में गड़बड़ी, लाभुकों की सूची के साथ छेड़छाड़'

**भवनाथपुर।** जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना में गड़बड़ी एवं लाभुकों की सूची के साथ छेड़छाड़ करने की शिकायत उपायुक्त से की है। इस संबंध में उन्होंने उपायुक्त को आवेदन सौंपकर मामले की जांच करते हुए पुनः पूर्व चयनित लाभुकों की सूची के अनुसार योजना का लाभ देने की मांग की है। आवेदन में शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत भवनाथपुर क्षेत्र के विभिन्न गावों के किसानों की सूची तैयार की गई थी। इस सूची में योग्य किसान, विधवा, विकलांग एवं आदिवासी लाभुकों का चयन किया गया था। इस सूची में व्हाईटनर लगाकर छेड़छाड़ की गई थी। इसकी शिकायत करने के बाद उपायुक्त महोदय ने जांच का निर्देश दिया था।शर्मा ने कहा कि उपायुक्त के आदेश के बावजूद योग्य लाभुक को योजना से वंचित रखा गया। विभागीय अधिकारियों ने खानापूर्ति करते हुए पुनः गलत सूची को ही मान्य करते हुए पूर्व में चयनित योग्य लाभुक को वंचित कर दिया। इस संबंध में जिपस ने डीसी से वरिय अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराकर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

### पहल | डॉ. राधा बाबू की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में मेडिकल किट का वितरण

# दूषित जल पीने से होती हैं 70 प्रतिशत बीमारियां : डॉ. यासिन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में डॉक्टर राधा बाबू की पुण्यतिथि मनाई गई। सात दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत पहले दिन स्थानीय गोविंद हाई स्कूल एवं हरिजन मध्य विद्यालय में मेडिकल किट का वितरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य शिक्षा की जानकारी दी गई। गोविंद हाई स्कूल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर यासिन अंसारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर मुकाम हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें। आप डिग्री तो हासिल कर सकते हैं, लेकिन पद-प्रतिष्ठा की कामयाबी हासिल करने के लिए ज्ञान और अनुभव की जरूरत पड़ती है। इसके लिए बच्चे अपने अंदर प्रतिभा उत्पन्न करें। पहले लक्ष्य निर्धारित करें। जिस क्षेत्र में रुचि हो उसी का चयन करें। उन्होंने कहा कि डॉक्टर पतंजलि केसरी की ओर से स्वास्थ्य किट वितरण किया जा रहा है। जो दुर्घटना के बाद अस्पताल जाने से पहले लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि आज 70 प्रतिशत बीमारी गंदा पानी पीने से होती है, इसलिए हम सभी को साफ पानी पीना चाहिए। अपने घर, शरीर और आसपास की साफ - सफाई पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। स्वास्थ्य उत्तम धन है। हमें प्रदूषण से भी बचना चाहिए। बच्चे गलत वातावरण से दूर रहें। ज्ञान के साथ नैतिकता और अनुशासन आपको सभ्य बनाता है।




सेवानिवृत्त शिक्षक डीपी सिंह ने कहा कि पहले के समय में स्कूल में फर्स्ट ऐड की व्यवस्था नहीं रहती थी। बच्चे आपको यहां जो भी जानकारी दी जा रही है। उसे अपने गांव के लोगों को भी बताएं। डॉक्टर पतंजलि केसरी अपने बाबा और पिताजी के पद चिन्हों पर चलते हुए कल्याणकारी काम को आगे बढ़ा रहे हैं। सेवानिवृत शिक्षक पारसनाथ तिवारी ने कहा कि प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी और इसके प्रति लोगों को जागरूक करना कार्यक्रम का उद्देश्य है, जिससे आपातकालीन स्थिति में अपना और दूसरों की मदद किया जा सके। उन्होंने कहा कि फर्स्ट एड मरीज को बड़ा शारीरिक नुकसान होने से बचाता है। व्यक्ति के ठीक होने में भी कम समय लगता है। फर्स्ट एड के बाद मरीज स्वयं को सुरक्षित महसूस करता है। हमें शरीर में कट से लेकर फैक्चर तक की स्थिति में होने वाली प्राथमिक उपचार की जानकारी होनी चाहिए। दुर्घटना के बाद व्यक्ति का प्राथमिक उपचार होना बहुत जरूरी है।

आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पतंजलि केसरी ने कहा कि बच्चे आप अपने माता-पिता और देश के भविष्य हैं। ईमानदारीपूर्वक लगन और कड़ी मेहनत के बदौलत अपने सपनों को पूरा करें। शिक्षक-शिक्षिकाओं का आदर करते हुए उनकी अच्छाइयां ग्रहण करें। सफलता की अभी आप पहली सीढ़ी है। साकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं और नशापन सहित अन्य कुरीतियों से दूर रहें। उन्होंने फर्स्ट ऐड की जानकारी देते हुए कहा कि कोई व्यक्ति यदि जल जाए या उसे खरोच आ जाए या चोट लग जाए या कट जाए तो उसे सबसे पहले प्राथमिक उपचार जो बन सके उसे करे और समीपवर्ती अस्पताल जाकर डॉक्टर से मिले। इसके अलावा हरिजन मध्य विद्यालय में भी मेडिकल किट वितरण किया गया और छात्रों को फर्स्ट ऐड से संबंधित जानकारी दी गई। मंच का संचालन डॉक्टर इश्तियाक रजा ने किया। मौके पर दामोदर राम, मोहम्मद शमीम, अब्दुल मन्नान, मोहम्मद इकराम, विजय राम, संतोष कुमार, सुधीर सिंह और गोविंद हाई स्कूल के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सूर्य मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 17 जनवरी को

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी** प्रखंड के करिवाडीह में हनुमान मंदिर के प्रांगण में नवनिर्मित सूर्य मंदिर का 17 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए मंदिर नव निर्माण कमेटी के सदस्य विनोद सिंह ने बताया करिवाडीह हनुमान मंदिर के समीप दिल्ली के पूर्व मेयर सह करिवाडीह निवासी विपिन बिहारी सिंह, सुंडी पिपरा के विजय सिंह, राजा सिंह, मां मुंडेश्वरी के प्रोपराइटर बबलू सिंह, मंटू सिंह के सहयोग तथा कमेटी के लोगों के श्रमदान से सूर्य मंदिर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। सूर्य मंदिर का निर्माण ओडिशा के मिस्त्री ने किया है।



17 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही महाभंडारा का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान पूरे सप्ताह मंदिर परिसर में भागवत कथा तथा काशी बनारस के पांच पंडित पूजा पाठ करेंगे। उसी दिन दोपहर दो बजे से भक्ति जागरण कार्यक्रम होगा। कहा कि कमेटी के लोगों से मिलकर स्थानीय लोग शादी विवाह में इस हॉल का उपयोग कर सकते हैं। वहीं छठ पूजा पर मेला का आयोजन किया जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक भानु प्रताप शाही के अलावे दिल्ली से भाजपा के बड़े नेताओं की आने की संभावना है। मौके पर मंदिर निर्माण कमेटी के रामचंद्र सिंह, बीडीसी विकास कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह, चंदन कुमार सिंह, चंद्रकिशोर सिंह आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### बाइक पेड़ से टकराई युवक की दर्दनाक मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ-रांची मुख्य मार्ग थाना क्षेत्र के चितरपुर मोड़ के पास ससुराल जा रहे एक युवक की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई जिससे युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। युवक की पहचान बालूमाथ थाना क्षेत्र के धाधु पंचायत अंतर्गत खरटिया टोला निवासी दिलदार तिर्की के 28 वर्षीय पुत्र संदीप तिर्की के रूप में हुई है। मृतक संदीप तिर्की अपनी बाइक द्वारा लोहरदगा जिले के कूडु थाना क्षेत्र अंतर्गत टीको ग्राम अपने ससुराल जा रहा था। इसी दौरान चितरपुर मोड़ के पास अनियंत्रित होकर बाइक पेड़ से जा टकराई, जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। हालांकि तत्काल बाइक सवार युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टर सुरेंद्र ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### हत्या के एक अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल

**पत्थलगड़ा।** पुलिस ने फरार चल रहे हत्या के एक अभियुक्त को पत्थलगडा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त थाना क्षेत्र के मेराल गांव निवासी अशोक तुरी उर्फ पिंटू तुरी है। जो मेराल गांव के युवक दीपक तुरी कि हत्या का आरोपी है और फरार चल रहा था। इसके अलावे अशोक कई अन्य मामले में भी आरोपी है। जिसकी तलाश पुलिस कर रही थी। 23 दिसंबर को थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने गुप्त सूचना के आधार पर बडे.ही सूझ-बूझ के साथ उसे कटकमसांडी थाना क्षेत्र के बंझिया गांव से गिरफ्तार किया। जिसके बाद उसे न्यायलय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया। थानेदार श्री दास ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध तीन थाना में अलग-अलग मामले को लेकर केस दर्ज है।

### आरएसएस के सात दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

**टंडवा।** टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित वनांचल महाविद्यालय में चतरा जिला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सात दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन रविवार से किया गया। इसका शुभारंभ मोतीलाल अग्रवाल संघ चालक चतरा, पंकज कुमार जिला कार्यवाह एवं दिनेश ठाकुर वर्ग कार्यवाह द्वारा संयुक्त रूप से किया। बताया गया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों से 126 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। आयोजनकर्ता में व्यवस्था प्रमुख शंभू राणा, सह व्यवस्था प्रमुख तारकेश्वर गुप्ता, वर्ग प्रमुख जय, खंड करवा पूर्व जिला सदस्य संदीप भाई, संदेशकर लक्ष्मण, खंड व्यवस्था प्रमुख सियाराम पंडित, चिकित्सा प्रमुख मिथलेश नायक, भवन प्रमुख सितेंद्र गुप्ता का नाम शामिल है।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चला गृह संपर्क अभियान

**बारियातु।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को बारियातु में गाजे-बाजे व जयकारे के साथ गृह संपर्क अभियान चलाया गया। विभाग मंत्री विजय यादव, प्रखंड मंत्री चंदन प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष झूलन प्रसाद भगत, पंचायत अध्यक्ष अरविंद प्रसाद गुड्डुल व पंचायत मंत्री राजन प्रसाद ने बताया कि 15 जनवरी तक गृह संपर्क अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान पूजित अक्षत, पत्रक व श्री राम मंदिर के चित्र लेकर प्रत्येक हिंदू घर में संपर्क करना है। मौके पर पंकज प्रसाद, तुलसी राणा, अरुण साव, हीरामन साव, चंद्रदीप साव आदि मौजूद थे।

मंत्री संग डीसी, एसपी व डीडीसी ने लिया विधि व्यवस्था का जायजा

# सीएम के कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/सिमरिया**

राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 26 दिसंबर को सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित कर्बला मैदान में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिसकी तैयारी प्रशासनिक स्तर पर जोर-शोर से की जा रही है। रविवार को श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, उपायुक्त अबु इमार, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन व उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता कबार्ला मैदान कार्यक्रम स्थल पहुंचकर विधि व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधितों को कई अवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर स्टेज के साथ आम लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावे परिसर में आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। निरीक्षण के क्रम में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास, एसडीपीओ सिमरिया अशोक प्रियदर्शी, एसडीपीओ चतरा अविनास कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमरिया नीतू सिंह, समाजसेवी मनोज चंद्रा, शारदा देवी आदि मौजूद थे।



### श्रम मंत्री पहुंचे हंटरगंज, आपके द्वारा कार्यक्रम में हुए शामिल



**चतरा।** राज्य श्रम मंत्री सत्यानन्द भोगता रविवार को एक दिवसीय दौरे पर हंटरगंज प्रखंड पहुंचे। इस दौरान मंत्री श्री भोगता अपने निर्धारित कार्यक्रम के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के कोबना पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हो दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सरकार द्वारा आम लोगों के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दने के उपरांत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। साथ ही कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य सुरेश पासवान, 20 सूत्री सदस्य अतीक मंसूरी, दीपक साहू, अब्दुल्लाह अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल कच्छप, थाना प्रभारी सनोज चौधरी, वन क्षेत्र पदाधिकारी सूरज भूषण यादव, मुखिया बबलू मेहता, पंचायत समिति सदस्य कंचन भारती मौजूद थे।

# रैयतों की मांग को विधानसभा में उठाने के लिए विधायक रामचंद्र सिंह सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**



लातेहार जिला एनएच विस्थापित संघर्ष समिति एवं रैयतों ने विधायक रामचंद्र सिंह को उनके द्वारा उनकी मांगों को विधानसभा में जोर-शोर से उठाए जाने पर रविवार को उनके मंगरा स्थित आवास सम्मानित किया गया। जानकारी हो की विधानसभा के वर्तमान सत्र में 20 दिसंबर को विधायक रामचंद्र सिंह ने रैयतों की समस्याओं को विधानसभा में जोरदार ढंग से उठाया था, जिसमें एनएच 39 फोरलेन सड़क निर्माण में अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का मुआवजा काफी कम होने की बात शामिल थी। विधायक ने जिले में वर्तमान सर्वे में भारी त्रुटि की ओर भी ध्यान आकर्षित कराया था। उन्होंने सत्र में बताया कि लातेहार जिले में जो वर्तमान सर्वे हुआ है उसमें भारी खामियां हैं। लगभग 75 से 80 प्रतिशत भूमि बिहार सरकार की दर्शाई गई है। कई जमीन ऐसी है जिसमें लोग पीढ़ी दर पीढ़ी रहते आ रहे हैं। ऐसी जमीन पर रैयतों का वाजिब अधिकार है। यही नहीं, 2016-17 तक इनका रसीद अद्यतन कटा हुआ है, जबकि झारखंड सरकार ने 2019 में आदेश पारित किया। विधायक ने अपनी मांग में कहा कि जमीन विवाद के चलते भाईचारा खत्म हो रहा है। खून खराब होना चालू हो गया है। क्षेत्र में अशांति फैली हुई है। 10000 से ज्यादा केस न्यायालय में चल रहे हैं। मौके पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष गूंजर उरांव, संयोजक वीरेंद्र प्रसाद, नरेश उरांव हरिशंकर यादव, पुलस्त कुमार दुबे, विजय सिंह, अमित यादव, बृज किशोर उरांव, सुशील उरांव, श्याम किशोर दुबे, ज्योति प्रकाश दुबे, प्रमोद यादव, सुकु उरांव, विनोद राम, गीनु सिंह, मंटू राम, राजमणि राम, हरीनाम सिंह, संजय यादव, राजमोहन उरांव, विजेंद्र उरांव, मखन उरांव, गणेश उरांव, कमलेश उरांव, महेश सिंह, अनिल कुमार सिंह, पंकज तिवारी, शिवानंद तिवारी आदि मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत विधायक रामचंद्र सिंह ने सौंपा चेक

**बरवाडीह।** विधायक रामचंद्र सिंह ने रविवार को अपने मंगरा स्थित आवास पर मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत पीड़ित परिजन को 40000 रुपये का चेक प्रदान किया। बता दें कि प्रखंड के चुंगरू पंचायत के नावाडीह ग्राम के मिथिलेश प्रजापति की पत्नी दीपिका देवी आंख की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। पीड़ित परिवार ने विधायक से चिकित्सा सहायता राशि दिलाने की मांग की थी। मौके में पंचायत के अनिल कुमार सिंह, राजा ठाकुर, महेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया जनेश्वर सिंह आदि उपस्थित थे।



# सर्वब्राह्मण महासभा की बैठक में टंडवा प्रखंड समिति गठित, उपेंद्र बने अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

टंडवा प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत टाऊन हॉल में रविवार को सर्व ब्राह्मण महासभा की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता संयोजक अक्षयवट पांडेय व संचालन सुमन भारतीय ने की। सर्वसम्मति से प्रखंड समिति का गठन कर अध्यक्ष उपेंद्र पांडेय, उपाध्यक्ष प्रमोद पांडेय, संजीव तिवारी, ब्रजकिशोर पांडेय, महासचिव प्रकाश पाठक, सचिव सुभन भारतीय, गोविंद पंडा, कोषाध्यक्ष धनंजय चौबे, मीडिया प्रभारी शशि पाठक, संरक्षक अक्षयवट पांडेय, ईश्वर दयाल पांडेय, गणेश मिश्र, विजय चौबे, गोविंद तिवारी, नीरज तिवारी, नंदकुमार पाठक, मिथिलेश पांडेय, विजय गिरि, अरविंद पांडेय, विकास पांडेय को बनाया गया।



ज्ञात हो कि विपरीत परिस्थितियों में दृढ़ इच्छाशक्ति के बदौलत दोनों सहोदर भाईयों जिनमें नेत्रहीन दिव्यांग सुदर्शन रक्षा विभाग तथा सोमेश एसएससी में सफलता प्राप्त की है। मौके पर युगल किशोर पांडेय, छेदी पांडेय, विकास चतुवेर्दी, कामेश्वर पांडेय, उदय पांडेय, धनंजय पांडेय, दिलीप पांडेय, साकेत पांडेय, कृष्णकांत, नित्यानंद समेत अन्य मौजूद थे।

### ब्राह्मण समाज ने लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**गिद्धौर।** प्रखंड प्रखंड मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में रविवार को ब्राह्मण समाज की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय ने की। मौके पर जिला कार्यकारी सदस्य यदुनंदन पांडेय, बनवारी पांडेय, बैजनाथ पांडेय, कामदेव पांडेय, प्रदीप पांडेय, प्रमोद पांडेय, लंबोदर पांडेय मौजूद भी थे।

# पंसस अयुब ने सोशल मीडिया पर छेड़ा अभियान

## आरओबी निर्माण : शिलान्यास के ढाई साल बाद भी नहीं शुरू हो पाया आरओबी का निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर टोरी जंक्शन पर आरओबी निर्माण और स्टेशन के पश्चिम में फुट ब्रीज का निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए कामता पंसस अयुब खान ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक सप्ताह का अभियान शुरू किया। इसके माध्यम से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सांसद सुनील सिंह, विधायक बैद्यनाथ राम, नेशनल हाईवे प्राधिकरण (एनएचआई) का ध्यान खींचकर आरओबी (फ्लाई ओवरब्रिज) का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका हो गई है। यह एक बड़ा प्लेट फॉर्म है। फ्लाई ओवरब्रिज




निर्माण शुरू कराने के लिए माकपा दशकों से लगातार संघर्ष कर इस जनहित की मांग को रख रही है। उन्होंने सोशल मीडिया अभियान में प्रिंट मीडिया के पत्रकार, इलेक्ट्रॉनिक चैनल के प्रतिनिधि, सोशल मीडिया के साथी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, समाजसेवी, प्रबुद्ध नागरिक, छात्र, नौजवान, किसान, सम्मानित आम जनता से समर्थन करने की अपील की है। केंद्र व राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के उदासीन रवैये के कारण लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। शिलान्यास के ढाई बाद भी अब तक फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। टोरी जंक्शन स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण भी अबतक शुरू नहीं हो पाया है।

# सारथी सहायता ने सौंपा 9 लाख 31 हजार का चेक

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

सारथी सहायता संगठन चौपारण (हजारीबाग) के सदस्यों ने रविवार को मयूरहंड थाना क्षेत्र के ढोढी-मंधैनिया में मृतक के पत्नी पम्मी कुमारी को सहायता राशि का चेक सौंपा। ज्ञात हो कि सारथी सहायता संगठन व्यावसायिक वाहन चालकों के लिए कार्य करती है। संगठन के सदस्य वाहन चालक राम सागर सिंह उर्फ छोटी सिंह ढोढ़ी मंधनिया निवासी की वाहन दुर्घटना में 16 जुलाई 2023 को मौत हो गई थी। संगठन के सदस्यों ने मृतक चालक के घर पहुंच दो मिनट का मौन रख दिवंगत को श्रद्धांजलि देने के तत्पश्चात संगठन की ओर से एक लाख 31 हजार एवं इंश्योरेंस क्लेम के माध्यम से 7 लाख 50 हजार कुल



9 लाख 31 हजार रुपये का चेक दिवंगत के धर्मपत्नी पम्मी कुमारी को दिया गया। मौके पर अध्यक्ष गौतम सिंह, सचिव योगेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पंकज सिंह, प्रवक्ता पिंकू कुमार, कार्यकारी सदस्य कारू सिंह, पंकज कुमार सिंह, हृदय सिंह, कोर कमेटी सदस्य राम सागर सिंह, अनुज कुमार सिंह, एकलव्य पाण्डेय, अशोक सिंह, छोटन सिंह, सौरव कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, शलेश कुमार, शक्ति कुमार, रमेश कुमार, शिव कुमार आदि मौजूद थे।

# भुइयां समाज को नशा मुक्त कर शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा : तुलसी राम

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

प्रखंड की गनेशपुर पंचायत में रविवार को अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति की बैठक रूपलाल भुइया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में लातेहार विस के पूर्व विधायक प्रत्याशी तुलसी राम ने कहा कि हमारा समाज अंधविश्वास में जी रहा है। समाज के लोग नशे के शिकार हो रहे हैं। शिक्षा से कोसों दूरी बनाए हुए हैं, जिससे समाज का उत्थान नहीं हो रहा है। समाज को विकास की ओर अग्रेषित करने के लिए समाज को नशा मुक्त, बच्चों को शिक्षा पर विशेष देना होगा। तभी समाज संपूर्ण रूप से विकास की ओर अग्रेषित रह सकता है।

इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष सहित कई वक्ताओं ने अपने समाज के



उत्थान संबंधित विषय पर विस्तार पूर्वक अपनी बातों को रखा गया। मौके पर तुलसी राम, भुइयां, समाज के प्रखंड अध्यक्ष बीरेंद्र भुइयां, रूपलाल भुइयां, प्रभु भुइयां, सुबोध भुइया, हरिनंदन भुइयां, सूरजदेव भुइयां, रामचरित्र भुइयां, हरेन्द्र भुइयां, लालदेव भुइयां, सुरेन्द्र भुइयां, खेमलाल भुइयां, धर्म भुइयां, सुखलाल भुइयां, मनोज भुइयां, विशेश्वर भुइयां आदि मौजूद थे।

# एनटीपीसी के कंबल वितरण का ग्रामीणों ने किया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड की बनहरदी पंचायत में रविवार को आयोजित एनटीपीसी केकंबल वितरण कार्यक्रम का ग्रामीणों ने विरोध जताया।

एनटीपीसी कंपनी के द्वारा बनहरदी कोल ब्लॉक एरिया में कंबल कंबल वितरण का कार्यक्रम पूर्व से तय था, लेकिन कंपनी के द्वारा लगवाए गए टेंट और कुर्सी ग्रामीणों के नहीं पहुंचने से खाली रह गई। ग्रामीण टेंट कुर्सी के चंद फासलों के बीच में ही बैठक करते रहे लेकिन कंबल लेने के लिए आगे नहीं आए। इधर ग्रामीणों का कहना था की चिट्ठी में विधायक जी के नाम से कंबल वितरण कार्यक्रम की बात कही गई थी पर जब ग्रामीण कार्यक्रम स्थल पहुंचे तो देखा स्टेज पर कंपनी का

### विधायक की भी सुनने को तैयार नहीं थे ग्रामीण

बैनर लगा हुआ है जिसे देखकर ग्रामीण भड़क गए और कार्यक्रम स्थल के बगल में बैठक करने लगे इसी बीच लातेहार विधायक बैजनाथ राम व झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव वंहा पहुंचे और कार्यक्रम स्थल के बगल में बैठक कर रहे ग्रामीणों के बीच पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण विधायक बैधनाथ राम की बात को मानने को तैयार नहीं थे।अंत में विधायक बैधनाथ राम व झामुमो जिला अध्यक्ष कार्यक्रम स्थल से निकल गए। इस दौरान ग्रामीण लगातार कंपनी के खिलाफ नारे लगाते रहे।

**पहल** | मैत्री क्रिकेट मैच के उपरांत सामूहिक वनभोज का आयोजन

# प्रशासन एकादश ने पत्रकार एकादश को दी मात

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

नववर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को प्रखंड मुख्यालय के रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में प्रशासन एकादश और पत्रकार एकादश के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह मैच दस- दस ओवर का खेला गया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी पत्रकार एकादश की टीम आठ ओवर में 64 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। प्रशासन एकादश की टीम की कप्तानी कर रहे प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया।

वहीं थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने अपनी तेज और धारदार गेंदबाजी



से तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रशासन की टीम ने दो ओवर शेष रहते छह विकेट से शानदार जीत दर्ज की। मैच के अंपायर की भूमिका में सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद और कुमार सावन मौजूद थे। मैच के उपरांत दोनो टीमों के खिलाड़ियों ने एक साथ बैठकर सामूहिक वनभोज का आनंद लिया। प्रशासन की टीम में कप्तान बीडीओ राकेश सहाय, उप कप्तान सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, दिलीप कुमार दास, रवि कुमार, नीरज सिंह, साबिर अंसारी, पिंटू प्रजापति, नवल सिंह, बसंत कुमार, सूर्यनाथ राम, सिकंदर, पपलू और संतोषधर दुबे शामिल थे। वहीं पत्रकार एकादश में संजय कुमार, प्रमोद कुमार, अर्जुन विश्वकर्मा, संतोष कुमार, दीपक राज (कप्तान), शशि शेखर (उप कप्तान), मयंक विश्वकर्मा, रवि गुप्ता, अख्तर अंसारी, तस्लीम खान, राहुल गुप्ता, सूरज, राम पाठक, प्रमोद ठाकुर शामिल थे।

# मगध कोल परियोजना में हर्षोल्लास से मनाया गया वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

खान सुरक्षा महानिदेशालय रांची के तत्वाधान में संघमित्रा क्षेत्र अंतर्गत संचालित मगध माइंस में 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह जीएम नृपेंद्रनाथ के अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

बीते 15 दिसंबर से आयोजित सुरक्षा सप्ताह के अंतिम दिन बतौर मुख्य अतिथि खान सुरक्षा निदेशक आफताब अहमद एवं एनटीपीसी चट्टी बारियातू खनन परियोजना दल उपस्थित हुए। सुरक्षा अधिकारी एवं परियोजना दल ने जीएमसहित कई सीसीएल अधिकारियों के साथ बैठक कर खान सुरक्षा की जानकारी ली एवं निरीक्षण भी किया। मुख्य अतिथि आफताब अहमद ने सुरक्षा ध्वज



फहराया। मौके पर अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले सभी कोयला कामगारों के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान सभी ने सुरक्षा की शपथ ली। सीसीएल परिवार शून्य क्षति दक्षता प्राप्त करने हेतु हरसंभव प्रयास करने पर जोर दिया गया। मौके पर मगध जीएम ने संबोधन करते हुए कहा कि सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। मौके पर कन्वेनर यतीश कुमार ने खान सुरक्षा सप्ताह के उद्देश्यों की जानकारी दी। इस दौरान सुरक्षा एवं मनोरंजन की दृष्टिकोण से कई नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य, गान प्रस्तुत किया गया।

## एक नजर

### जरूरतमंदों के बीच कंबल किया वितरित

**गुमला।** कड़ाके की ठंड को नजर में रखते हुए प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश तथा अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने सिविल कोर्ट परिसर में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। तत्पश्चात बस स्टैंड, टावर चौक, पटेल चौक, आदि, जगहों पर भी कंबल वितरण किया गया। बस स्टैंड से एक व्यक्ति को रैन बसेरे में भेजा गया। प्राधिकार के सचिव पार्थ सारथी घोष ने बताया कि जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण प्रत्येक वर्ष किया जाता है ताकि लोगों को ठंड से कोई परेशानी ना हो।

### सीएम को मांग पत्र सौंपा

**गुमला।** अंजुमन गुमला के सदर एम आजमी पम्मू की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा भवन स्थित मुख्यमंत्री चैंबर में मिलकर अल्पसंख्यक हित में विकास संबंधित सरकारी योजनाओं को मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में लागू करने का मांग पत्र सौंपा। दल में सचिव मकसूद आलम अधिवक्ता, कलीम अख्तर, अफसर आलम, मो हसन लड्डन, शहजाद अनवर, फिरोज ठुड्डी, सरवर खान, खुर्शीद पप्पू, अनवर खान, अधिवक्ता मुमताज, कौसर हवारी, नसीम खान, अधिवक्ता मीर मेराज, नसीम खलीफा, सप्पू अंसारी, बबलू राणा, शकील खान शामिल थे।

### रोड किनारे सब्जी की दुकान लगाने वालों से वसूला गया जुर्माना

**गुमला।** जिला मुख्यालय स्थित जशपुर रोड के किनारे सब्जी आदि की दुकान लगाने वालों से नगर परिषद के अधिकारियों ने लगभग 6 हजार रुपये सांकेतिक जुर्माना के रूप में वसूले। बता दें कि नगर परिषद द्वारा बार-बार हिदायत दिए जाने के बावजूद उक्त लोग सड़क किनारे दुकान लगाते से बाज नहीं आ रहे हैं, जिससे सड़क पर जाम लग जाता है।

### ग्रामीणों ने मंत्री से की नाली निर्माण की मांग

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत के ग्रामीणों ने मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव को आवेदन देते हुए लोहरदगा-भंडरा मुख्य पथ स्थित सेरेंगहातु ग्राम में सड़क किनारे नाली निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क किनारे नाली नहीं होने से गांववासियों को काफी परेशानी होती है। बरसात के दिनों में गंदा पानी घर में घुस जाता है, जिससे रास्ता चलना काफी कठिन होता है। गंदा पानी जमने से बीमारी बढ़ने का खतरा रहता है। इमरान आजाद अंसारी, शमशाद अंसारी, सरफुल अंसारी, तनवीर अंसारी, रेशमा नाज, साहिना खातुन, संजय कुमार, गुलशबा परवीन, शिफत परवीन, समसुल अंसारी आदि ने मंत्री से कहा कि लगभग 2 माह पूर्व उपायुक्त को आवेदन देकर नाली निर्माण की मांग की गई थी, परंतु ठोस करवाई नहीं हुई है।

### बिजली चोरी के खिलाफ चलाया गया अभियान

**कैरो।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू के सहायक अभियंता मो जीशान अहमद के नेतृत्व में शनिवार को थाना क्षेत्र के गजनी पंचायत में अवैध बिजली चोरी को लेकर सघन छापामारी की गई। अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले सोहन लोहरा पिता जतरु लोहरा, शीत लोहरा पिता जतरु लोहरा, कुलदीप उरांव पिता बुधुवा उरांव व जगरनाथ राम पिता गोवर्धन राम के विरुद्ध धारा 135,137 के तहत मामला दर्ज कराने की बात कही गई।

### अब तक की सरकारों के विकास के तमाम दावों के बीच आज भी मूल सुविधाओं से वंचित कैरो प्रखंड के आम लोग

# उद्घाटन की बांट जोहते हुए जर्जर हो गया करोड़ों का अस्पताल भवन

**शकील अहमद। कैरो**

विकास के तमाम दावों के बीच आज भी मूल सुविधाओं से नदारद है, जिससे कैरो प्रखंड के आम लोग हलकान हैं। लोहरदगा जिले के कैरो प्रखंड को कुडू प्रखंड से अलग हुए एक दशक से ज्यादा समय बीत गया है। लेकिन आज भी प्रखंड की जनता को मूलभूत सुविधाएं से वांछित रहना पड़ रहा है। झारखंड के मौजूदा सरकार कहती है कि वह आपकी सरकार, आपके लिए आपके द्वार पहुंच रही है। हम आपका अधिकार आपके द्वार तक पहुंचा रहे हैं। सरकार जो भी योजनाएं चला रही हैं उनको तैयार करने में यहां के गांव, जंगल, जमीन को प्राथमिकता में रखा गया है। सरकार कहती है कि जहां पूर्व की सरकार नहीं पहुंच पाते थे वहां



मौजूदा सरकार योजनाओं को लेकर पहुंच रही है। लेकिन आश्चर्यचकित करने वाली बात है कि सरकार के इन तमाम दावों के बीच प्रखंड क्षेत्र के आम नागरिकों की हालत वैसे की वैसे ही बनी हुई है। आज भी लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए प्रखंड से बाहर जाना पड़ता है, जबकि प्रखंड मुख्यालय से महज आधा किमी की दूरी पर एक करोड़ ग्यारह लाख रुपये की लागत से बना अतिरिक्त अस्पताल उद्घाटन की बांट जोहते जोहते जर्जर हो गया। वर्ष 2014 से अस्पताल का भवन बनकर तैयार है। लेकिन आज तक अस्पताल चालू नहीं हुआ। यदि अस्पताल चालू हो जाता तो क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से मुहैया होती। अस्पताल चालू नहीं होने के कारण भवन खंडहर में तब्दील हो रहा है। वर्ष 2008 - 09 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। इसके बाद 2014 में अस्पताल पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो गया। लगभग एक दशक बीत जाने के बाद भी अस्पताल को सरकार चालू नहीं करा पाई है, जबकि 2014 से 19 तक भाजपा की डबल इंजन की सरकार चल रही थी। डबल इंजन की सरकार भी प्रखंड की इस समस्या का समाधान नहीं कर पाई थी। प्रखंडवासियों में आस जगी थी कि शायद महागठबंधन की सरकार क्षेत्र की इस समस्या को समाप्त कर सकती है। इसे चालू कराने में सकारात्मक कदम उठाएगी, परंतु परिणाम ढाक के तीन पात रहा।

## चट्टी प्लस टू विद्यालय का मुख्य गेट बना बच्चों के लिए मुसीबत

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने का दावा करती है। विद्यार्थियों की पढ़ाई पैसे के अभाव मे बंद ना हो इसके लिए सरकार ने योजनाएं शुरू की हैं, लेकिन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति ही देकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का दावा कराना उचित नहीं होगा। विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन व माहौल देने भी जरूरी हैं। बामनडीहा 10 प्लस टू विद्यालय में मुख्य गेट से सड़क की ऊंचाई चार फीट होने से विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। विद्यालय में शौचालय नहीं होने से छात्र एवं छात्राओं को परेशानी हो रही है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा कई बार



विभाग को आवेदन देने के बाद फिलहाल शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है, परंतु मुख्य गेट और सड़क की ऊंचाई विद्यालय में अध्यनरत सैकड़ों बच्चों के लिए मुसीबत बनी हुई है। इस समस्या को लेकर कई बार विभाग व प्रसासन को आवेदन दिया गया पर आज भी समस्या जस की तस बना हुई है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दीप्ती कुमारी ने बताया कि मुख्य गेट से विद्यालय आने में परेशानी उठानी पड़ती है। उपायुक्त ने विद्यालय निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों को मुख्य गेट पर पीसीसी कराने का निर्देश दिया था। इसके बाद बालू, चिप्स आदि सामग्री गिराई गई थी पर पीसीसी नहीं बन पाया, जिसमें प्रति दिन बच्चे विद्यालय प्रवेश करने के दौरान गिरकर घायल होते हैं।

# देश की प्रगति के लिए क्वालिटी एजुकेशन जरूरी: मंत्री डॉ. उरांव

### एकेडमी के उद्घाटन समारोह में एसपी बोले-सभी धर्मों का सम्मान करना हमारा फर्ज

**नवीन मेलु संवाददाता। लोहरदगा**

शिक्षा ही एक ऐसा मार्ग है, जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा को निखारते हैं। मेरा यह संदेश है कि सभी बच्चे एवं युवा वर्ग मन में दृढ़ संकल्प लेकर शिक्षा ग्रहण करें और आगे बढ़ें। जिला, राज्य और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उक्त बातें विधायक सह सूबे के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा शहरी क्षेत्र स्थित स्टार कालोनी में विस्डम ग्रोव एकेडमी के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने कहा कि देश में क्वालिटी एजुकेशन में सरकारी स्कूलों की तुलना में प्राइवेट स्कूलों का काफी योगदान रहा है। मंत्री ने कहा कि विश्व में जब यह पता किया गया कि विकसित देश इतने आगे कैसे हैं, तो इसकी वजह उन देशों की शिक्षा निकली। इसलिए देश की प्रगति के लिए अच्छी शिक्षा जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को जरूर स्कूल भेजें जिससे देश और समाज का विकास हो सके।

एसपी हारिस बिन जमां ने कहा कि क्वालिटी एजुकेशन में प्राइवेट



स्कूलों का बड़ा योगदान रहा है। लेकिन अब सरकारी स्तर पर भी क्वालिटी एजुकेशन के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म में भी कहा गया है कि पढ़िए। अगर इल्म हासिल करने के लिए चीन भी जाना पड़े तो जाइए। लेकिन अब हमारे देश में भी शिक्षा की ऐसी व्यवस्था है कि बाहर जाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने ने उम्मीद जताते हुए कहा कि ये 'विस्डम ग्रोव एकेडमी' सिर्फ एक इमारत नहीं रहेगी, बल्कि शिक्षा का वो संस्थान बनेगी, जो हजारों परिवारों को बेहतर भविष्य की उम्मीद बनेगा। एसपी ने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान करना हमारा फर्ज है। कुरआन-ए-पाक में इस्लाम धर्म मानने वालों को दुनिया में इंसानियत, मोहब्बत व शांति बनाए रखने के लिए पैगाम दिया गया है। साथ ही हमारे देश का संविधान भी सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाती है। कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा मार्ग है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा को निखारते हैं। मेरा यह संदेश है कि सभी बच्चे एवं युवा वर्ग मन में दृढ़ संकल्प लेकर शिक्षा ग्रहण करें और आगे बढ़े।

विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि कुरान पाक में शुरुआत ही एकरा से हुई है, जिसका अर्थ होता है पढ़िए। विद्यालय की प्रिंसिपल शबनम परवीन ने बताया कि वे बच्चों को एक बेहतर भविष्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि यहां सीबीएसई बेस्ड कक्षा 5वीं स्टेंडर्ड तक की कक्षाएं शुरू हो रही हैं। प्रत्येक वर्ष एक स्टेंडर्ड अपग्रेड किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए स्मार्ट क्लासेस व आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। एकेडमी में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की अतिरिक्त गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। उद्घाटन समारोह में शमायरह सलीम ने अतिथियों का स्वागत किया। साइस्ता ने शिक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, जबकि एकेडमी के डायरेक्टर सलीम अंसारी बड़े व अनुद सलीम ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर समाजसेवी नेसार अहमद, शाहिद अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, पीएस संजय कुमार दुबे के अलावे बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गुमला में वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित सोसो मोड़ के समक्ष शनिवार की रात्रि में एक अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सदर थाना पुलिस के एस.आई. राजू कुमार और सगीर आलम मौके पर पहुंचे। मृत व्यक्ति की पहचान धाघरा थाना स्थित रुकी ग्राम निवासी 35 वर्षीय शंकर साहू (पिता जमा साहू) के रूप में की गई। परिजनों ने बताया की शंकर साहू एक बाइक में तीन लोग सवार होकर अपने फुआ के घर खूंटी गये हुए थे। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### बस की टक्कर से ऑटो सवार दो लोग घायल

**गुमला।** जिला मुख्यालय स्थित उर्मि ढलान के समक्ष एक अज्ञात बस ने एक ऑटो का पीछे जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें लोड धन सड़क पर बिखर गया तथा उसमें सवार 75 वर्षीय श्रवण खड़िया का एक पैर टूट गया, जबकि मंगल खड़िया घायल हो गया। सदर थाना पुलिस गस्ती दल ने घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त दोनों घायलों को सदर अस्पताल भिजवाया, जहां दोनों का इलाज सदर अस्पताल के डॉक्टरों की देखरेख में चल रहा है।

## भंडरा पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

भंडरा पुलिस ने रविवार को चट्टी पिकेट पर लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व मे एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर चट्टी पिकेट के पास दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन को रोक कर आवश्यक वाहनों की कागजात एवं डिक्की खुलवा कर डिग्गी की जांच की गई।

वहीं हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाकर सड़क पर चलने को निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग हेलमेट पहने बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन नहीं चलाएं नहीं तो कार्रवाई होगी। वाहन चेकिंग अभियान से दोपहिया बाइक चलाने वाले इधर-उधर भागते दिखे तथा अपने रास्ता बदलकर लोग भागते दिखे। वाहन जांच अभियान में एएसआई लाल कुमार महतो व पुलिस बल के जवान शामिल थे।



### सेन्हा पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**सेन्हा।** सेन्हा थाना पुलिस प्रशासन द्वारा थाना के समीप अपराध रोकने के उद्देश्य से सघन वाहन जांच अभियान पुअनि गणेश कुमार यादव ने शस्त्र बल के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया, चार पहिया तथा बॉक्साइट लदे वाहनों की जांच की गई। वहीं मोटरसाइकिल चालक को रोक कर हेलमेट तथा वाहन संबंधित कागजातों की जांच की गई। वैसे मोटरसाइकिल चालक जो बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे उनको हेलमेट पहन कर मोटरसाइकिल चलाने की हिदायत दी गई। एसआई गणेश कुमार यादव ने कहा कि आये दिन दुर्घटना होने के कारण वरीय पदाधिकारीयों के निर्देश पर लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा।

## पेशरार में विश्व हिंदू परिषद ने निकाली शोभा यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

अयोध्या से आए अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम के निमित लोहरदगा जिला के पेशरार प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद के द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई।

मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत परावर्तन प्रमुख अनिल गुप्ता, जिला संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू, बजरंग दल सा गौ रक्षा प्रमुख चांदन गोप, समाजसेवी सुभाष सिंह, प्रखंड संयोजक अरविंद यादव, शालू देवी, नेहा देवी, सृष्टि कुमारी, रीना देवी, बिदुमती देवी, साक्षी कुमारी, दिनेश भगत, नंदकिशोर मिश्रा, संत किशोर सिंह, राजेश महतो आदि बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।

## भंडरा में सड़क दुर्घटना में समाजसेवी अधेड़ की मौत

**भंडरा।** भंडरा- सेमरा मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के धनामुजी मोड़ के समीप रविवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानो गांव निवासी लखन लोहरा उर्फ सरदार (52 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि लखन लोहरा सेमरा सप्ताहिक बाजार से अपने घर सेमरा लौट रहा था। तभी विपरीत दिशा से साइकल से नशे की हालत में अपने घर मकुंदा जा रहे जोगो उरांव ने अनियंत्रित होकर लखन लोहरा के सामने आ गया, जिसे बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर लखन लोहरा दुर्घनाग्रस्त हो गए। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस ने घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही नशे में धुत जोगो उरांव को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया। सड़क दुर्घटना में सामाजिक कार्यकर्ता लखन लोहरा उर्फ सरदार की मौत की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। लखन लोहरा काफी मृदुल स्वभाव के थे। मसमानो गांव के अलावे सामाजिक कार्यो में इनकी भूमिका बहुत अहम मानी जाती थी।

## कड़कड़ाती ठंड में गरीबों को कंबल बांट रहे हैं मंच के युवा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा में सर्द मौसम का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ज्यों ज्यों पारा लुढ़क रहा है आमजनों का जीवन कष्टदायक होता जा रहा है। विशेषकर गरीब, लाचार और बूढ़े बुजुर्ग ज्यादा परेशान हो रहे हैं। इसी तकलीफ से निजात दिलाने को लेकर मारवाड़ी युवा मंच के युवा लगातार जरूरतमंदों के बीच जाकर कंबल देकर राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में मंच के प्रदेश संयोजक जय प्रकाश शर्मा अपने सहयोगियों के साथ वृद्धा आश्रम जा कर वहां रह रहे बुजुर्गों को कंबल दिया। उन्होंने कहा कि विगत 3 वर्षो से मंच अपनी ये सेवा देती आ रही है। मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया, सचिव आशीष पोद्दार, प्रतीक पोद्दार, शशांक बर्मन और अन्य साथियों द्वारा सदर अस्पताल, रैन बसेरा, सहित शहर के विभिन्न इलाकों में



लोगों को कंबल दिया जा रहा है। अब ग्रामीण इलाकों में भी इसका लाभ पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक जय प्रकाश शर्मा, मंच कोषाध्यक्ष मयंक मोदी, सह सचिव शुभम शर्मा, जय श्री राम समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से नंदकिशोर राजगढ़िया, शिव प्रसाद राजगढ़िया, अंजनी राजगढ़िया, अशीष अग्रवाल, प्रमोद पोद्दार, अशोक शर्मा, शैलेश पोद्दार, अजय पोद्दार, जय प्रकाश शर्मा का सहयोग मंच को प्राप्त हुआ।

## ट्रैक्टर व जेसीबी वाहन से बैटरी चोरी का मामला दर्ज करने की गुहार लगाई

**कैरो।** थाना क्षेत्र के नरौली निवासी जमुना साहू पिता देवनु साहू ने रविवार को कैरो थाना में लिखित आवेदन देकर बैटरी चोरी का मामला दर्ज करने की गुहार लगाई है। लिखित आवेदन में कहा गया कि शनिवार की रात्रि करीब दो बजे जब मैं शौच करने बाहर निकला तो देखा कि घर के सामने खड़ी मेरे ट्रेक्टर व जेसीबी का बैटरी वाला बक्सा खुला है और बैटरी गायब है तो घर वालों और पड़ोस के लोगों को जगाया। थोड़ी दूर में एक टेम्पो के स्टार्ट होने की आवाज आई। पीछा करने पर टेम्पो तेज गति से भागने लगा और भंडरा थाना क्षेत्र पार कर गया। इसके बाद हमने लोहरदगा थाना संपर्क किया तो पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी ने बी एस कालेज के पास दो चोर को टेम्पो और दो बैटरी के साथ पकड़ा। साथ ही दो तीन चोर भाग खड़े हुए। पकड़े गए चोरों ने अपना नाम दिलशाद अंसारी और विशाल कुमार साहू ग्राम सेरेंगहातु थाना सेन्हा जिला लोहरदगा बताया है। चोरों द्वारा रास्ते में दो बैटरी को फेंक दिया गया। जमुना साहू ने लिखित आवेदन में कहा कि उसी रात उतका निवासी अख्तर अंसारी और तौहीद अंसारी के घर के सामने खड़े उनके ट्रेक्टर से बैटरी की चोरी हुई है। उन्होंने कैरो थाना से अग्रतर करवाई की गुहार लगाई है। कैरो थाना मामला दर्ज करते हुए अग्रतर करवाई में जुट गई है।

**पहल** जनजातीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने युवा भुवनेश्वर रवाना

# 'विकसित होगी विविधता में एकता की समझ'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

158वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं नेहरू युवा केंद्र के सौजन्य से वर्ष 2023-24 के दौरान चलाये जा रहे 15वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के क्रम में लोहरदगा से 10 छात्रों व 10 छात्राओं को भुवनेश्वर (ओडिशा) रवाना किया गया। एक सप्ताह के सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में इन्हें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लेने तथा ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का दौरा करने का अवसर मिलेगा तथा इस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद इनमें देश की सांस्कृतिक विविधता व एकता के बारे में बेहतर समझ का विकास होगा। भुवनेश्वर यात्रा में इनका मार्गदर्शन करने के लिए एक पुरुष व एक महिला सदस्य इनके साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल से नियुक्त किया गया है जो यात्रा व कार्यक्रम के दौरान इनके साथ रहेंगे तथा



आवश्यकतानुसार इनकी मदद /सहयोग करेंगे। अब तक 158 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में 160 छात्र तथा छात्राएं भेजी जा चुकी हैं। जत्थे को राहुल कुमार, कमांडेन्ट-158 बटालियन, सीआरपीएफ तथा नेहरू युवा केंद्र के अधिकारियों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर अब्दुल फारूख खान मौजूद थे।

### गुमला के पहलवानों ने कुश्ती प्रतियोगिता में 10 पदक जीते

**गुमला।** रांची के खेलगांव में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय सीनियर महिला एवं पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता में गुमला के पहलवानों ने बेहतर प्रदर्शन कर 10 पदक जीते। स्वर्ण पदक निलेश कुमार साहू, हर्षित कुजूर, सुकरमुनी कुमारी, रीता कुमारी, कांस्य पदक नवीन कुमार साहू, प्रहलाद कुमार साहू, अंश कुमार, खुशबू तिर्की, फूल कुमारी, नम्रता बारला ने जीमा, विजय सभी पहलवानों को गुमला जिला कुश्ती संघ ने बधाई दी। इनमें गुमला जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष लाल चंद्र शेखर नाथ शहदेव, अंगद विनायक, गिरजा साहू, राकेश कुमार सोनी, बालमुनी कुमारी, दीपक कुमार, हिमांशु मिंज, शिक्षा विभाग के एपीओ आदित्य राज, एडीपीओ पीयूष शामिल रहे।

# पांच सूत्री मांग को लेकर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने लगाया काला बिल्ला

**नवीन मेलु संवाददाता। सेन्हा**

प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय प्रांगण में कार्यरत शिक्षिकाओं ने अपने अपने कर्तव्य का निर्वाह्न किया परंतु सभी ने काला बिल्ला लगा कर तथा सरकार की दोहरी नीति का विरोध किया।

विदित हो कि विद्यालय में कार्यरत शिक्षिकाएं एवं चतुर्थवर्गी कर्मियों को समानता का अधिकार नहीं दिया जा रहा है। बताते हुए पांच सूत्री मांगों पर ध्यान आकृष्ट कराया गया, जिसमें 50 प्रतिशत वेतन वृद्धि एवं सहायक अध्यापक एवं परियोजना कर्मियों के तहत 4 प्रतिशत वर्षिक वृद्धि किया जाए। 10 साल में सेवारत कर्मियों का सीधा समायोजन किया जाए। पेंशन, ईपीएफ एवं मेडिकल भत्ता का लाभ दिया जाए। सरकारी बहाली में



पूर्व से बहाल शिक्षिकाओं, लेखपाल, गार्ड एवं रसोइया को उनके पद के अनुरूप नियुक्ति में आरक्षण दिया जाए। बिना दोष या छोटी गलतियों पर शिक्षिकाओं/शिक्षकेतर कर्मियों को नौकरी से हटाने की प्रथा पर रोक लगाई जाए। इस सभी बिंदुओं पर सरकार का सकारात्मक पहल हो जिसके लिए प्रतिलिपि के माध्यम से मुख्यमंत्री सह मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार सहित मुख्य सचिव, राज्य कार्यकारणी समिति, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची सहित सभी संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए कहा गया कि उक्त पांच सूत्री मांग पर सहमति प्रदान नहीं किए जाने पर संघ के नेतृत्व में आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने पर हम सभी कर्मी बाध्य होंगे।

## एक नजर

### सहायक टीचर ने सर्टिफिकेट पर सील साइन करने के लिए ली थी रिश्वत, अब जाना होगा जेल

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश में बड़वानी जिले के एक सहायक शिक्षक को छह साल पुराने रिश्वत लेने के मामले में कोर्ट से सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने अपने फैसले में आरोपी शिक्षक सलीम अहमद हनफी को रिश्वत लेने के आरोप में दोषी पाते हुए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत चार साल की कैद सहित पांच हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। बता दें कि साल 2017 में एक निजी स्कूल की मान्यता के ऑनलाइन किए गए आवेदन पर जिला शिक्षा अधिकारी की सील और साइन कराने की एवज में आरोपी ने स्कूल संचालक से दस हजार रुपये की मांग की थी।

### मुरादाबाद के कमिश्नर की फेसबुक आईडी हैक

**मुरादाबाद।** साइबर ठगों ने मुरादाबाद के कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह की फेसबुक आईडी हैक कर ली है। इसके बाद उनके करीबियों और अन्य से पैसे की मांग की जाने लगी। इस मामले में सिविल लाइंस थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक तौर पर पता चला है कि पैसा मांगने वाला राजस्थान का रहने वाला है। पुलिस इस हाईप्रोफाइल मामले की जांच कर रही है। इससे पहले पिछले वर्ष भी कमिश्नर सिंह की आईडी हैक की जा चुकी है। इसका केस भी रामपुर में दर्ज हुआ है। जिले में इससे पहले सीएमओ सहित कई अधिकारियों को साइबर ठग निशाना बना चुके हैं।

### एमपी के ई-नगर पालिका सॉफ्टवेयर पर सायबर अटैक

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ऑनलाइन सेवाओं के लिए संचालित ई-नगरपालिका सॉफ्टवेयर पर सायबर अटैक हुआ है। विभाग की तरफ से जानकारी दी गई कि 21 दिसंबर को सॉफ्टवेयर पर सायबर अटैक हुआ है। इसके बाद बतौर एहतिहात सुबह 11 बजे विभाग के सभी सर्वरों तथा संचालित नेटवर्क को टीम ने तुरंत बंद कर दिया। इसके बाद इंडियन कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम तथा सायबर पुलिस को सूचना दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि संधारित डाटा के लीक होने के कोई साक्ष्य प्राप्त नहीं हुए हैं। विभाग का बैकअप डाटा अभी सुरक्षित है। इंडियन कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार एमपीएसईडीसी तथा विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सिस्टम को दोबारा चालू करने का काम किया जा रहा है। सोमवार या मंगलवार को ई नागरिक सेवाओं को दोबारा बहाल कर दिया जाएगा। सॉफ्टवेयर के सर्वर को बंद करने के कारण प्रॉपर्टी टैक्स, मेरिज सर्टिफिकेट, वॉटर कनेक्शन, बिल भुगतान तथा ट्रेड लाइसेंस की सेवाएं प्रभावित रहेंगी। यह सेवाएं 413 में से 412 नगरीय निकाय में सोमवार या मंगलवार तक बहाल हो सकेंगी। सायबर अटैक का असर भोपाल को छोड़कर बाकी नगरीय निकायों में हुआ है। दरअसल भोपाल में ई-नगरपालिका सॉफ्टवेयर की जगह बीएमसी ऑनलाइन वेबसाइट का उपयोग किया जाता है।

### एक्शन में पंजाब पुलिस: 20 दिनों में 14 मुठभेड़

# तीन बदमाश ढेर, गैंगस्टरों में दहशत का माहौल

**एजेंसी। चंडीगढ़**

पिछले करीब तीन हफ्तों में लुधियाना, मानसा, पटियाला और मोहाली, जालंधर समेत कई जिलों में पंजाब पुलिस गैंगस्टरों व बदमाशों का सफाया करने में जुट गई है। पुलिस की गोली गैंगस्टरों में खौफ पैदा कर रही है। हालात यह हैं कि पंजाब में खतरनाक गैंगस्टरों का नेटवर्क टूटने लगा है। 14 एनकाउंटर में तीन गैंगस्टरों की मौत हो चुकी और करीब 10 को गोली लगी है। सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब पुलिस को गैंगस्टरों पर सख्ती बरतने का आदेश दिया है। पुलिस प्रवक्ता आईजी सुखचैन सिंह ने हाल ही में कहा था कि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि किसी भी अपराधी को राज्य में पैर रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में शामिल मानू कुस्सा और जगरूप रूपा की मुठभेड़ में मौत के बाद



अब पंजाब पुलिस फिर एक्शन मोड पर है। पुलिस के इस एक्शन से गैंगस्टरों में खौफ है। पिछले दिनों पंजाब में रंगदारी के मामले में इजाफा देखने को मिला। पुलिस ने इस दौरान 130 एफआईआर दर्ज कीं और 117 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। रंगदारी के वजह से व्यापारी वर्ग खौफ में था और कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस पर दबाव बढ़ता जा रहा था। लिहाजा, पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन चलाने की तैयारी की। इसकी शुरूआत नवंबर के आखिरी सप्ताह में तब हुई जब लुधियाना पुलिस ने दो गैंगस्टरों को मार गिराया। पुलिस को दोनों गैंगस्टरों की कारोबारी संभव जैन के अपहरण और गोली मारने के मामले में तलाश थी। इनके पांच साथी पहले ही गिरफ्तार हो चुके थे। ये सभी फिरौती और जबरन वसूली करते थे। संभव जैन के अपहरण मामले को डीजीपी गौरव यादव व स्पेशल डीजीपी अर्पित शुक्ला ने गंभीरता से लिया और हाईलेवल मीटिंग में गैंगस्टरों व बदमाशों के खिलाफ ऑपरेशन की रणनीति बनी। इसके बाद कई पुलिस मुलाजिमों और एनकाउंटर स्पेशलिस्ट को बुलेट प्रूफ जैकेट भी खास तौर पर मुहैया करवाई गई।

**व्यापारियों में काफी रोष व भय का वातावरण था**

संभव जैन कांड के बाद से लुधियाना में व्यापारियों में काफी रोष व भय का वातावरण था। इसके बाद तो पंजाब में लगातार मुठभेड़ की झड़ी लग गई। जालंधर में भी शुक्रवार रात को हुई मुठभेड़ में गैंगस्टर दविंदर पाल को गोली लगी। वह कुशल चौधरी गैंग से जुड़ा है। इससे पहले जस्सा हैप्पोवाल की भी पुलिस से मुठभेड़ हुई थी। जस्सा ने अमेरिका से सुपारी लेकर मां-बेटी की हत्या की थी। वहीं जंडियाला में अमृतपाल अमरी पुलिस मुठभेड़ में मारा जा चुका है।

### हिमाचल में पेंशन से 1,368 करोड़ बढ़ा राजस्व घाटा

**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश में पेंशन, उपदान और ऋण लेने के कारण राजस्व व्यय बढ़ रहा है। महालेखाकार कार्यालय ने राज्य सरकार को सभी अनुत्पादक व्ययों में कटौती का सुझाव दिया है। शनिवार को शीत सत्र के अंतिम दिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा सदन में वर्ष 2022-23 की महालेखा परीक्षक रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में सामान्य आर्थिक वातावरण और नीतिगत परिवर्तनों से विचलन संबंधी विवरण देते हुए बताया कि नवीनतम बजट प्राक्कलन के अनुसार राजस्व घाटा 6,072.94 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है जो कि बजट अनुमान से 1,368.81 करोड़ रुपये अधिक है। राजकोषीय घाटा 9,900.14 करोड़ के बजट अनुमान की तुलना में 12,515.73 करोड़ रहने का अनुमान है। इस प्रकार राजकोषीय घाटा सकल राज्य घरेलू उत्पाद की प्रतिशतता के रूप में 5.82 फीसदी रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में बताया कि जुलाई-अगस्त में बाढ़, भूस्खलन ने बुनियादी ढांचे को क्षतिग्रस्त किया है।

### बैकुंठ महोत्सव का आज हुआ समापन



**रांची।** रविवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में श्रीवैकुण्ठ महोत्सव को ले चार दिनों से हो रहे सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान का रात्रि 8:00 बजे शास्त्रीय विधि से समापन हुआ । यह अनुष्ठान 21 दिसंबर से शुरू हुआ था। चारों दिन चार-चार पाली के आयोजित अनुष्ठान में बहुतों संख्या में परिवार समूह के साथ लोगों ने यजमान स्वरूप सहभागिता निभाई । एक-एक पाली में सैकड़ो से ऊपर यजमान परिवार अपने-अपने नाम और गोत्र से संकल्प कराकर अर्चना अनुष्ठान में सहभागी दी। इसके पूर्व प्रातः ब्रह्मांड नायक भगवान का नयनानंददायक विश्वरूप दर्शन हुआ और कंठस्वर से सुप्रभातम्, मंगलाशासनम, वेंकटेश स्तोत्रम, वेंकटेश प्रपत्ति के बाद षोडषोपचार तिरूवाराधन हुआ। फिर सनातन परमात्मा श्रीनिवास तथा सद्भूषणों से सुसज्जित श्यामलांगी सर्वसहा श्रीश्रीदेवी और सर्वाभरण भूषिता श्रीभूमि देवी, सुदर्शन भगवान , उत्सव मूर्ति ,भोग मूर्ति, श्रीपति -शालिग्राम भगवान् और शटकोप (शठारी) भगवान् की महाआरती हुयी। श्री भगवान का पुष्प श्रृंगार हुआ। पोंगल और चटनी के बाल भोग नैवेद्य हुए ।सुश्राव्य वेदध्वनियों से कणानंददायक स्तोत्रों से स्तवन हुआ और दिव्य मंगल ध्वनियों से कणानंददायक मधुर तिरूप्पावै गीत, गोदा स्तुति ,गोदा प्रपत्ति इत्यादि अनेक स्तोत्रों का गायन हुआ।

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरण




रांची। रविवार को 126 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपने पुत्र एवं पुत्रवधू की शादी की सालगिरह के सुअवसर पर संस्था की वरिष्ठ सदस्या श्री मती विधा देवी अग्रवाल और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआरएसश्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। इस संस्था के द्वारा समय- समय निर्धन असहाय जरूरतमंद प्रभू जी कके बीच सेवा के कार्य किए जाते रहते हैं। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में आज रविवार दिनांक 24 दिसम्बर 23 को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम)मंदिर के प्रांगण मे संस्था की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सुनिता अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल एंव तरुण अग्रवाल के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीण, श्रद्धालुओं, निर्धन परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 126 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया।

### बेड़ो सरना क्लब महिला फुटबॉल टीम ने जामटोली डैम में किया वनभोज

बेड़ो। खेल तो खेल होती है और खेल का कोई उम्र नहीं होता उक्त बातें शनिवार को बेड़ो सरना क्लब महिला फुटबॉल टीम की फुटबॉल खिलाड़ी संगीता कुमारी ने प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत स्थित डैम में आयोजित वनभोज कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बेड़ो सरना क्लब महिला फुटबॉल टीम में सभी शादीशुदा महिलाएं शामिल हैं और उनकी ही टीम बनाई गई है।

# विश्वभारती विवि ने नए बैक्टीरिया को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित टैगोर का नाम दिया



**एजेंसी। भोपाल**

विश्व-भारती विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के शोधार्थियों ने एक ऐसे बैक्टीरिया की खोज की है जो पौधों के विकास को बढ़ावा देने में सक्षम है और इसका नाम नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवीन्द्रनाथ टैगोर के नाम पर पेंटोइया टैगोरी रखा गया है। विश्वविद्यालय के वनस्पति विभाग के सहायक प्रोफेसर और अनुसंधान की अगुवाई करने वाले माइक्रोबायोलॉजिस्ट बोम्बा दाम ने कहा है कि बैक्टीरिया में कृषि पद्धतियों में क्रांति लाने की अपार क्षमता है। पश्चिम बंगाल में बीरभूम जिले के शांतिनिकेतन में दाम ने कहा, यह पौधों के विकास को बढ़ावा देने वाला बैक्टीरिया है जो कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने वाला साबित होगा। इसने धान, मटर और मिर्च की खेती को बढ़ावा देने की अपार क्षमता दिखाई है। शोध में दाम की सहायता राजू विश्वास, अभिजीत मिश्रा, अभिनव चक्रवर्ती, पूजा मुखोपाध्याय और संदीप घोष ने की। दाम ने बताया कि उनकी टीम ने शांतिनिकेतन के एक क्षेत्र सोनाझुरी की मिट्टी से बैक्टीरिया को अलग किया। उन्होंने कहा, इसके बाद हमने झारखंड में झरिया की कोयला खनन पट्टी में बैक्टीरिया की खोज की। दाम ने कहा कि पेंटोइया टैगोरी मिट्टी से कुशलतापूर्वक पोटैशियम निकालता है जो पौधों के विकास को बढ़ाता है।

### हरिद्वार में तीन दिवसीय दिव्य अध्यात्म महोत्सव शुरू

# मोहन भागवत और बाबा रामदेव समेत जुटी कई बड़ी हस्तियां

**एजेंसी। देहरादून**


हरिद्वार में कनखल के हरिहर आश्रम में आज रविवार से तीन दिवसीय दिव्य अध्यात्म महोत्सव शुरू हो गया है। महोत्सव के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, स्वामी रामदेव, स्वामी चिदानंद मुनि, पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, पूर्व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक समेत बड़ी संख्या में संत और कई बड़ी हस्तियां शामिल हुई हैं। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद महाराज के पीठ पर विराजमान हुए 25 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस उपलक्ष्य में हरिहर आश्रम में भव्य आयोजन किए गए हैं। सुबह विशेष पूजा अर्चना भी की गई। देर शाम



महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण का अभिनय करने वाले अभिनेता नितीश भारद्वाज की ओर से चक्रव्यू का मंचन किया जाएगा। मोहन भागवत ने कहा कि हम आज विश्व कल्याण के साथ भय मुक्त कामना की कल्पना करते हैं। सृष्टि का कल्याण केवल सनातन में है। ज्ञान भाषण से आचरण नहीं आता है।अगर एक शब्द का भी आचरण कर लिया जाए तो दुनिया में परिवर्तन आ सकता है। भगवान श्री राम इसलिए पुरुषोत्तम नहीं कहलाए, इसके लिए उन्होंने मयार्दाओं का पालन किया। कहा कि अगर हम अपना जीवन बदले तो दुनिया में बदलाव आएगा और भारत फिर से विश्वगुरु बनेगा। अकेला सनातन कल्याणकारी सनातन वर्ण का पालन करें तो दुनिया का भला होगा और हमारा भी भला होगा।

# जलवायु परिवर्तन मानव जाति के लिए विश्व युद्धों से भी बड़ा खतरा : सोनम वांगचुक

**एजेंसी। दिवसपुर**



रमन मैगसायसाय पुरस्कार विजेता सोनम वांगचुक ने कहा कि जलवायु परिवर्तन मानव जाति के लिए विश्व युद्धों से भी बड़ा खतरा है। वांगचुक ने पर्यावरण की रक्षा में आदिवासी समुदायों की भूमिका को रेखांकित किया और आधुनिक शहरों के निवासियों से, प्रकृति के करीब रहने वाले लोगों से जीवन जीने का तरीका सीखने का आग्रह किया। वांगचुक को यहां शैक्षणिक सुधारों, सतत परिवर्तन और पर्यावरण के संरक्षण में उनके योगदान के लिए 20वां उपेन्द्र नाथ ब्रह्मा ह्यसोल्जर ऑफ ह्यूमैनिटी पुरस्कार 2023 प्रदान किया गया। यह पुरस्कार यूएन ब्रह्मा ट्रस्ट द्वारा दिया जाता है। अपने नवाचारों के लिए मशहूर वांगचुक ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास होने चाहिए क्योंकि जलवायु परिवर्तन विश्व युद्धों से भी अधिक खतरनाक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों का सामना करने और जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने में दुनिया भर में आदिवासी समुदायों को मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, आदिवासी समुदाय के लोगों का ज्ञान और उनकी समझ औद्योगीकरण और तथाकथित आधुनिक जीवन शैली की तुलना में लंबे वक्त के लिए अधिक लाभ प्रदान करने वाली है। वांगचुक ने आगाह किया कि पांच सितारा शहरों के रूप में दिल्ली या मुंबई या न्यूयॉर्क की संस्कृति धरती को नहीं बचाएगी। यह आदिवासी संस्कृति और परंपरा है जो प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करती है। उन्होंने कहा कि असम के बोडोलैंड क्षेत्र या लद्दाख के लोगों की पारंपरिक संस्कृति में देश की समृद्धि में योगदान देने की अधिक क्षमता है।

### मौसम खुलते ही अटल टनल पर्यटकों के लिए बहाल, उमड़ी भारी भीड़

शिमला। मौसम खुलते ही रविवार को अटल टनल पर्यटकों के लिए बहाल हो गई है। मनाली से लाहौल घाटी के सिस्सू तक पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। पर्यटकों ने सिस्सू में बर्फ के बीच ठंडी वादियों का आनंद लिया। बर्फ के बीच पर्यटकों ने मस्ती की। वहीं सोलंगनाला में पैराग्लाइडिंग, घुड़सवारी और माउंटेन बाइकिंग जैसे साहसिक खेलों का लुत्फ उठाया।अटल टनल रोहतांग में बर्फबारी हुई थी। बर्फबारी में वाहनों के स्किड होने के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने अटल टनल पर्यटकों के लिए बंद कर दी थी। रविवार को मौसम साफ होने के बाद सभी प्रकार के वाहन अटल टनल की ओर भेजे गए। पर्यटक अटल टनल से होकर सिस्सू और कोकसर पहुंचे।

# महिला अफसर ने लगाई मंदिर में झाड़ू

**पटना। एजेंसी**

कुछ लोगों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। जो खाद्य पदार्थ पूजा करते समय लोग नहीं छूते, उसे मंदिर में फेंक गए। यह अनजाने में नहीं किया गया, यह भी पक्का है। इससे हंगामा होने लगा। पहले भी इस तरह की कोशिश हो चुकी थी, लेकिन इस बार आरोपी की पहचान में समय लग रहा था। हंगामा बढ़ता जा रहा था। तो, बिहार सरकार की महिला अंचलाधिकारी, यानी सीओ ने खुद कमान संभाला। हंगामा रोकने के लिए उन्होंने ऐसा रास्ता अपनाया कि देखकर ही लोग काफी हद तक शांत हो गए। उन्होंने खुद झाड़ू उठाई और मंदिर की सफाई करने लगीं। मामला औरंगाबाद जिले के हसपुरा प्रखंड के अमझरशरीफ इलाके की है। शनिवार को घटना के बाद स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश दिखा। लोगों ने पुलिस से



असामाजिक तत्वों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मौके पर टायर जला कर आक्रोश व्यक्त किया गया। मांग की जा रही है कि ऐसी घटना से मंदिर अपवित्र हो चुका है, इसे तोड़ कर तत्काल नया मंदिर बनाया जाए, वरना विरोध जारी रहेगा। मौके पर दाउदनगर के अनुमंडल पदाधिकारी कुमार ऋषिराज एवं अन्य अनुमंडल और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद हैं।

**दो जुलाई को तीन जगह पर रखा था टुकड़ा**

बता दें पूर्व में भी दो जुलाई हसपुरा प्रखंड के अमझरशरीफ पंचायत में तीन जगहों पर खाद्य पदार्थ (जिसे पूजा करते समय लोग नहीं छूते) टुकड़ा रख दिया गया था। अभी यह मामला सुलझता कि इससे पहले 21 जुलाई को भी बाला बिगहा में मांस रख दिया गया था। इसके बाद पुलिसिया कार्यशैली से नाराज लोगों ने लगातार दो दिनों तक हसपुरा बाजार को बंद रख कर पुलिस प्रसासन के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया था। इसके बाद मामले में अमझरशरीफ के तीन लोगों बदरुद्दीन कुरैशी, मोइज आलम और परवेज आलम को गिरफ्तार भी किया गया था। इसी मामले में तत्कालीन हसपुरा थानाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद पर भी गिरी थी और अजय शंकर को नया थानाध्यक्ष बनाया गया था।

### अयोध्या रामलला मंदिर : 22 जनवरी को संजीवनी योग में होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली आरती यजमान पीएम नरेंद्र मोदी उतारेंगे

**आरपी सिंह / वाराणसी**

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 84 सेकेंड के उस पंच बाण से मुक्त सूक्ष्म मुहूर्त में होगी ,जो प्राण प्रतिष्ठा के अलावा पीएम मोदी के लिए भी अति उत्तम है। इस मुहूर्त का निर्णय करने वाले विद्वानों के अनुसार ग्रहों की अनुकूलता प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त को भारत के लिए कल्याणकारी बना रहा है। ये मुहूर्त देश के साथ ही इस प्राण प्रतिष्ठा के यजमान पीएम नरेंद्र मोदी के लिए भी लाभकारी है। मालूम हो कि अयोध्या में नये बन रहे रामलला मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश भर से 5 मुहूर्त प्रस्तावित किए गए थे। राममंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अंत में गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा और काशी के विद्वानों पर अंतिम निर्णय छोड़ दिया। जिसमें सबसे ज्यादा शुभ मुहूर्त 22 जनवरी का ही निर्धारित किया गया था। देशभर के विद्वानों की ओर से 17, 21, 24, 25 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त दिया गया था। इन मुहूर्तों में से काशी के ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने एक मुहूर्त चुना है। 22 जनवरी की यह तिथि पांच बाण अग्नि बाण, मृत्यु बाण, चोर बाण, नृप बाण और रोग बाण से पूरी तरह से मुक्त है। इसके कारण यह देश के लिए संजीवनी योग का निर्माण कर रही है। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण और राममंदिर के शिलान्यास का मुहूर्त निकालने वाले पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने बताया कि मेष लग्न में वृश्चिक नवांश में अभिजीत मुहूर्त में श्रीरामजन्मभूमि में रामलला की मूर्ति स्थापना के लिए अतिसूक्ष्म मुहूर्त है। ये दोपहर में 12 बजकर 29 मिनट आठ सेंकेंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड तक 84 सेकेंड का है।गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा के परीक्षाधिकारी मंत्री पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने बताया कि 22 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा करने से रामजी की राज्यवृद्धि होगी। प्राण प्रतिष्ठा मुहूर्त पर देश भर से आई आपत्तियों को गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा ने खारिज कर दिया है।

**प्रधानमंत्री के लिए शुभ है**

पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ के अनुसार रामजी का जन्मनक्षत्र पुनर्वसु है। इससे गणना करने पर तृतीय पर्यय में रोहिणी नक्षत्र रामजी को वधतारा पड़ती है। वहीं पीएम मोदी के लिए मृगशिरा नक्षत्र के तीसरे चरण में कोई दोष नहीं है। रामजी के लिए मृगशीर्ष मैत्र तारा है जो कि प्रधानमंत्री के लिए शुभ है।

**श्रीरामजन्मभूमि में रामलला की मूर्ति स्थापना के लिए शुभ**

यह दोपहर में 12 बजकर 29 मिनट आठ सेंकेंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड तक 84 सेकेंड का है। यह मुहूर्त अग्नि बाण, मृत्यु बाण, चोर बाण, नृप बाण व रोग बाण से पूरी तरह से मुक्त है। काशी के पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ के अनुसार- मेष लग्न में वृश्चिक नवांश में अभिजीत मुहूर्त में श्रीरामजन्मभूमि में रामलला की मूर्ति स्थापना के लिए अतिसूक्ष्म मुहूर्त है।

### आतंकी हमले में बलिदान हुए चार जवानों को राजौरी में दी गई श्रद्धांजलि



**जम्मू।** जम्मू संभाग के जिला पुंछ में आतंकी हमले में बलिदान हुए चार जवानों को रविवार को राजोरी के सैन्य कैंप में ससम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी सहित जम्मू कश्मीर प्रशासन व पुलिस के आला अधिकारियों ने वीर बलिदानियों को पुष्पांजलि अर्पित की। गुरुवार दोपहर पुंछ जिले के बफलियाज इलाके में भारी हथियारों से लैस आतंकियों ने सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया था । हमले में चार सैनिक बलिदान हो गए थे । दहशतगर्दों ने ग्रेनेड दागे, फिर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। दो जवानों के शव क्षत-विक्षत भी कर दिए गए। कुछ जवानों के हथियार भी ले भागने की आशंका है। पाकिस्तान समर्थित पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली थी ।

# रेलवे के सीनियर इंजीनियर पर यौन उत्पीड़न का आरोप, जांच शुरू




**एजेंसी। गया**

गया में कार्यरत एक महिला रेलकर्मी ने अभियंत्रण शाखा के वरीय प्रशाखा अभियंता के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत की है। पीड़िता ने इसकी शिकायत वरीय रेल अधिकारी के पास सीधे तौर पर की है। हालांकि यह मामला किसी थाना तक नहीं पहुंचा है लेकिन विभाग और रेल महकमे में इसकी चर्चा आम है। वरीय अधिकारियों तक जब यह मामला पहुंचा तो विभागीय स्तर पर इसकी जांच शुरू कर दी गई। लवे सूत्रों ने बताया कि इस मामले की जांच के लिए दोनों पक्ष (आरोप लगाने वाली और आरोपी रेलकर्मी) को डीडीयू मंडल के कार्मिक विभाग के एक पदाधिकारी के पास अपना अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया गया। पीड़िता हेल्पर-2 के पद पर है जो गया में कार्य निरीक्षक कार्यालय में कार्यरत वरीय प्रशाखा अभियंता राकेश कुमार सिन्हा पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाई है। आरोपी राकेश कुमार सिन्हा का कहना है कि जो भी आरोप उनके विरुद्ध लगाया गया है वह बिल्कुल असत्य और निराधार है। उन्होंने बताया कि उन्हें जानबूझकर परेशान करने के उद्देश्य से उनपर गलत आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है कि पीड़िता के द्वारा लगाए गए आरोप की जांच के लिए डीडीयू मंडल के कार्मिक विभाग के कल्याण शाखा द्वारा एक पत्र जारी किया गया है। जिसमें दोनों पक्षों को डीडीयू मंडल मुख्यालय में सहायक कार्मिक अधिकारी मनोज पासवान के कक्ष में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। अब जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि आरोप सत्य है या फिर जो आरोपी कह रहे हैं वो सत्य है।

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
सोमवार, 25 दिसम्बर, 2023



सुप्रभात

दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते : अज्ञात



## जनप्रतिनिधि व समाज

**झारखंड** के पलामू प्रमंडलीय आयुक्त और आईजी का गढ़वा जिले के रंका प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का भ्रमण सह निरीक्षण के उपरांत यह कहना सरासर सही है कि किसी भी क्षेत्र के विकास और शांति व्यवस्था में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सरकार जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक योग्य एवं जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाने में सभी के सहयोग से ही सफलता प्राप्त होगी। साथ ही पंचायत के मुखिया का जुड़ाव समाज के अंतिम व्यक्ति तक होता है। उन तक विकास योजनाओं को पहुंचाने में मुखिया सहयोग करें। यह सही है कि सरकार योजनायें लाती है लेकिन उसे जमीन पर अमलीजामा पहनाने में सभी लोगों की अपनी भूमिका होती है। सभी के सहयोग से ही विकास योजनाओं में आ रही बाधाओं को आपसी समन्वय से दूर किया जा सकता है। इसमें प्रखंड व अंचल कार्यालयों की बड़ी भूमिका होती है। हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि हेमंत सरकार की बहुत सारी योजनाएं हैं। लेकिन आपसी समन्वय नहीं रहने की वजह से वह योजना लागू नहीं हो पा रही है। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर हो रहा है। इसके माध्यम से सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ आमजनों को मिलना ही कार्यक्रम की सफलता मानी जा सकती है। इस काम को अंजाम तक पहुंचाने में जनप्रतिनिधियों की बड़ी भूमिका होनी चाहिए। चाहे वह किसी पार्टी के हों। विकास के कार्य आम जनता के लिए जब हो रहे हों तो सबको आगे आने की जरूरत है। कारण इससे जनता को फायदा होगा। इसमें राजनीति की कोई जरूरत नहीं है। वैसे भी सरकार की योजनाओं के अलावे समाज में कई तरह की समस्या है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। मसलन अब नया साल आने वाला है। नये वर्ष मे यह देखा जाता है कि वाहन चलाते समय शराब का अत्यधिक सेवन लोगों द्वार किया जाता है। इसे रोकने की जरूरत है। यह सामुहिम प्रयास से ही संभव है। सड़क दुर्घटना रोकने के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है। नाबालिग वाहन न चलाएं। व्यस्क हेलमेट लगाकर एवं यातायात के नियमों का पालन करते हुए ही वाहन चलाएं, ताकि अपनी सुरक्षा बनी रहे। विधि व्यवस्था संधारण को पुलिस प्रशासन तत्पर हैं। लेकिन इसमें सबकी भागीदारी जरूरी है। साथ ही राज्य के सभी अधिकारियों को पलामू प्रमंडल के इन अधिकारियों से सबक लेते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें। इससे आम लोगों में यह संदेश जाता है कि हमारी सुनने वाला सजग है।

**आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर हो रहा है। इसके माध्यम से सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ आमजनों को मिलना ही कार्यक्रम की सफलता मानी जा सकती है। इस काम को अंजाम तक पहुंचाने में जनप्रतिनिधियों की बड़ी भूमिका होनी चाहिए। चाहे वह किसी पार्टी के हों। विकास के कार्य आम जनता के लिए जब हो रहे हों तो सबको आगे आने की जरूरत है। कारण इससे जनता को फायदा होगा। इसमें राजनीति की कोई जरूरत नहीं है। वैसे भी सरकार की योजनाओं के अलावे समाज में कई तरह की समस्या है।**

## भारत का खजाना भरते सात समंदर पार बसे भारतीय

इन दिनों


आर.के.सिन्हा

**अपने** वतन से सात समंदर दूर कामकाज के लिए गए भारतीयों ने देश के खजाने को लबालब भर दिया है। उन्होंने चालू साल 125 बिलियन डॉलर यानी करीब 136 अरब रुपये भारत में भेजे। विश्व बैंक की हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत से बाहर रहने वाले लाखों भारतीयों ने साल 2022 की तुलना में 11 फीसद अधिक धन चालू साल में स्वदेश भेजकर अपने देश से प्रेम का सशक्त परिचय दिया। भारत के बाद मेक्सिको और चीन को अपने देशवासियों से पैसा मिला। हालांकि, भारत की तुलना में इन दोनों देशों को अपनी आबादी के अनुपात में बहुत कम धन मिला। मेक्सिको को 67 बिलियन और चीन को मात्र 50 बिलियन डॉलर मिले। बात बहुत साफ है कि संसार के कोने-कोने में रहने वाले भारतीयों ने अपने देश के खजाने को अपने धन से लबालब भर दिया है। यह उनकी अपनी मातृभूमि के प्रति अद्भुत प्रेम दर्शाता है। भारतीय संसार के किसी भी भाग में चल जाएं पर उनकी पहचान भारतीय के रूप में ही होती है। उन्हें भारत से बाहर बसने के सालों, दशकों तो छोड़िये, कई पीढ़ियों के बाद भी भारतीय ही माना जाता है। भारतीय अफ्रीका, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन त्रिनिदाद, गुआना, मारीशस, फिजी आदि देशों में बसने के बाद भी अपने को भारत से कभी दूर नहीं कर पाते। भारतीय अपने खानपान तथा वेशभूषा के स्तर पर भी सदा भारतीय ही बने रहते हैं। दिवाली और होली, रक्षाबंधन, छठ, करवा चौथ, नवरात्रि, शादी समारोह आदि अवसरों पर भारतीय महिलाएं आमतौर पर साड़ी ही पहनती हैं। इनके घरों में ज्यादातर भारतीय व्यंजन ही पकते हैं। लेकिन, ये जिस देश में भी जाकर बसे वहां की भाषा, खानपान और वेशभूषा को भी आसानी से अपना लेते हैं। आप रविवार को किसी भी चर्च में जाकर देख लें। वहां पर आपको साड़ी पहन कर आईं मसीही स्त्रियां मिलेंगी। यही दृश्य मंदिरों में भी मिलेगा। यानी वेश-भूषा हरेक भारतीय की एक जैसी ही है। आपको भारतीय खाड़ी के देशों के कठिन हालातों से लेकर अमेरिका, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और यूरोप के तमाम देशों में आई टी सेक्टर से लेकर तमाम दूसरे कामों को करते हुए मिलेंगे। चूंकि आमतौर पर भारतीय मितव्ययी होते हैं, इसलिए वे कमाकर पैसा अपने देश भेज देते हैं। जाहिर है, उनके भेजे धन से देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। तो कहना होगा कि भारत की मजबूत आर्थिक सेहत के लिए हमारे उन अनाम भारतीयों का भी कम बड़ा योगदान नहीं है जो हर साल भारत में पैसा भेजते हैं। हालांकि आमतौर पर मीडिया में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा या केन्या के हॉकी के महान खिलाड़ी अवतार सिंह सोहल जैसों की ही चर्चा होती है। बेशक, भारत के बाहर बसे सारे भारतीय ही सही माने में हमारे ब्रांड एंबेसडर भी हैं। इनकी वजह से ही विदेशी मूल के परिवारों में भारत के प्रति और भारतीय रस्म रिवाजों के प्रति झुकाव बढ़ता चला जा रहा है। कल रात मैं दिल्ली में छतरपुर के पास एक विवाह समारोह में गया। लड़का बंगाली है और लड़की आयरिश। लेकिन जब वर-वधु मेरा पैर छूने आये तो साड़ी-गहनों में सजी सिंदूर से मांग भरी लड़की को देखता ही रह गया । मजे की बात तो यह रही की आयरिश दुल्हन को आयरलैंड से आये हुये उनके पिता और लड़की के दो बड़े भाई मुझसे मिलवाने को ले आये। इसी तरह पिछले माह मुझे एक बिहारी लड़के की शादी में आमंत्रित किया गया था जो कि एक आस्ट्रिया की लड़की से शादी कर रहा था। ये सब भारतीयों के प्रति आकर्षण दर्शाता हैं। इन प्रवासी भारतवंशियों के हितों को लेकर केन्द्र और राज्य सरकारों को भी हमेशा नई-नई योजनाओं को लाते रहना चाहिए। उन्हें उनके निवेश पर बेहतर रिटर्न भी दिया जाये, ताकि वे अधिक से अधिक धन देश में भेजते रहें।



**विश्व बैंक की हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत से बाहर रहने वाले लाखों भारतीयों ने साल 2022 की तुलना में 11 फीसद अधिक धन चालू साल में स्वदेश भेजकर अपने देश से प्रेम का सशक्त परिचय दिया। भारत के बाद मेक्सिको और चीन को अपने देशवासियों से पैसा मिला। हालांकि, भारत की तुलना में इन दोनों देशों को अपनी आबादी के अनुपात में बहुत कम धन मिला। मेक्सिको को 67 बिलियन और चीन को मात्र 50 बिलियन डॉलर मिले। बात बहुत साफ है कि संसार के कोने-कोने में रहने वाले भारतीयों ने अपने देश के खजाने को अपने धन से लबालब भर दिया है। यह उनकी अपनी मातृभूमि के प्रति अद्भुत प्रेम दर्शाता है। भारतीय संसार के किसी भी भाग में चल जाएं पर उनकी पहचान भारतीय के रूप में ही होती है। उन्हें भारत से बाहर बसने के सालों, दशकों तो छोड़िए, कई पीढ़ियों के बाद भी भारतीय ही माना जाता है। भारतीय अफ्रीका, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन त्रिनिदाद, गुआना, मारीशस, फिजी आदि देशों में बसने के बाद भी अपने को भारत से कभी दूर नहीं कर पाते। भारतीय अपने खानपान तथा वेशभूषा के स्तर पर भी सदा भारतीय ही बने रहते हैं। दिवाली और होली, रक्षाबंधन, छठ, करवा चौथ, नवरात्रि, शादी समारोह आदि अवसरों पर भारतीय महिलाएं आमतौर पर साड़ी ही पहनती हैं। इनके घरों में ज्यादातर भारतीय व्यंजन ही पकते हैं। लेकिन, ये जिस देश में भी जाकर बसे वहां की भाषा, खानपान और वेशभूषा को भी आसानी से अपना लेते हैं। आप रविवार को किसी भी चर्च में जाकर देख लें।**

## आप की बात

### भरे नाली के कचरे से लोग परेशान

मेदिनीनगर शहर के धोबी मुहल्ला, भट्ठी मुहल्ला, मदनमोहन रोड, माली मुहल्ला, दुर्गा बाड़ी रोड, भुईयां रोड, मुस्लिम नगर, कन्नी राम रोड, मुख्य बाजार, पंचमुहान रोड ,सेवा सदन का बड़ा नाला ,आदर्श नगर का नाली समेत बाजार क्षेत्र के नाला में कचरा भरा हुआ है। अधिकांश नाला-नाली खुला रहने के कारण वार्ड के निवासी, दुकानदार,नगर निगम के सफाई कर्मचारी भी झाडु देते वक्त सड़क पर लगा कचरा नाला, नाली मे ही डाल देते है। बर्षा के दिनों में वही डाला गया कचरा ,फोम, बोरा ,मलवा, प्लास्टिक ,रददी पानी में बहकर नीचे की ओर के नाला ,नाली में भर जाता है। एक सफाई कर्मचारी से इसकी सफाई भी संभव नही है। सफाई कर्मचारी चार घंटे कार्य के दौरान मनमाना कार्य करके चले जाते हैं। सफाई व अन्य नागरिक सुविधा देने के लिए बराबर उपायुक्त से लेकर मुख्यमंत्री जन-शिकायत केन्द्र में लिखित आवेदन दिया जाता रहा है। जिस पर कभी-कभार दिखावे के लिए थोड़ा बहुत सफाई कराकर फोटो खींचकर भेजकर अपना सफाई दे दिया जाता है। जबकी दुर्गा बाडी का नाली देखा जा सकता है। नावाहाता दलित टोला की भी स्थिति नारकीय है। जिसका युद्ध स्तर पर सफाई करवाने की आवश्यकता है। शहर में फैली गन्दगी, नाला -नाली में भरा कचरा का सफाई हेतु आज फिर सेनगर आयुक्त से मिलकर आवेदन दिया गया है। जिस पर वे कनीय अभियंता ,नोडल पदाधिकारी , सफाई प्रभारी को आदेश दिये है लिखित रुप में ,सबसे ज्यादा कचरा नाला ,नाली में भरा है।

**विश्वनाथ राम, घुरा प्रदेश महासचिव राजद झा0पलामु।**

राजनीति

## 2024 के अंतरिम वोट ऑन अकाउंट बजट की तैयारी शुरु


किशन भावनानी गोंदिया

**वैश्विक** स्तर पर पूरी दुनियां के साथ-साथ भारतीय अर्थव्यवस्था पर नजर रखने वाले हर क्षेत्र के हितकारी लोगों की नजरे लोकसभा चुनाव 2024 के पूर्व 1 फरवरी 2024 को पेश होने वाले अंतरिम बजट 2024-2025 पर लगी हुई है,क्योंकि आमजनता इस आस में है कि इस अंतिरिम बजट 2024 में चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए लोक लुभावना घोषणाएं की जायेगी और आम जनता के साथ साथ वोटरों को भी आकर्षित किया जायेगा, परंतु पिछले कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि लगातार विकास कार्यों, स्कीमों की घोषणाएं होती ही रहती है इसीलिए ही माननीय केंद्रीय वित्तमंत्री ने एक कार्यक्रम में इशारा दे दिया है कि 2024 के 1 फरवरी वाले अंतरिम बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं करने जा रही है बल्किइसके लिए जुलाई 2024 में पेश होने वाले पूर्ण बजट का इंतजार करना होगा। मेरा मानना है कि इससे जनता को कुछ मायूसी जरूर हुई होगी परंतु सब्र का फल मीठा होता है मुझे विश्वास है जुलाई 2024 में बड़ी असरदार घोषणाओं की संभावना की उपलब्धि से इनकार नहीं किया जा सकता। चूंकि बजट 2024-2025, 1 फरवरी 2024 के अंतिरिम बजट की तैयारी शुरू हो गई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे वित्त वर्ष 2024-2025 में दो बार बजट पेश होगा अंतरिम बजट व पूर्ण बजट। साथियों बात अगर हम अंतिरिम बजट 1 फरवरी 2024 की तैयारीयों की करें तो, वित्त मंत्रालय के इकोनामिक अफेयर्सडिपार्टमेंट के बजट डिवीजन को अंतरिम बजट तैयार करना है, अगर एक्सपेंडिचर सेक्रेटरी द्वारा प्री बजट मीटिंग की बात करें तो यह अक्टूबर 2023 के दूसरे हफ्ते में शुरू हो चुका था जो यह नवंबर के मध्य तक जारी रहा था। इस सर्कुलर के हिसाब से दिसंबर में बजट प्रस्ताव तैयार करने की शुरूआत कर दी गई है। सन 2024-25 के बजट अनुमान के हिसाब से प्री बजट मीटिंग करने के बाद अंतरिम बजट 2024 की तैयारी की जा रही है।


**साथियों बात अगर हम अंतिरिम बजट 1 फरवरी 2024 की तैयारीयों की करें तो, वित्त मंत्रालय के इकोनामिक अफेयर्सडिपार्टमेंट के बजट डिवीजन को अंतरिम बजट तैयार करना है।**

बोधि वृक्ष


## ऋषि मार्कण्डेय की कथा

एक रूची नाम का साधक ब्रह्मचारी रह कर वेदों अनुसार साधना कर रहा था। जब वह 40 (चालीस) वर्ष का हुआ तब उस को अपने चार पूर्वज जो शास्त्रविरुद्ध साधना करके पितर बने हुए थे तथा कष्ट भोग रहे थे, दिखाई दिये। 'पितरों ने कहा कि बेटा रूची शादी करवा कर हमारे श्राद्ध निकाल, हम तो दुःखी हो रहे हैं। रूची ऋषि ने कहा पित्रामहो वेद में कर्म काण्ड मार्ग (श्राद्ध, पिण्ड भरवाना आदि) को मूर्खों की साधना कहा है। फिर आप मुझे क्यों उस गलत (शास्त्र विधि रहित) साधना पर लगा रहे हो। पितर बोले बेटा यह बात तो तेरी सत्य है कि वेद में पितर पूजा, भूत पूजा, देवी-देवताओं की पूजा (कर्म काण्ड) को अविद्या ही कहा है इसमें तनिक भी मिथ्या नहीं है।'इसी उपरोक्त मार्कण्डेय पुराण में इसी लेख में पितरों ने कहा कि फिर पितर कुछ तो लाभ देते हैं। **विशेषः-** यह अपनी अटकलें पितरों ने लगाई है, वह हमने नहीं पालन करना, क्योंकि पुराणों में आदेश किसी ऋषि विशेष का है जो पितर पूजने, भूत या अन्य देव पूजने को कहा है। परन्तु वेदों में प्रमाण न होने के कारण प्रभु का आदेश नहीं है। इसलिए किसी संत या ऋषि के कहने से प्रभु की आज्ञा का उल्लंघन करने से सजा के भागी होंगे। एक समय एक व्यक्ति की दोस्ती एक पुलिस थानेदार से हो गई। उस व्यक्ति ने अपने दोस्त थानेदार से कहा कि मेरा पड़ोसी मुझे बहुत परेशान करता है। थानेदार ने कहा कि मार लट्ठ, मैं आप निपट लूंगा। थानेदार दोस्त की आज्ञा का पालन करके उस व्यक्ति ने अपने पड़ोसी को लट्ठ मारा, सिर में चोट लगने के कारण पड़ोसी की मृत्यु हो गई। उसी क्षेत्र का अधिकारी होने के कारण वह थाना प्रभारी अपने दोस्त को पकड़ कर लाया, कैद में डाल दिया तथा उस व्यक्ति को मृत्यु दण्ड मिला। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

## इंडिया गठबंधन को स्वीकार नहीं राहुल का नेतृत्व


डॉ. आशीष वशिष्ठ

**बीजेपी** को सत्ता से बाहर करने की नीयत से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गठबंधन के गठन के लिए भागदौड़ की थी। नीतीश के प्रयासों के चलते ही बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक हुई थी। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस यानी इंडिया की चौथी बैठक दिल्ली में संपन्न हो गई। इस बैठक से उम्मीद थी कि गठबंधन अपना संयोजक या फिर प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर कोई निर्णय ले सकता है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। छह महीने में चार बैठकें करने बावजूद गठबंधन के दल साथ चलने, बीजेपी को हराने की हवा हवाई बातों से ज्यादा कुछ कर नहीं पाए हैं। लेकिन इस बैठक में एक खास बात हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। ममता का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया। हालांकि इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका। लेकिन ममता बनर्जी और केजरीवाल ने बड़ी चालाकी से खरगे का नाम आगे करके राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर दिया। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता समझते हुए खरगे ने कहा, पहले जीतें, फिर देखेंगे। इस मसले पर भले ही कोई फैसला नहीं हुआ, लेकिन ममता और केजरीवाल ने राहुल की पीएम पद की दावेदारी को तो डाउन कर दिया। बीजेपी को सत्ता से बाहर करने की नीयत से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गठबंधन के गठन के लिए भागदौड़ की थी। नीतीश के प्रयासों के चलते ही बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक हुई थी। इसके बाद बेंगलुरु और मुंबई में दूसरी और तीसरी बैठक हुई। लगभग छह महीने में गठबंधन की चार बैठकें हुई। पहली बैठक से ही कांग्रेस अपने को ऐसे पेश कर रही थी कि, विपक्षी दल उसके प्रयासों से एकजुट हुए हैं। कांग्रेस ने हर बैठक में अपना हाथ और एजेंडा ऊपर रखा।

**बीजेपी को सत्ता से बाहर करने की नीयत से नीतीश कुमार ने गठबंधन के गठन के लिए भागदौड़ की थी। नीतीश के प्रयासों के चलते ही बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक हुई थी।**

## टेक वर्ल्ड: भारत में ऐप खरीदने की मची होड़

**ऐसे** में कंपनी अपना भारत में कारोबार बेचने जा रही है। रिपोर्ट की मानें, तो डिज्नी प्लस हॉटस्टार को दिग्गज कारोबारी गौतम अडानी खरीद सकते हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की मानें, तो पिछले कुछ दिनों से डिज्नी प्लस हॉटस्टार की गौतम अडानी से बातचीत चल रही है। इसके साथ ही सन टीबी नेटवर्क मालिक कलानिधि मारन से भी बातचीत का दौर जारी है। ऐसा माना जा रहा है कि, डिज्नी प्लस हॉटस्टार संभावित पार्टनर और कारोबार बेचने पर विचार कर रहा है। बता दें कि, पिछले लंबे वक्त डिज्नी प्लस हॉटस्टार के सब्सक्राइबर घट रहे हैं। ऐसे में कंपनी भारत से निकलना चाह रही है। डिज्नी प्लस हॉटस्टार स्पोर्ट्स इवेंट की वीडियो स्ट्रीमिंग करने वाला बड़ा प्लेटफॉर्म था, जिससे कंपनी को बड़ा फायदा हो रहा था। लेकिन पिछले साल जियो ने फीफा वर्ल्ड कप और क्रिकेट मैचों की फ्री स्ट्रीमिंग करके डिज्नी प्लस हॉटस्टार का खेल बिगाड़ दिया है। हालांकि, एक बार फिर डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने एशिया कप और क्रिकेट वर्ल्ड कप के राइट हासिल करके कारोबार बचाने की कोशिश की है। लेकिन फिर भी कंपनी को फ्री में मोबाइल पर क्रिकेट मैचों का लाइव प्रसारण करना पड़ रहा है। अगर गौतम अडानी या फिर कलानिधी मारन डिज्नी प्लस हॉटस्टार की ओनरशिप हासिल कर लेते हैं। तो उसका मुकाबला सीधे जियोसिनेमा से होगा। ऐसे में मुकेश अंबानी की मुसीबतें बढ़ सकती हैं। लेकिन इससे आम यूजर्स को फायदा हो सकता है, क्योंकि दोनों कंपनियों की तरफ से सस्ते सब्सक्रिप्शन पेश किये जा सकते हैं।




स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# प्रेम, भाई-चारे व मित्रता का संदेश देता है क्रिसमस

**वेद प्रकाश**



25 दिसंबर को सारे संसार में क्रिसमस अर्थात बड़ा दिन मनाया जाता है। यह ईसाइयों का प्रमूख त्योहार है। इस दिन का महत्त्व पैगम्बर ईसा के स्लीब पर लटकाए जाने के बाद फिर से जीवित होने की खुशी से है। क्रिसमस की तैयारियां हर साल दिसंबर माह के पहले सप्ताह से ही शुरू हो जाती हैं। लोग अलग अलग प्रकार के पुष्पों, झालरों तथा लाइटों से अपने घरों को सजाते हैं। इस दिन लोग एक दूसरे को उपहार देते हैं। बड़े बच्चों के लिए उपहार लाते हैं तथा घरों के आगे क्रिसमस का पेड़ लगाया जाता है। जिसके आस पास सभी लोग इकट्ठे होते हैं और क्रिसमस का त्योहार मनाते हैं। असल में क्रिसमस की शुरूआत 12 दिन पहले ही शुरू हो जाती है और इस बारह दिन के उत्सव को क्रिसमसटाइड कहा जाता है। गलियों-मुहल्लों को रौशनी से सजाया जाता है। क्रिसमस का पेड़ भी बेहद महत्वपूर्ण होता है। इसके साथ कई लोग क्रिसमस के दिन बर्फ की मूरत भी सजाते हैं। क्रिसमस के दिन मशहूर सांता क्लॉस बच्चों के लिए उपहार लाते हैं। संता एक पौराणिक पात्र हैं जिनकी कहानियां बच्चों में मशहूर हैं। इस दिन ईसाइयों के घरो में क्रिसमस पेड़ सजाया जाता है। क्रिसमस पेड़ो पर फूल, गुब्बारे,खिलौने आदि बांधे जाते है तथा इसके नीचे उपहार भी लपेट कर रखे जाते हैं। बच्चों के सिरहाने मिठाइयां, टॉफियां आदि भी छिपाकर रखी जाती हैं। यह त्यौहार प्रेम,भाई-चारे तथा मित्रता का संदेश देता है। इस दिन गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं होती हैं। यह त्यौहार मुख्य रूप से रात के समय मनाया जाता है। ईसाई धर्म को मानने वाले स्त्री-पुरूष, बाल, वृद्ध,युवक-युवतियां इस दिन विशेष वस्त्र धारण करते हैं। इनके द्वारा बताया गया कि मनुष्य की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। उन्होंने लोगों को सहनशील बनने के लिए कहा। छोटी-छोटी बातों के लिए आपस में लड़ना ठीक नहीं। ईसा के उपदेशों का लोगों पर बहुत प्रभाव पड़ा लोग उन्हें ईश्वर का अवतार मानने लगे।

# सदा हमारे साथ हैं सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल

**नवीन कुमार सहाय**

**25 दिसम्बर विशेष**



पिछले वर्ष आज के ही दिन बाबा यानी स्व. सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल का जाना और अकस्मात ऐसे जाना एक अजीब सी हूक में डूबे हुए हैं निरंतर यह महसूस हो रहा है कि अच्छी उम्र के होकर भी वह असमय चले गए। मैंने बहुतों को देखा है। उम्र से पहले बुढ़ाते, उम्र आने पर बुढ़ाते, उसकी असहायता के सामने घुटने टेकते, विदीर्ण होते, बिलखते अकेले होते। लेकिन मैंने नहीं देखा उन्हें बुढ़ाते, बुढ़ापे के सामने घुटने टेकते। वे ऐसे चिर युवा थे, जो अपनी सांसों का पूरा हिसाब मुस्तैदी से, स्वयं से लेते रहे। सांसों की हर बूंद उनके लिए घोर सक्रियता का पर्याय थी। यही वजह है कि उन्हें अपने मृत्यु का एहसास पहले ही हो चुका था। इसलिए उन्होंने लिखा की 'दस्तक पड़ चुकी है, काले कौवे की मेरे मुंडेर पर'। हाड़ कंपा देने वाली कड़ाकेदार ठंड ने अपने अनेक डरावने रूप दिखाये, उन्हें मात करना चाहा, रोग- शोक दोनों ही माध्यम से, मगर वह रोग -शोक का गरल पीकर पूरी जिजीविषा के साथ खड़े रहे। खड़े ही ना रहे, उसे गहरे सृजनात्मक बनाकर जीते रहे।सदा हमारे साथ हैं सत्यदेव प्र. अग्रवाल। मुझे याद आ रहा है जब राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण हेतु धन संग्रह का आग्रह मैंने किया तो उम्मीद थी की थोड़ी बहुत राशि तो मिल ही जाएगी, परंतु यह उम्मीद ही नहीं थी कि वह इतनी बड़ी राशि इस पुनीत कार्य के लिए देंगे। इतना ही नहीं उन्होंने छतरपुर अवस्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में एक भव्य आयोजन किया। जिसमें तत्कालीन प्रांत प्रचारक रवि जी उपस्थित हुए और हम सभी को उनका बौद्धिक प्राप्त हुआ।

बाबा सच्चे अर्थों में सनातन संस्कृति के पक्षधर और पोशक थे। उनके पास जो भी आया चाहे वह किसी विचारधारा व पार्टी के लोग हो उन्होंने उनका सहयोग किया परंतु उनकी आत्मा तो कॉलेज में बस्ती थी। उनके साथ कॉलेज के विस्तार शैक्षणिक कार्यों में शिक्षकों एवं छात्रों की सहभागिता पर चर्चा करता तो घंटा समय कैसे बीत जाता पता ही नहीं चलता था। प्रत्येक दिन मैं उनकी कार से, साथ में कॉलेज जाता पूरा सफर एक अलग उमंग और उत्सव में बीत जाता और कॉलेज पहुंचते ही हम सभी अपने-अपने कार्यों को निष्पादित करने में लग जाते कई बिंदुओं पर मैं नाराज हो जाता तो वह मुझे समझाते और डांटते, अब कौन इतनी आत्मीयता से डांटेगा हम सबके भीतर की प्रतिभा को जगाने के लिए कौन प्रेरित करेगा। पर ऐसा लगता है की वह कहीं गए नहीं है, वे है और अपनी वात्सल दृष्टि से हम सबको देख रहे हैं। सांत्वना दे रहे हैं मऔर कह रहे हैं - 'मेरे जाने का शौक मत करो, मैंने जो अधूरे कार्य छोड़े हैं उन्हें आगे बढ़ाओ। मैं गया कहां हूं इतने सारे असंख्य के लोगों के मन में हूं।'

## काव्य कोना

### ओ युगपुरुष, ओ द्वारकाधीश

ओ युगपुरुष,ओ द्वारकाधीश
तुम कहां गये
तुम्हारे दर्श को खड़ा
धरातल के कोने में
युगपुरुष तुम कहां गये।

संयोग यह अजब
नगण्य भी
बन बैठा , मान बैठा अगण्य
प्रत्यंचा चढ़ाये अपनी
सुना रहा अपना जयघोष
न कोई स्पर्धा, न कोई युद्ध
लटका त्रिशंकु की तरह
कोशिश
दिखे समतुल्य तुम्हारे
युगपुरुष तुम कहां गये।

ओ युगपुरुष,ओ द्वारकाधीश
तुम कहां गये
तुम्हारे दर्श को खड़ा
धरातल के कोने में
युगपुरुष तुम कहां गये।

❖ **नाग मणि**

# मोहम्मद रफी साहब की गायकी को दुनिया सदा याद रखेंगी



**विजय केसरी**

भारत के महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी साहब की गायकी को सदा दुनिया याद रखेगी। उन्होंने भारतीय हिन्दी सिनेमा को एक से एक महत्वपूर्ण गीतों नवाजा। उनके गाए गीत आज भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही पसंद किए जाते हैं। वे जितने बड़े गायक थे, वास्तविक जीवन में उतने ही सहज और सरल थे। मोहम्मद रफी जन्म 24 दिसंबर 1924 को अमृतसर के कोटला सुल्तान सिंह में हुआ था। उनकी प्रारंभिक स्कूलिंग कोटला सिंह में ही हुई थी। वे इस धरा पर लगभग 56 वर्षों तक रहे थे। वे 31 जुलाई 1980 को इस दुनिया से सदा सदा के लिए हो गए थे। वे हिन्दी सिनेमा के श्रेष्ठतम पार्श्व गायकों में से एक थे। वे अपनी आवाज की मधुरता लिए समकालीन गायकों के बीच एक अलग पहचान बनाई थी। मोहम्मद रफी साहब को शहंशाह-ए-तरन्नुम भी कहा जाता रहा है। आज भी उनकी यह उपाधि उसी रूप में बरकरार है। यह रफी साहब के लिए एक बड़ी उपलब्धि के सवाल है।

मोहम्मद रफी की आवाज ने अपने आगामी दिनों में कई नए गायकों को प्रेरित किया। इनमें सोनू निगम, मुहम्मद अजीज तथा उदित नारायण का नाम उल्लेखनीय है। मोहम्मद रफी साहब ने 1940 के दशक से आरंभ कर 1980 तक कुल पांच हजार गाने गाए थे। उन्होंने इन हिन्दी गानों के अलावा गजल, भजन, देशभक्ति गीत, कव्वाली तथा अन्य भाषाओं के गीतों को स्वर दिया था।

मोहम्मद रफी साहब के गाए गीतों पर गुरु दत्त, दिलीप कुमार, देव आनंद, भारत भूषण, जॉनी वॉकर, जॉय मुखर्जी, शम्मी कपूर, राजेन्द्र कुमार, राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन, धर्मेन्द्र, जीतेन्द्र तथा ऋषि कपूर मिथुन चक्रवर्ती गोविंदा, किशोर कुमार आदि कलाकारों ने यादगार अभिनय किया। आज भी इन अभिनेताओं के गीत इसलिए सुने जाते हैं कि इन गीतों को स्वर मोहम्मद रफी साहब ने दिया था।

मोहम्मद रफी साहब करीब जब सात साल के थे, तब उनका परिवार रोजगार के सिलसिले में लाहौर आ गया। इनके परिवार का संगीत से कोई खास सरोकार नहीं था। जब रफी साहब छोटे थे, तब इनके बड़े भाई की नाई की दुकान थी। रफी साहब का काफी वक्त वहीं पर गुजरता था। ऐसा कहा जाता है कि रफी साहब जब सात साल के थे, तो वे अपने बड़े भाई की दुकान से होकर गुजरने वाले एक फकीर का पीछा किया करते थे, जो उधर से गाते हुए जाया करता था। उसकी आवाज रफी साहब को पसन्द थी। वे उस फकीर की नकल किया करते थे। उनकी नकल में अव्वलता को देखकर लोगों को उनकी आवाज भी पसन्द आने लगी। लोग नाई की दुकान में उनके गाने की प्रशंशा करने लगे। लेकिन इससे रफी को स्थानीय ख्याति के अतिरिक्त और कुछ नहीं मिला। इनके बड़े भाई मोहम्मद हमीद ने इनके संगीत के प्रति इनकी रुचि को देखा और उन्हें उस्ताद अब्दुल वाहिद खान के पास संगीत शिक्षा के लिए में दिया। मोहम्मद रफी साहब को यहां संगीत की बहुत ही ऊंची और अच्छी तालीम मिली। उनकी गायिकी में और भी निखार आ गया था।


एक बार ऑल इंडिया रेडियो, लाहौर में उस जमाने के प्रख्यात गायक-अभिनेता कुन्दन लाल सहगल अपना प्रदर्शन करने आए थे। उनको सुनने हेतु मोहम्मद रफी और उनके बड़े भाई भी गए थे। बिजली गुल हो जाने की वजह से सहगल ने गाने से मना कर दिया था। रफी के बड़े भाई ने आयोजकों से निवेदन किया कि भीड़ की व्यग्रता को शांत करने के लिए मोहम्मद रफी को गाने का मौका दिया जाय। उनको अनुमति मिल गई। मात्र 13 वर्ष की आयु में मोहम्मद रफी साहब ने यह पहला सार्वजनिक प्रदर्शन किया था। प्रेक्षकों में श्याम सुन्दर, जो उस समय के प्रसिद्ध संगीतकार थे, ने भी उनको सुना और काफी प्रभावित हुए। उन्होने मोहम्मद रफी को अपने लिए गाने का न्यौता दिया था। आयोजित इस कार्यक्रम में जितने भी गायक संगीतकार सम्मिलित हुए थे, सभी ने रफीक साहब की गायकी सुनकर यह अंदाजा लगा लिया था कि आने वाले दिनों में यह एक बड़े गायक के रूप में सामने आएगा। यह बात सच साबित हुई। मोहम्मद रफी साहब ने प्रथम गीत एक पंजाबी फि ल्म गुल बलोच के लिए गाया था। 1946 में मोहम्मद रफी साहब ने मुम्बई आने का फैसला लिया था। संगीतकार नौशाद ने मोहम्मद रफी साहब को 'पहले आप' नाम की फि ल्म में गाने का मौका दिया था। नौशाद द्वारा सुरबद्ध गीत तेरा खिलौना टूटा, फि ल्म अनमोल घड़ी, 1946 से रफी साहब को प्रथम बार हिन्दी जगत में ख्याति मिली थी । इसके बाद शहीद, मेला तथा दुलारी में भी रफी साहब ने गाने गाए जो बहुत प्रसिद्ध हुए। 1951 में जब नौशाद फि ल्म बैजू बावरा के लिए गाने बना रहे थे, तो उन्होने अपने पसंदीदा गायक तलत महमूद से गवाने की सोची थी। कहा जाता है कि उन्होने एक बार तलत महमूद को धूम्रपान करते देखकर अपना मन बदल लिया और रफी से गाने को कहा था । बैजू बावरा के गानों ने रफी को मुख्यधारा गायक के रूप में स्थापित किया। इसके बाद नौशाद ने रफी को अपने निर्देशन में कई गीत गाने को दिए। लगभग इसी समय संगीतकार जोड़ी शंकर-जयकिशन को उनकी आवाज पसंद आयी और उन्होंने भी रफी से गाने गवाना आरंभ किया। शंकर जयकिशन उस समय राज कपूर के पसंदीदा संगीतकार थे, पर राज कपूर अपने लिए सिर्फ मुकेश की आवाज पसन्द करते थे। यहां तक की कई बार राज कपूर के लिए रफी साहब ने गाया। जल्द ही संगीतकार सचिन देव बर्मन तथा उल्लेखनीय रूप से ओ पी नैय्यर को रफी की आवाज बहुत रास आयी और उन्होने रफी से गवाना आरंभ किया। ओ पी नैय्यर का नाम इसमें स्मरणीय रहेगा क्योंकि उन्होने अपने निराले अंदाज में रफी-आशा की जोड़ी का काफी प्रयोग किया और उनकी खनकती धुनें आज भी उस जमाने के अन्य संगीतकारों से अलग प्रतीत होती हैं। उनके निर्देशन में गाए गानो से रफी को बहुत ख्याति मिली और फिर रवि, मदन मोहन, गुलाम हैदर, जयदेव, सलिल चौधरी इत्यादि संगीतकारों की पहली पसंद रफी साहब बन गए थे।



1950 के दशक में शंकर जयकिशन, नौशाद तथा सचिनदेव बर्मन ने रफी साहब से उस समय के बहुत लोकप्रिय गीत गवाए थे। यह सिलसिला 1960 के दशक में भी चलता रहा था। संगीतकार रवि ने मोहम्मद रफी का इस्तेमाल 1960 के दशक में किया था। 1960 में फि ल्म चौदहवीं का चांद के शीर्षक गीत के लिए रफी को अपना पहला फि ल्म फेयर पुरस्कार मिला। इसके बाद घराना 1961, काजल, 1965, दो बदन, 1966 तथा नीलकमल, 1968 जैसी फिल्मो में इन दोनो की जोड़ी ने कई यादगार गीतों में स्वर दिया था। 1961 में रफी को अपना दूसरा फि ल्मफेयर आवार्ड फि ल्म ससुराल के गीत तेरी प्यारी प्यारी सूरत को के लिए मिला। संगीतकार जोड़ी लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने अपना आगाज ही रफी के स्वर से किया और 1963 में फि ल्म पारसमणि के लिए बहुत सुन्दर गीत बनाए। इनमें सलामत रहो तथा वो जब याद आये, लता मंगेशकर के साथ, उल्लेखनीय है। 1965 में ही लक्ष्मी-प्यारे के संगीत निर्देशन में फि ल्म दोस्ती के लिए गाए गीत चाहूंगा मै तुझे सांझ सवेरे के लिए रफी को तीसरा फि ल्मफेयर पुरस्कार मिला। 1965 में उन्हें भारत सरकार ने पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा। मोहम्मद रफी साहब आज सशरीर हमारे बीच न होकर भी उनकी मौजूदगी का एहसास हर पल होता रहता है। उनके गए गीत सदा सूरज और चांद की तरह चमकते रहेंगे। वे जितने अच्छे गायक थे, उतने ही अच्छे उनका किरदार था। उनका व्यक्तित्व कृतित्व साधारण होकर भी बेमिसाल था।

# सर्दियों में मॉर्निंग वॉक के दौरान हॉर्ट पेशेंट न बरतें लापरवाही

**अनन्या मिश्रा**



अगर आप भी हृदय संबंधी बीमारी से परेशान रहते हैं। लेकिन आप सर्दियों में भी मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं, तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि हृदय पर ठंडी हवाओं का अधिक दबाव पड़ता है। वहीं ब्लड को पंप करने के लिए हार्ट को ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। सर्दियों के मौसम में सुबह जल्दी उठाना काफी मुश्किल होता है। लेकिन जो फिटनेस फ्रीक होते हैं, वह सर्दी हो या गर्मी हमेशा मॉर्निंग वॉक कर खुद को फिट रखते हैं। लेकिन सर्दियों में मॉर्निंग वॉक के दौरान कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वहीं जो लोग हृदय रोगी हैं, उनको मॉर्निंग वॉक पर जाते समय अधिक सतर्कता बरतनी चाहिए। क्योंकि सर्दियों में हृदय रोगियों की दिक्कतें अधिक बढ़ सकती हैं। बता दें कि हृदय पर ठंडी हवाओं का अधिक दबाव पड़ता है। जिसकी वजह से ब्लड को पंप करने के लिए हृदय को ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। ऐसे में अगर आप भी हृदय संबंधी बीमारी से परेशान रहते हैं, लेकिन आप सर्दियों में भी मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं, तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मॉर्निंग वॉक के दौरान हृदय रोगियों को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**धूप निकलने के बाद करें वॉक :** हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को जल्दी सुबह वॉक पर जाना अवॉइड करना चाहिए। क्योंकि सुबह के समय चलने वाली ठंडी हवाएं आपकी समस्या को बढ़ा सकती हैं। इसलिए जब थोड़ी धूप निकल आए, तब वॉक करें। इससे आपको अधिक ठंड भी नहीं लगेगी।

**गर्म कपड़े पहनकर करें वॉक :** हार्ट पेशेंट होने पर आप गर्म कपड़े पहनकर मॉर्निंग वॉक पर जा सकते हैं। मॉर्निंग वॉक के दौरान अच्छे से गर्म कपड़े पहन लें। इससे आपको अधिक ठंड नहीं लगेगी और आप सर्द हवाओं से भी बचे रहेंगे। मॉर्निंग वॉक के दौरान सिर्फ टी-शर्ट या शर्ट में बाहर जाने से बचना चाहिए।

**हल्की एक्सरसाइज जरूर करें :** सर्दियों में खुद को फिट रखने के लिए अगर आप मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं, तो आप सुबह के समय हल्की एक्सरसाइज भी कर सकते है। इससे आपके शरीर में ब्लड सकुर्लेशन भी अच्छा बना रहता है। साथ ही एक्सरसाइज करने से आपको गर्माहट के साथ फ्रेशनेस भी फील होगी। बता दें कि एक्सरसाइज हमारे हार्ट के लिए भी बेहतर होती हैं।

**हेल्दी डाइट लेना है जरूरी :** मॉर्निंग वॉक पर जाने से पहले थोड़ा-बहुत कुछ खाकर बाहर निकलें। सुबह मॉर्निंग वॉक पर खाली पेट जाने से बचना चाहिए। आप चाहें तो बाहर वॉक पर जाने से पहले ड्राई फ्रूट्स भी खा सकते हैं। ड्राई फ्रूट्स के साथ पानी का भी सेवन कर सकते हैं। इससे आपकी हृदय का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है।

## इन बातों का रखें विशेष ध्यान

रोजाना नियमित तौर पर बीपी की चांज करवानी चाहिए। हाई बीपी की स्थिति होने पर सुबह वॉक पर जाने से बचना चाहिए।

सर्दियों में हार्ट पेशेंट को इनडोर एक्टिविटीज करनी चाहिए। इससे उनके ब्लड सकुर्लेशन में सुधार होता है।

ठंड अधिक होने पर सुबह वॉक पर जाने से बचना चाहिए। क्योंकि यह हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ा सकता है।

अधिक तला-भुना और मसालेदार खाना नहीं खाना चाहिए।

धूम्रपान, शराब और कैफीन ज्यादा सेवन नहीं करें।

## सूडोकु नवताल- 6924

✶✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6923 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**25 दिसम्बर को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 08.09 बजे से |
| चंद्र | वृष में | कुंभ | 09.56 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मीन | 11.29 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 12.59 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 14.39 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मिथुन | 16.37 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 18.51 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 21.07 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 23.19 बजे से |
| राहुकाल | | तुला | 01.30 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | वृश्चिक | 03.44 ब.से |
| बजे तक | | धनु | 06.00 बजे से |

**सोमवार** 2023 वर्ष का 359 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्दशी 05.47 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** रोहिणी 21.39 बजे को समाप्त। **योग** शुभ 04.22 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** गर 17.49 बजे तदनन्तर वणिज 05.47 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 12.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 24' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871838 **जूलियन दिन** 2460303.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 11 **विशेष** रोहिणी व्रत, क्रिसमस, श्री अटल बिहारी वाजपेयी जयंती व मदन मोहन मालवीय जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7986

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | | 15 | ■ | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | | |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | | ■ | 28 | | | ■ | 29 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. आकाश,व्योम-2
2. नाजुक,मुलायम-3
4. हार,पराजय-2
6. संध्या,सांझ,गोधूलि-2
7. जोर,बल-2
9. सोना,धतूरा-3
12. नाप-जोख करना-3
14. सिक्कों की आवाज-3
16. रहस्यज्ञाता-4
17. तालाब,ताल,तलैया-4
18. नियंत्रण,घोड़े की रास-3
20. गिरवी वस्तु-3
22. सैनिक कार्रवाई-3
24. चिट्ठी,पत्र-2
26. बर्तन-2
27. सुर,क्रम-2
28. वाचन करने वाला-3
29. पितामह-2

**ऊपर से नीचे**

1. लवण-3
2. भीगा हुआ-2
3. खुमार,नशा-2
5. सर्दी में हाथ सेंकना-3
6. भाजी,सब्जी,तरकारी-2
8. इंकार,मनाही-2
10. मस्जिद,नमाज पढ़ने की जगह-5
11. आम जनता-2
13. लालन-पालन-5
14. इमाम दस्ता -3
15. वचन,प्रतिज्ञा-3
19. रुखसार,कपोल-2
20. पासे फेंक कर भविष्य जानना-3
21. नाखून-2
22. सखा,दोस्त-2
23. निजात,छुटकारा-3
25. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
26. पवित्र-2

### शब्द पहेली -7985 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | हा | का | ल | ■ | च | र | क | ■ |
| त | र | ■ | ह | ■ | कि | ■ | ला | क |
| वा | ■ | ह | जा | म | त | ■ | ■ | सू |
| ला | य | क | ■ | द | ■ | ना | सू | र |
| ■ | ■ | ला | वा | ■ | व | जु | ■ | ■ |
| ना | प | ना | ■ | आ | ■ | क | या | म |
| य | ■ | ■ | म | हा | न | ता | ■ | र |
| क | था | ■ | जा | ■ | र | ■ | सी | ता |
| ■ | ल | ल | क | ■ | म | हा | रा | ज |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृष राशि :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन राशि :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**कर्क राशि :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंह राशि :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कन्या राशि :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**तुला राशि :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**वृश्चिक राशि :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**धनु राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**मकर राशि :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

**कुंभ राशि :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**मीन राशि :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### मप्र सीएम ने अनुराग ठाकुर से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 12 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस पर चर्चा के लिए रविवार को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की। खेल मंत्री से मुलाकात के बाद मोहन यादव ने कहा, "मैंने ठाकुर से मुलाकात की और 12 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस के बारे में चर्चा की।" उन्होंने कहा कि उन्होंने ठाकुर से खेलो इंडिया और 'माई इंडिया' कार्यक्रमों के संबंध में भी चर्चा की।

### अखनूर में ड्रोन से गिराए गये हथियार और गोला-बारुद बरामद

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने शहर के बाहरी इलाके अखनूर में एक ड्रोन से गिराए गये हथियार और गोला-बारुद बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास ड्रोन से गिराए गए एक पैकेज से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गये। मामले की जांच जारी है।

### निकेल-प्रसंस्करण प्लांट में विस्फोट से 12 की मौत, 39 घायल

**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया में रविवार को एक निकेल-प्रसंस्करण संयंत्र में विस्फोट के बाद कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 39 अन्य घायल हो गए। मीडिया रिर्पोटों में ये बात कही गई है। रिर्पोटों में कहा गया है कि सुलावेसी द्वीप खनिज समृद्ध देश के निकेल के उत्पादन का केंद्र है, जो इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी और स्टेनलेस स्टील के लिए उपयोग की जाने वाली धातु है। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना मध्य सुलावेसी प्रांत के मोरोवाली औद्योगिक पार्क में पीटी इंडोनेशिया त्सिंगशान स्टेनलेस स्टील के स्वामित्व वाले संयंत्र में सुबह लगभग 5:30 बजे हुई। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है, पीड़ितों की वर्तमान संख्या 51 हैं।

### शरद पवार ने की गौतम अडानी की तारीफ

**पुणे।** उद्योगपति गौतम अडानी भले ही विपक्षी दलों के निशाने पर रहते हो लेकिन शरद पवार का उन्हें हमेशा साथ मिलता रहा है। इस बार तो एनसीपी चीफ ने अदाणी की जमकर तारीफ की है और उन्हें धन्यवाद भी दिया है। पुणे के बारामती में एक नए प्रौद्योगिकी केंद्र के निर्माण में गौतम अडानी ने मदद की है। जिसपर शरद पवार ने उनकी तारीफ की और कहा कि मेरे एक आग्रह पर अडानी ने 25 करोड़ का चेक दिया है। मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।

# कोलकाता में एक लाख से अधिक लोगों ने किया गीता पाठ

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में गीता जयंती के दूसरे दिन रविवार को एक लाख से अधिक लोगों ने गीता का पाठ किया। इस दौरान द्वारका पीठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती के साथ हजारों साधु-संत भी मौजूद रहे। कवि नजरुल के लिखे हुए गीत- हे पार्थ सारथी बजाओ बजाओ के गायन के बाद मैदान में मौजूद करीब 70 हजार महिलाओं ने शंख ध्वनि की और करीब 60 हजार लोगों ने साथ मिलकर गीत गाए। इसके बाद गीता पाठ की शुरूआत हुई। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध संस्कार भारती के कार्यकर्ताओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। मैदान में मौजूद लोगों ने बताया कि कोलकाता में इस तरह का नजारा पहले कभी देखने को नहीं मिला जब भगवाधारी हजारों लोग एक साथ बैठे हों और गीता पाठ कर रहे हों। महिलाएं साड़ी पहन कर आई थीं, जबकि अधिकांश पुरुष धोती-कुर्ता के पारंपरिक परिधान में मैदान में गीता पाठ कर रहे थे।





# लोकतांत्रिक 'प्रोडक्शन इकोनॉमी' मॉडल का होना जरूरी : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारत की आर्थिक विकास से सरकार के केवल कुछ करीबी अमीर दोस्त लाभान्वित हो रहे हैं और एक लोकतांत्रिक 'उत्पादन अर्थव्यवस्था' मॉडल का होना जरूरी है जो उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां और श्रम की गरिमा के साथ-साथ विकास सुनिश्चित कर सके। एक्स पर एक पोस्ट में, राहुल गांधी ने कहा, सार्थक रोजगार के बिना आर्थिक विकास असमानता को बढ़ावा देता है और विकास को कमजोर करता है। वर्तमान में, सरकार के केवल कुछ करीबी अमीर दोस्त भारत के आर्थिक विकास से लाभान्वित हो रहे हैं, जिससे आम भारतीय बेरोजगारी और प्राइस राइज से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, एक लोकतांत्रिक 'उत्पादन अर्थव्यवस्था' मॉडल न केवल विकास सुनिश्चित करता है, बल्कि उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां और श्रम की गरिमा भी सुनिश्चित करता है, जो सतत आर्थिक विकास की नींव रखता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि केवल विकास मेट्रिक्स भारत को महाशक्ति का दर्जा नहीं दिलाएंगे, हमारे देश के विकास पथ में एक ठोस हिस्सेदारी के साथ गरीबी और बेरोजगारी को संबोधित करने के लिए प्रत्येक भारतीय को सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, भारत के 140 करोड़ से अधिक नागरिकों के लिए, आर्थिक न्याय का मतलब भारत की लोकतांत्रिक उत्पादन वृद्धि की कहानी में समान अवसर और भागीदारी है। राहुल गांधी पिछले कुछ महीनों में गरीबों और अमीरों के बीच वेल्थ गैप को सामने ला रहे हैं। वह बेरोजगारी, महंगाई और जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते रहे हैं।

- फिलहाल सरकार के कुछ करीबी अमीर दोस्त आर्थिक विकास से लाभान्वित हो रहे
- पिछले कुछ महीनों में गरीबों और अमीरों के बीच वेल्थ गैप को सामने ला रहे राहुल





### कांग्रेस ने मुद्रास्फीति, बेरोजगारी जैसे 'जन-केंद्रित' मुद्दों को उठाने की बनाई योजना

कर्नाटक में शानदार जीत के बाद साल की जोरदार शुरूआत करने वाली कांग्रेस को तीन हिंदी भाषी राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में भारी झटका लगा। तेलंगाना ही एकमात्र सांत्वना है। इसके बाद पार्टी ने मुद्रस्फीति, बेरोजगारी व महंगाई जैसे जन मुद्दों को उठाने का निर्णय किया है। पार्टी को उम्मीद है कि वह 2024 के आम चुनावों में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को कड़ी टक्कर पेश कर सकती है। इस बीच, कांग्रेस अगले साल की महत्वपूर्ण लड़ाई से पहले संगठन को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कांग्रेस नेतृत्व ने विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए पार्टी की विचारधारा को जमीनी स्तर तक ले जाने पर जोर दिया है।

**कांग्रेस ने अपने पीएम पद के उम्मीदवार की घोषणा नहीं करने का फैसला किया**

### बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस ने केंद्र पर साधा निशाना



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र की भाजपा सरकार की आलोचना की। खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "देश में बेरोजगारी सबसे ज्वलंत मुद्दा है। 15-29 आयु वर्ग के लोगों में बेरोजगारी दर 10 प्रतिशत है (पीएलएफएसः जुलाई 2022-जून 2023)। ग्रामीण भारत में 8.3 प्रतिशत और शहरी भारत में 13.8 प्रतिशत है। खड़गे ने कहा, देश के युवा पूछ रहे हैं कि हर साल दो करोड़ नौकरियां कहां गईं, भर्ती परीक्षा से नौकरी पाने तक का सफर इतना जटिल क्यों हो गया और एमएसएमई सेक्टर को क्यों बर्बाद कर दिया गया। करोड़ों युवाओं की नौकरियां, उनका भविष्य छीन लिया गया, क्यों? कांग्रेस बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर सरकार की आलोचना करती रही है। कांग्रेस बेरोजगारी के अलावा महंगाई के मुद्दे पर भी सरकार पर निशाना साधती रही है।

# भारत ने हैथी उग्रवादियों पर निगरानी के लिए लाल सागर में तैनात किये 4 जहाज

### कोच्चि, कोलकाता, मोरमुगाओ और फ्रिगेट त्रिशूल जहाज रखेंगे समुद्र पर नजर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना ने ईरान समर्थित हैथी उग्रवादियों की सिलसिलेवार आतंकी घटनाओं के बाद लाल सागर के पास भारी हथियारों से लैस अपने चार जहाज तैनात कर दिए हैं। इससे पहले नौसेना ने ड्रोन हमले के शिकार शिप केम प्लूटो को वहां से बाहर निकालकर रविवार को सुबह भारतीय तटरक्षक बल के जहाज और डोर्नियर हेलीकॉप्टरों की निगरानी में मुंबई के लिए रवाना कर दिया है। उग्रवादियों के ड्रोन हमले के बाद भारतीय नौसेना ने जांच भी शुरू कर दी है।

नौसेना प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने रविवार को बताया कि नौसेना विस्फोटक आयुध निपटान (ईओडी) विशेषज्ञ जहाज को साफ करने और आगे की जांच करने के लिए मुंबई पहुंचने पर एमवी केम प्लूटो पर सवार होंगे। भारतीय नौसेना सभी हितधारकों के साथ स्थिति की बहुत बारीकी से निगरानी कर रही है और क्षेत्र में व्यापारिक शिपिंग की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। नौसेना ने आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए सभी भारतीय समुद्री एजेंसियों के साथ मौजूदा स्थिति का विवरण साझा किया है।

भारतीय नौसेना ने विध्वंसक आईएनएस कोच्चि, कोलकाता, मोरमुगाओ और फ्रिगेट आईएनएस त्रिशूल को लाल सागर के पास तैनात किया है। स्वदेशी आईएनएस कोच्चि राडार से बच निकलने के लिए डिजाइन किया गया है और इसमें अत्याधुनिक हथियार लगाए गए हैं। यह अग्रणी सुपर सोनिक तथा जमीन से जमीन तक मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल से लैस है। आईएनएस कोलकाता भारत में अब तक तैयार किये गए युद्धपोतों में सर्वाधिक ताकतवर माना जाता है। यह भी लंबी दूरी तक भूमि से भूमि तक मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल से लैस है। मोरमुगाओ भारतीय नौसेना के विशाखापत्तनम श्रेणी के स्टील्थ गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक जहाज का दूसरा जहाज है। फ्रिगेट आईएनएस त्रिशूल सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणालियों से लैस है।

लाल सागर में भारतीय तट के पास दो व्यापारिक जहाजों पर ईरान समर्थित हौथी उग्रवादियों के ड्रोन हमले के बाद भारतीय नौसेना ने जांच शुरू कर दी है। नौसेना ने रविवार को अमेरिकी दावे को खारिज करके कहा है कि एमवी साईबाबा भारतीय ध्वज वाला जहाज नहीं है और इसके चालक दल के सभी 25 भारतीय सदस्य सुरक्षित हैं। लाल सागर में स्थितियां सामान्य होने के बाद भारतीय तटरक्षक बल के जहाज आईसीजीएस विक्रम की निगरानी में आज सुबह व्यापारी जहाज संकटग्रस्त एमवी केम प्लूटो को मुंबई के लिए रवाना किया गया है।

### पेंटागन का दावा : भारत आ रहे तेल टैंकर पर ईरानी ड्रोन से किया गया हमला



**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने दावा किया है कि भारत आ रहे तेल टैंकर (जहाज) एमवी केम प्लूटो पर अरब सागर में भारतीय तट के पास ईरानी ड्रोन से हमला किया गया। इससे लाइबेरिया के झंडे लगे इस जहाज के एक हिस्से में आग लग गई। पेंटागन के एक प्रवक्ता ने बताया कि गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में वेरावल से 200 समुद्री मील (लगभग 370 किलोमीटर) दूर दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में इस जहाज पर ईरान से आए ड्रोन ने हमला किया। इसके कारण आग लगी। पेंटागन ने कहा है कि यह 2021 के बाद से वाणिज्यिक शिपिंग पर सातवां ईरानी हमला है।

# भारत में कोविड-19 के 646 नए मामले, एक मौत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में एक बार फिर कोविड-19 के मामलों में धीरे-धीरे बढ़ोतरी का सिलसिल शुरू हो गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में रविवार को बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 656 नये केस दर्ज किए गए और एक व्यक्ति की मौत हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटों में कुल 656 नए मामले दर्ज किए गए हैं। इसी के साथ देश में कुल एक्टिव मरीजों की संख्या 3,742 हो गई है। सबसे अधिक 128 मामले केरल से सामने आए हैं। इसके बाद कर्नाटक में 96 केस दर्ज किए गए हैं। केंद्र और राज्यों ने नये जेएन.1 कोविड वैरिएंट पर चिंता जताई है। इस नए वैरिएंट के मामले सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि सिंगापुर और इंग्लैंड जैसे अन्य देशों में भी पाए गए हैं।

### कोविड-19 से खसरा, ब्रेन डिसऑर्डर का खतरा बढ़ा

**लखनऊ।** चिकित्सा विशेषज्ञों ने कहा है कि कोविड-19 महामारी के दौरान 2020 और 2022 के बीच, खसरे का टीकाकरण नहीं हुआ, जिस कारण खसरा और सबस्यूट स्केलेरोजिंग पैनेंसेफलाइटिस का खतरा बढ़ गया है। न्यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर आरके गर्ग ने शनिवार को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के न्यूरोलॉजी विभाग द्वारा एसएसपीई पर आयोजित सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम में कहा, "एसएसपीई एक दुर्लभ लेकिन प्रगतिशील मस्तिष्क विकार है जो मुख्य रूप से उन बच्चों और युवा वयस्कों को प्रभावित करता है जिन्हें (शैशवावस्था के दौरान) खसरा हुआ था।

**गलत सूचना का प्रसार** | **हानिकारक यूजर आधार-बॉट्स का प्रचलन मुख्य कारण**

# 50 प्रतिशत यूजर्स छोड़ सकते हैं सोशल मीडिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

2025 तक 50 प्रतिशत से ज्यादा उपभोक्ता सोशल मीडिया को या तो छोड़ देंगे या इसका उपयोग सीमित कर देंगे। इसका कारण गलत सूचना का प्रसार, हानिकारक यूजर आधार और बॉट्स का प्रचलन है। गार्टनर के एक सर्वे में खुलासा हुआ है कि 53 प्रतिशत उपभोक्ताओं का मानना है कि सोशल मीडिया की वर्तमान स्थिति पिछले साल या पांच साल पहले की तुलना में खराब हो गई है।

सोशल मीडिया में अपेक्षित जेनएआई उपयोग के प्रभाव के बारे में चिंता अधिक है और 10 में से 7 से अधिक उपभोक्ता इस बात से सहमत हैं कि सोशल मीडिया में जेनएआई के अधिक एकीकरण से यूजर्स अनुभव को नुकसान होगा। गार्टनर मार्केटिंग प्रैक्टिस के वरिष्ठ प्रमुख शोधकर्ता एमिली वीस ने कहा, डिजिटल मार्केटिंग के लिए सोशल मीडिया टॉप निवेश चैनल बना हुआ है, लेकिन उपभोक्ता एक्टिव रूप से इसके उपयोग को सीमित करने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि एक महत्वपूर्ण हिस्सा यह कहता है कि कुछ साल पहले की तुलना में वे अपनी खुद की लाइफ और कंटेंट को कम साझा कर रहे हैं। जैसे-जैसे सोशल मीडिया के उपयोग का प्रकृति और प्लेटफॉर्म का अनुभव बदलता है, सीएमओ को प्रतिक्रिया में अपने ग्राहक अधिग्रहण और वफादारी प्रतिधारण रणनीतियों पर फिर से ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की क्षमता में विश्वास की कमी कुछ उपभोक्ताओं को एआई-मुक्त ब्रांड और इंटरैक्शन की तलाश करने के लिए प्रेरित करेगी। ब्रांडों का एक उपवर्ग एआई को छोड़ देगा और अधिक मानवीय स्थिति को प्राथमिकता देगा।

साल 2028 तक ब्रांडों के ऑर्गेनिक सर्च ट्रैफिक में 50 प्रतिशत या उससे अधिक की कमी आएगी क्योंकि उपभोक्ता जेनरेटिव एआई-संचालित सर्च को अपनाएंगे। सर्च इंजनों में जेनएआई को तेजी से अपनाने से बिक्री बढ़ाने के लिए जैविक सर्च का उपयोग करने की सीएमओ की क्षमता में काफी बाधा आएगी। एमिली वीस ने कहा, सीएमओ को उस व्यवधान के लिए तैयार रहना चाहिए जो जेनएआई-समर्थित सर्च उनकी जैविक सर्च रणनीतियों में लाएगी।




फिल्म जगत

# मुंबई पुलिस के कार्यक्रम उमंग में फिल्मी सितारों का जमावड़ा

**मुंबई पुलिस** के वार्षिक कार्यक्रम 'उमंग' में फिल्मी सितारों का जमावड़ा रहा। इस कार्यक्रम में शाहरुख खान, सलमान खान, आलिया भट्ट, करण जौहर, बॉबी देओल, रणबीर कपूर जैसे कई अन्य बॉलीवुड हस्तियों की उपस्थिति देखी गई। 'उमंग' मुंबई पुलिस कल्याण कोष की एक पहल है, जो हर साल आयोजित की जाती है। समारोह में शाहरुख खान पूरे स्वैग के साथ प्रवेश करते हुए नजर आए, उन्होंने काले रंग का फॉर्मल सूट पहना हुआ था और उसके साथ सफेद शर्ट पहनी हुई थी। उन्होंने अपने बालों को छोटी पोनीटेल में बांधा था और ब्लैक सनग्लासेस के साथ लुक को पूरा किया। बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान ने काला सूट और नेवी ब्लू शर्ट पहनकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में 'टाइगर' स्टार को गायिका उषा उथुप को गले लगाते हुए दिखाया गया है। सफेद और लाल रंग के फ्लोरल पैंट सूट सेट में आलिया बेहद खूबसूरत लग रही थीं।



## एक नजर

### बाबूलाल ने होटवार जेल के सुपरिटेंडेंट की तारीफ की



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि होटवार जेल के सुपरिटेंडेंट राबर्ट बेसरा सख्ती से अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। बेसरा कानून सम्मत बढ़िया काम कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को नसीहत भी दी है। राबर्ट को प्रोत्साहित करने की अपील भी की है। बाबूलाल ने सोशल मीडिया पर रविवार को मुख्यमंत्री को टैग कर कहा कि उन्होंने सुना है कि होटवार जेल में ईडी के केस में बंद आपके कमाउ चेलों को युवा संताल आदिवासी नये जेल सुपरिटेंडेंट राबर्ट बेसरा की सख्ती पच नहीं रही है। पहले की तरह यह सुपरिडेंटेंट प्रेम की लीला के मायाजाल में फंस नहीं रहा। इतना टाईट कर दिया है कि सरकारी मेहमानों को जेल में दिन में ही तारे दिखाई दे रहे हैं।

### आजसू आज पूरे प्रदेश में मनाएगी शहीद निर्मल महतो की जयंती

**रांची।** आजसू पार्टी आज आजसू के संस्थापक और झारखंड आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती राज्यभर में मनाएगी। केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने रविवार को कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन के प्रणेता निर्मल महतो का नाम झारखंड के वजूद से जुड़ा है। निर्मल दा हमारी सोच को ऊर्जा प्रदान करते हैं। उनकी जयंती पर आजसू पार्टी राज्य के सभी गांवों, पंचायतों, प्रखंडों, विधानसभा क्षेत्रों और जिलों में सभाओं का आयोजन करेगी। इस दौरान निर्मल महतो के सोच को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा का अनावरण पूर्व मंत्री राम चन्द्र सहिस करेंगे। शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती पर जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत बोड़ाम प्रखंड के मुकरुडीह-हलुदबनी मोड़ पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा।

### किसानों से धान खरीदने के लिए सरकार लेगी 1000 करोड़ कर्ज

**रांची।** सरकार खरीफ विपणन मौसम 2023-24 के धान खरीद को लेकर बैंक से 1000 करोड़ रुपये कर्ज लेगी. इसको लेकर खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से अंतिम चरण की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड (जेएसएफसी) के प्रबंध निदेशक यतींद्र प्रसाद ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (इओआइ) निकाल कर बैंकों को लोन देने के लिए आमंत्रित किया है। निविदा खोलने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर निर्धारित की गयी है। वित्त विभाग की सहमति मिलने के बाद सरकार संबंधित बैंक से कर्ज लेकर धान खरीद की प्रक्रिया शुरू करेगी। सरकार ने इस वर्ष धान खरीद का लक्ष्य 36.30 लाख क्विंटल से बढ़ा कर 60 लाख क्विंटल कर दिया है। इस साल केंद्र सरकार की ओर से साधारण धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है. वहीं, ग्रेड-ए धान के लिए 2203 रुपये प्रति क्विंटल रेट निर्धारित किया है। इस राशि के अलावा किसानों को राज्य सरकार की ओर से 117 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बोनस मिलेगा।

# नए साल में झारखंड को मिलेगा रेल मंत्री का तोहफा

- देवघर-गोड्डा रेल लाइन की होगी शुरूआत
- संताल परगना के लोगों की चमकेगी किस्मत

## संताल परगना को जोड़ने में रेल लाइन मील का पत्थर ■ बासुकीनाथ-चितरा रेल परियोजना पर 281 करोड़ होंगे खर्च

**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**

अयोध्या और गोड्डा में साथ-साथ आध्यात्म और विकास का शंखनाद होगा। मोदी शासनकाल में भारत वैभव की राह पर नित्य बढ़ रहा है। जनवरी का महीना स्वर्णिम काल होगा। इतिहास के पन्नों में आध्यात्मिक पल अयोध्या। विकास और विश्वास का पल देवघर से गोड्डा रेलखंड पर ट्रेन सेवा का परिचालन।

संयोग है कि यह एक ही कालखंड में हो रहा है। भारत जब आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। तब संताल परगना का पिछड़ा इलाका रेल के माध्यम से राष्ट्रीय पटल पर आया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इस सेवा को शुरू करेंगे। दूसरा इतिहास यह भी होगा जब देवघर के चितरा से बासुकीनाथ और फिर जामताड़ा रेलखंड तक नई लाइन बिछेगी। तीन चरण में पूरा होने वाले इस परियोजना का भी शिलान्यास होगा। सांसद निशिकांत दुबे हमेशा कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण गोड्डा आदर्श लोकसभा बन रहा है।




संताल परगना आजादी के बाद से पिछड़ा था और इसके विकास की ठोस परिकल्पना भी कभी नहीं की गई थी। केवल कहा जाता रहा, हुआ कुछ नहीं। 2009 के बाद गोड्डा संसदीय क्षेत्र में विकास की सुगबुगाहट आई। 2014 के बाद विकास की राह पर चलना शुरू किया और 2019 के बाद से तो रेल, सड़क और वायु सेवा की सौगात ने संताल को गति दे दिया।

क्षेत्र के लोगों ने कभी नहीं सोचा था कि गोड्डा से देवघर और फिर हावड़ा-दिल्ली रेलखंड से सीधे जुड़ जाएंगे। अब वह घड़ी आ गई। गोड्डा से देवघर सीधी रेल लाइन पर गाड़ियों का परिचालन जनवरी में शुरू होगा। मोहनपुर से हंसडीहा रेल लाइन का काम पूरा हो गया। इसका उदघाटन रेलमंत्री करेंगे। उसके बाद गोड्डा रेल की पटरी पर इतिहास लिख देगा।

सड़क की तरह रेल का जाल इस पिछड़े इलाके में बिछा दिया गया है। बासुकीनाथ से ट्रेन खुलकर चितरा आएगी और चितरा से जोड़ामो होते हुए जामताड़ा को जोड़ देगी। यह रेल शुद्ध ग्रामीण इलाकों से होकर गुजरेगी। संताल परगना को जोड़ने में यह मील का पत्थर साबित होगा। उसी तरह गोड्डा-पीरपैंती रेल लाइन है।

इसमें बटेश्वर तक जब यह बनेगा तो गंगा को पार कर जाना आसान हो जाएगा। तो कल तक टापू की तरह गांव कस्बा का इलाका सीधे मुख्यधारा में आ जाएगा। देवघर और मधुपुर में रेलवे बायपास देकर भी एक नया प्रयोग रेलवे ने गोड्डा संसदीय क्षेत्र में किया है।



नया साल में प्रभु श्रीराम घर आ रहे हैं। यह खास मौका है, जब गोड्डा में भी एतिहासिक विकास हो रहा है। यह सब प्रधानमंत्री मोदी के चलते हो रहा है। नया साल में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से देवघर-गोड्डा में रेलवे के कई प्रोजेक्ट के शिलान्यास एवं उदघाटन का आग्रह किया है। उन्होंने उनका न्योता स्वीकार कर लिया है। मोहनपुर-जसीडीह रेल लाइन पर रेल सेवा का उद्घाटन करेंगे। बासुकीनाथ-चितरा और गोड्डा-पीरपैंती रेल लाइन के पहले फेज के साथ-साथ मधुपुर बायपास का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को इस विशेष तोहफा के लिए आभार। – निशिकांत दुबे, सांसद।

रेलवे ने बासुकीनाथ-चितरा रेल परियोजना का काम 20 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। 281 करोड़ रुपये इस पर खर्च होना है। तीन में अलग अलग निविदा निकाली जाएगी। इसमें रेल ट्रैक, पुल-पुलिया, भवन, आरओबी, एप्रोच रोड, स्टेशन का कार्य के साथ-साथ रेलवे लाइन का विद्युतीकरण भी होना है। अभी पहले चरण की निविदा निकाली गयी है।

21 फरवरी 2024 तक निविदा की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पहले चरण में बासुकीनाथ से पुसला गांव तक 13 किलोमीटर का काम होगा। दूसरे चरण में बासुकीनाथ चितरा रेल लाइन का विस्तार होगा। इसमें जसीडीह रेलखंड पर जोड़ामो स्टेशन तक होगा। इस परियोजना के पूरा होने पर बासुकीनाथ, सारठ, सोनारायठाढ़ी, पालोजोरी, और जामताड़ा के लाखों लोगों को फायदा होगा। उनका सफर सुलभ और सस्ता हो जाएगा।

## संविधान में एसटी के लिए व्यवस्था की गई है इसमें धर्मांतरित एसटी को आरक्षण नहीं देने की बात

# ईसाई-मुस्लिम बने आदिवासी को आरक्षण का लाभ नहीं : कड़िया

### मुस्लिम या ईसाई बनने पर जाति की पहचान मिट जाति है तो आदिवासी पहचान कैसे नहीं मिटती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मोरहाबादी मैदान में उलगुलान आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली में जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक राजकिशोर हांसदा ने कहा कि सरकार से हमारी मांग है की धर्मांतरित व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति का आरक्षण की सुविधा नहीं मिले। इस मुद्दे को स्व. कार्तिक उरांव संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष रखा था। ताकि जो व्यक्ति जिसने जनजाति आदि मत तथा विश्वासों का परित्याग कर दिया है और ईसाई या इस्लाम धर्म अपना लिया है। उसे अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जायेगा।



सेवानिवृत न्यायाधीश प्रकाश सिंह उईके कहा कि भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान अनुच्छेद-341 में अनुसूचित जाति के लिए व्यवस्था की है कि जो अनुसूचित जाति के लोग मुस्लिम या ईसाई धर्म ग्रहण करेंगे। उसे अनुसूचित जाति का लाभ नहीं मिलेगा। जब मुस्लिम या ईसाई बनने पर जाति की पहचान मिट जा रही है। तो आदिवासी की पहचान भी ईसाई या मुस्लिम धर्म में जाने पर उसकी आदिवासी की पहचान मिट जाती है।

### 12 करोड़ आदिवासियों की आवाज हैं : खेरवार

जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय केंद्रीय टोली सदस्य सत्येंद्र सिंह खेरवार ने कहा कि डीलिस्टिंग डॉ कार्तिक उरांव के व्यथित मन की वेदना और देशभर के 12 करोड़ परंपरागत जीवन व्यतीत करने वाले जनजातियों का कराहती हुई आवाज है। धर्मांतरित ईसाई पचहत्तर वर्षों से जबरन अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण का 80 प्रतिशत लाभ लगातार लेते आ रहें हैं। जबकि ईसाइयों को एस टी है। कार्यक्रम में रामकुमार पाहन, दीवाकर मिंज, संदीप उरांव, मेघा उरांव, पिंकी खोया, ललिता मुर्मू, सोमा उरांव सहित कई लोगों ने अपनी बातें रखीं।

# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई की 100वीं जयंती आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती सोमवार को है। भारतीय जनता पार्टी अटल जी की जयंती को प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाती है। बबन गुप्ता ने बताया कि पूरे प्रदेश में सभी बूथों सहित शक्ति केंद्र एवं सांगठनिक जिला स्तर पर भव्यता के साथ सुशासन दिवस को मनाया जाएगा। पार्टी के पदाधिकारी, सांसद विधायकगण, जन प्रतिनिधि अपने अपने स्थानों पर अटल जी की प्रतिमा, चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन करेंगे। बताया कि जिला स्तर पर अटल जी के व्यक्तित्व एवम कृतित्व की चर्चा केलिए गोष्ठी, काव्यांजलि, का आयोजन किया गया है जिसमे प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी धनबाद नगर में गोष्ठी को संबोधित करेंगे। बताया कि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सरायकेला खरसावां, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी जमशेदपुर महानगर में और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह रांची महानगर में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करेंगे।



अन्य जिलों की गोष्ठियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि रांची ग्रामीण जिला में प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, गुमला प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, लोहरदगा प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, खूंटी अविनेश कुमार सिंह, रामगढ़ बालमुकुंद सहाय, सिमडेगा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा व मुनेश्वर साहू, चाईबासा डॉ अरुण उरांव, पूर्वी सिंहभूम जेबी तुबिद, गोड्डा विधायक अनंत कुमार ओझा, दुमका केदार हाजरा, साहेबगंज लुइस मरांडी, देवघर सांसद सुनील कुमार सिंह, पाकुड़ विनोद शर्मा, जामताड़ा सरोज सिंह, हजारीबाग रविंद्र कुमार राय, बोकारो गणेश मिश्र, धनबाद ग्रामीण सांसद समीर उरांव और गिरिडीह विधायक बिरंची नारायण संबोधित करेंगे।

# आने वाले समय में राज्य के कई अधिकारी जेल में नजर आएंगे : जफर इस्लाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व सांसद जफर इस्लाम ने इंडी एलायंस और हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। जफर इस्लाम रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि हेमंत सोरेन के खिलाफ करप्शन से जुड़े कई पुख्ता प्रमाण ईडी के पास हैं। आखिर गलत नहीं किया तो क्यों डर रहे। भागने से बच भी नहीं सकते। अंततः उन्हें जेल भी जाना ही होगा। इसी आशंका में वे ईडी के पास छह-छह समन के बावजूद नहीं गये हैं।




उन्होंने किसी अधिकारी का नाम लिए बगैर कहा कि कुछ अधिकारी अपनी करतूत से यहां जेल तक जा चुके हैं। कई और अधिकारी भी ऐसे हैं, जिन्हें लगता है कि वे आजीवन वर्तमान मुख्यमंत्री के संरक्षण में सुरक्षित रहेंगे। साथ ही इस आधार पर वे करप्शन में भी लिप्त हैं। यह भी तय है कि वे जांच एजेंसियों के राडार पर हैं। उनके खिलाफ रिकॉर्ड जांच एजेंसियों के पास हैं। अंततः उन्हें भी जेल जाना होगा।

सैयद इस्लाम ने कहा कि घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों का गिरोह है। कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचारियों के स्लीपर सेल का सरगना और उनकी राज्य सरकारें स्लीपर सेल। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार भ्रष्टाचार की देन है। यहां आकंठ भ्रष्टाचार है। बंगाल में बुआ-भतीजा, बिहार में नीतीश-लालू, तमिलनाडु में स्टालिन और उनके दामाद, केरल में वामपंथी सभी लूट में शामिल हैं। इन सरकारों को जनता की भलाई से कुछ भी लेना देना नही। इन्हें केवल अपने परिवार की चिंता है।

उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन अब लठबंधन बन चुका है। ये संवैधानिक संस्थाओं पर लाठी मार रहे। कभी आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनने पर अपमानित करते हैं। कभी गरीब जाट किसान परिवार से आए उप राष्ट्रपति का अपमान करते हैं। राहुल गांधी मिमिक्री का वीडियो बनाकर संसद को लाफ्टर शो की तरह चलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में सांसदों का निलंबन उचित है जब प्रतिनिधि संविधान और देश विरोधी गतिविधियों में शामिल हो जाएं।

## हेमंत सोरेन कल आएंगे चतरा, 470 करोड़ की देंगे सौगात

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां तेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को चतरा जिले के सिमरिया अनुमंडलीय मुख्यालय आ रहे हैं। 470 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास के साथ परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम ईदगाह मैदान में होगा। सिमरिया ईदगाह मैदान में भव्य पंडाल बनाया गया है, जिसमें पंद्रह से बीस हजार लाभुकों को बैठने की व्यवस्था की गई है। इस साल मुख्यमंत्री का चतरा जिला में यह तीसरा कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री के साथ उनके कैबिनेट के सहयोगी श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण सह कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोगता भी रहेंगे।



### सीएम 161 विभिन्न योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

कार्यक्रम स्थल से ही मुख्यमंत्री विभिन्न 161 योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। जिसकी प्राक्कलित राशि 137 करोड़ से अधिक है। इसी प्रकार 241 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। जिसका प्राक्कलन 112 करोड़ रुपये के करीब है। वहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 1,13,700 लाभुकों के बीच 221 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर रविवार को उपायुक्त अबु इमरान एवं पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन तैयारियों का जायजा लिए और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके साथ उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता व दूसरे अन्य अधिकारी भी शामिल थे। सीएम के आगमन का मिनट-टू-मिनट देर शाम तक आने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सुरक्षा को लेकर व्यापक व्यवस्था की गई है।

### सीएम 27 को जाएंगे लातेहार

**लातेहार।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 27 दिसंबर को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में हिस्सा लेने लातेहार जायेंगे। वे लातेहार सदर प्रखंड के कुंदरी गांव में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित भी करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री 400 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। साथ ही आम लोगों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी पूरे जोर-शोर से चल रही है। मंच और पंडाल बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। यहां लगभग पांच हजार से अधिक लोगों को बैठने की व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में लातेहार डीसी हिमांशु मोहन ने बताया कि मुख्यमंत्री का आगमन 27 दिसंबर को लातेहार के कुंदरी गांव में होगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**अलविदा 2023 : सरकार के वो फैसले...**

संविदा पर नियुक्त एवं कार्यरत महिलाकर्मियों को मातृत्व अवकाश देने की फैसला झारखंड प्रतियोगी परीक्षा अधिनियम 2023 की स्वीकृति, नकल करते पकड़े जाने पर 3 साल तक की सजा अधिकतम 10 करोड़ तक का जुमार्ना का प्रावधान। अबुआ आवास योजना के जरिए चालू वित्तीय वर्ष में 2 लाख, 2024-25 में 03 लाख 50 हजार और 2025-26 में 02 लाख 50 हजार पक्का आवास देने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार राज्य के प्रारंभिक विद्यालय के लिए सहायक आचार्य नियुक्ति-प्रोन्नति एवं सेवा शर्त नियमावली की स्वीकृति दी गयी। हेमंत सरकार ने झारखंड के गरीब और पिछड़े बच्चों की शिक्षा के लिए गुरु जी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना की शुरूआत की। इसके अलावा मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत जरूरतमंद कैंसर रोगी को 25 लाख तक की चिकित्सा सुविधा देने का निर्णय लिया। हेमंत सरकार ने 25 जुलाई 2023 को कैबिनेट की बैठक में पांच पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, रणधीर कुमार सिंह, डॉ नीरा यादव, लुईस मरांडी और नीलकंठ सिंह मुंडा के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में एसीबी में पीई दर्ज करने का फैसला लिया। इस फैसले के बाद सरकार पर विपक्ष द्वारा राजनीतिक विद्वेष के तहत फैसला लेने का आरोप लगाया जाता रहा। विपक्ष के आरोप पर सत्ता पक्ष भी सफाई देने में जुटी रही। इन सबके बीच सरकार साल 2022 की तरह 2023 में भी सरकारी कर्मचारियों पर मेहरबान बनी रही। राज्य में संविदा पर कार्यरत महिला कर्मियों को सरकारी कर्मचारियों की तरह मातृत्व अवकाश की सुविधा देने का बड़ा फैसला लिया। सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों को भरने में कई वजहों से सुस्त रही। जेपीएससी की 11वीं सिविल सेवा के विज्ञापन का इंतजार छात्र सालों भर करते रहे।

**संसद कांड के आरोपियों को...**

मैसूर की पहाड़ियों पर विराजमान देवी मां चामुंडेश्वरी, ब्रह्मगिरि पर विराजमान देवी मां कावेरी, कर्नाटक भर में मेरे पाठक प्रशंसक जो पिछले बीस वर्षों से मेरी रचनाएं पढ़ रहे हैं और मैसूरु-कोडगू के लोग जिन्होंने साढ़े नौ साल तक मेरा काम देखा है और देश, धर्म और राष्ट्रवाद से जुड़े मुद्दों पर मेरा आचरण देखा है, वे अप्रैल, 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में वोट के जरिए अपना फैसला सुनाएंगे।

**इंसास सहित पांच राइफल के...**

रंका इंस्पेक्टर राम जी महतो, रामकंडा थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक पिंकू कुमार राणा आदि मौजूद थे।

**बड़ा दिन को जन्मे वाजपेई के...**

बिल्कुल भी नहीं था, 'जब वो देश के प्रधानमंत्री थे, उस समय मैं राज्यसभा सांसद था। संसद के गलियारों में मिलते तो दूर से ही पहले नमस्कार करते। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री मुशाहिद हुसैन सैय्यद ने उनकी पाकिस्तान यात्रा पर कहा था वाजपेयी को लेकर मेरे मन में भी एक छवि थी कि वो भारत के वजीरे आजम थे जो पाकिस्तान का विरोधी है, दूसरा वो भारतीय जनता पार्टी से थे, जो हिंदुत्व की पार्टी है। लेकिन मैंने देखा कि वाजपेयी एक खुले दिल और दिमाग वाले इंसान हैं। बल्कि मैं तो कहूंगा कि वो हिंदुस्तान के सबसे बड़े स्टेट्समैन थे।उनका विजन अमेरिका के रिचर्ड निक्सन जैसा लगा, जिन्होंने दक्षिणपंथी रिपब्लिकन होते हुए भी कम्युनिस्ट चीन के साथ संबंध बढ़ाए। उनकी आउट ऑफ बॉक्स सोच थी। मैं उनकी विनम्रता से बहुत प्रभावित हुआ। आवाज धीमी लेकिन मजबूत नेता और क्लियर विजन।वो मीनार-ए-पाकिस्तान गए जो एक मेमोरियल है, जहां साल 1940 में जिन्ना साहब ने पाकिस्तान की बुनियाद रखी थी। मैंने उनसे कहा कि आप ये बहुत बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। तो वो बोले कि उन्हें मालूम है। उन्होंने कहा भारत में कुछ लोग नाराज होंगे, लेकिन ये जरूरी है कि पाकिस्तान की जनता को भरोसा दूं।

**भारतीय ओलंपिक संघ बनाए...**

सुशासन के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए तत्काल और कड़े सुधारात्मक उपायों की आवश्यकता है। इस प्रकार अब यह आईओए की जिम्मेदारी बन गई है कि वह डब्ल्यूएफआई के मामलों के प्रबंधन के लिए अंतरिम अवधि के लिए उपयुक्त व्यवस्था करे। हाल ही में संपन्न डब्ल्यूएफआई चुनावों में बृजभूषण शरण सिंह के करीबी सहयोगी संजय सिंह को भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। संजय सिंह ने राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता अनीता श्योराण को हराया जो बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में गवाह थीं। डब्ल्यूएफआई चुनाव नतीजों के बाद तीन शीर्ष पहलवानों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान रियो ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास लेने तक की घोषणा कर दी थी। वहीं बजरंग पुनिया ने भी अपना पद्मश्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लौटाने का फैसला किया।

# सुमन सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के 'आ अब लौट चलें' कार्यक्रम के तहत रांची के विद्या नगर में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में सुमन सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे के सशक्त नेतृत्व और राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा से लोगों की कांग्रेस के प्रति आस्था बढ़ी है। यही वजह की आज इतनी बड़ी संख्या में महिलाएं कांग्रेस पार्टी का दामन थाम रही है। कांग्रेस पार्टी ही है जिसने देश की पहली महिला पीएम इंदिरा गांधी को बनाया। देश की पहली राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को बनाया। देश का पहला लोकसभा स्पीकर महिला मीरा कुमारी को बनाया। राज्य में हमारे गठबंधन की सरकार हमारी महिलाओं की बहुत सारी योजनाएं चल रही हैं। इनमें फूलों झानो, आशीर्वाद योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, छात्रवृत्ति योजना, झारखंड निर्माण श्रमिक विवाह सहायता योजना, झारखंड महिला किशोरी कल्याण योजना सहित अन्य शामिल हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि महंगाई की मार से महिलाओं का चूल्हा जल चुका है। आज महिलाएं बच्चों को लेकर चिंतित हैं।

# आईपीएल के लिए हार्दिक की उपलब्धता पर संशय बरकरार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

हाल ही में हार्दिक पांड्या की आईपीएल 2024 के लिए उपलब्धता को लेकर काफी चर्चा हो रही है, कई रिपोर्टों में दावा किया गया है कि वह टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। लेकिन अगर सूत्रों की मानें तो पांड्या घूम रहे हैं और रिकवरी रूट पर हैं, जबकि उन्होंने कहा कि फिलहाल आईपीएल की उपलब्धता की बात थोड़ी दूर की कौड़ी है।19 अक्टूबर को पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप मैच में भारत के लीग मैच के दौरान बाएं टखने में चोट लगने के बाद से पांड्या प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं।अभी हाल ही में, उन्हें गुजरात टाइटन्स से मुंबई इंडियंस में शामिल कर लिया गया और वह आईपीएल 2024 से पहले शीर्ष पद पर पांच बार के चैंपियनशिप विजेता कप्तान रोहित शर्मा की जगह लेते हुए टीम के कप्तान बन गए। विकास पर नजर रखने वाले एक सूत्र ने आईएएनएस को बताया, हार्दिक इधर-उधर घूम रहे हैं, और वर्तमान में रिकवरी चरण में हैं मैच-फिट रहें, उनका जिम-वर्क जारी है और बाएं टखने में कोई बदलाव नहीं है। उनकी आईपीएल उपलब्धता की बात फिलहाल दूर की कौड़ी है क्योंकि टूर्नामेंट ढाई महीने से अधिक दूर है। सूत्र ने कहा, इसके अलावा, कई लोग एनसीए की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जो उनकी प्रगति के बारे में बताएगी, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि न केवल आईपीएल 2024 के लिए उनकी उपलब्धता के बारे में, बल्कि अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले भारत के टी20 के लिए भी।

## टखने की चोट के कारण हार्दिक अफगानिस्तान टी20 सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के कप्तान हार्दिक पांड्या टखने की चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी 2024 से शुरू होने वाली आगामी तीन मैचों की टी20 सीरीज से चूक सकते हैं, ऐसा शनिवार को एक रिपोर्ट में दावा किया गया है। एनडीटीवी ने रिपोर्ट किया कि पांड्या, जो वर्तमान में एकदिवसीय विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के मैच के दौरान लगी टखने की चोट के कारण बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में पुनर्वास के दौर से गुजर रहे हैं, शायद समय पर ठीक नहीं हो पाएंगे और अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज से चूकने की संभावना है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, हार्दिक की फिटनेस स्थिति पर अभी तक कोई अपडेट नहीं है और कोई कह सकता है कि आईपीएल खत्म होने से पहले उनके उपलब्ध होने पर एक बड़ा सवालिया निशान बना हुआ है। इससे पहले, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मानद सचिव जय शाह ने मुंबई में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी के दौरान पांड्या की चोट पर अपडेट देते हुए कहा था कि ऑलराउंडर इंग्लैंड के खिलाफ भारत की महत्वपूर्ण श्रृंखला से पहले उपलब्ध होंगे। विश्व कप के दौरान पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में अपनी ही गेंदबाजी पर गेंद को रोकने की कोशिश के दौरान पांड्या को उनके टखने में चोट लग गई थी। वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। शाह ने यहां डब्ल्यूपीएल नीलामी के मौके पर कहा हम दैनिक आधार पर इस पर (पांड्या की चोट की) निगरानी कर रहे हैं।

# पारंपरिक खेल में क्रांति लाता है अल्टीमेट खो-खो

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

रविवार को अल्टीमेट खो खो लीग के सीजन 2 की रोमांचक शुरूआत के साथ, सीईओ और लीग कमिश्नर तेनजिंग नियोगी ने खो खो जैसे स्वदेशी रत्न को एक वैश्विक खेल में बदलने की असाधारण यात्रा का खुलासा किया। पिछले साल के ब्लॉकबस्टर सीजन का रोमांच अभी भी गूंज रहा है, नियोगी ने लीग में इस नए अध्याय को आकार देने वाले महत्वपूर्ण बदलावों को भी साझा किया है। भारत की पहली पेशेवर खो-खो लीग ने रन एंड चेज के स्वदेशी खेल को पूरी तरह से नए अवतार में बदल दिया, जिसे लोकप्रिय रूप से खो खो कहा जाता है। आने वाले समय में वैश्विक उपस्थिति का लक्ष्य रखते हुए अल्टीमेट खो खो के उद्घाटन संस्करण ने दर्शकों तक पहुंच के मामले में भारत की तीसरी सबसे बड़ी गैर-क्रिकेटिंग लीग का खिताब जीता। पेशेवर लीग की सफलता और भारत के पारंपरिक खेल को ऊपर उठाने पर इसके प्रभाव पर चर्चा करते हुए, नियोगी ने प्रकाश डालाः अल्टीमेट खो खो एक स्वदेशी खेल का उपोत्पाद है, जो खो खो है। अल्टीमेट खो खो के निर्माण के पीछे बुनियादी सिद्धांत यह था कि स्पष्ट प्रतिभा के दृष्टिकोण से पिरामिड बहुत भारी था।

# भारतीय महिलाओं की ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत

**एजेंसी। मुंबई**

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को एकमात्र महिला टेस्ट के चौथे और अंतिम दिन रविवार को दूसरी पारी में 261 रन पर समेटने के बाद 75 रन का जीत का लक्ष्य दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारत ने यह मुकाबला आठ विकेट से जीता। भारत ने पिछले हफ्ते इंग्लैंड को भी एकमात्र टेस्ट में 347 रन से पराजित किया था। भारतीय महिलाओं की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह पहली टेस्ट जीत है। इससे पहले तक दोनों देशों की महिला टीमों के बीच खेले गए 10 टेस्ट मैचों में भारत को चार में हार मिली थी और छह ड्रॉ रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने कल के पांच विकेट पर 233 रन से आगे खेलना शुरू किया। स्नेह राणा और राजेश्वरी गायकवाड ने दो-दो विकेट लिए, जिससे भारत की महिलाओं ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 261 रनों पर समेट दिया, भारत ने पहली ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए 75 रन का लक्ष्य 18.4 ओवर में हासिल कर लिया। स्नेह राणा को मैच में कुल सात विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। उन्होंने पहली पारी में 3/56 और दूसरी पारी में 4/63 विकेट लिए।

## ईडी,आयकर,सीबीआई के डर से बगावत नहीं कर सकेंगे बृजभूषण शरण सिंह



**ब्यूरो/नई दिल्ली।** कुछ लोग कह रहे हैं कि तमाम मामलों के आरोपी व दबंग बृजभूषण शरण सिंह को नजरअंदाज करना आसान नहीं है। क्योंकि गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, अयोध्या ,श्रावस्ती में उनके इंजीनियरिंग, फामेर्सी, शिक्षा, कानून सहित 50 से ज्यादा शिक्षण संस्थान हैं। इन ज़िलों में इनका प्रभाव है। इसलिए भाजपा को उनका टिकट काटने के पहले दस बार सोचना पड़ेगा। क्योंकि वह छठवीं बार सांसद हैं। लेकिन यह कहने वाले यह भूल जा रहे हैं कि यह भाजपा का वाजपेई राज नहीं है । ऐसे विद्यार्थियों को विहिप में लाकर आगे बढ़ाने वाले अशोक सिंघल भी अब नहीं हैं, जो ढ़ाल बनते थे। यह ईडी,आयकर,सीबीआई को हथियार की तरह उपयोग करने वाला राज है। वैसे भी बृजभूषण शरण सिंह कोई दूध के धुले नहीं हैं। उनका राजपूत बिरादरी में वह सम्मान नहीं है ,जो कुछ यसमैन द्वारा प्रचार किया जा रहा है। कुछ का कहना है कि भाजपा ने यदि बृजभूषण को आगामी लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया, तो वह भाजपा छोड़कर सपा के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं । उस स्थिति में यह भी हो सकता है कि उनको जेल से चुनाव लड़ना पड़े। और उस दौरान उनके सभी शिक्षण संस्थानों में आयकर,ईडी व अन्य तरह के एक साथ छापे पड़ जाएं।उनके विरूद्ध अंतरराष्ट्रीय व ओलंपिक पदक विजेता महिला पहलवानों से छेड़छाड़ का मामला चल ही रहा है। महिला पहलवानों में ज्यादातर जाट बिरादरी की हैं। बहन बेटियों के अपमान व उनके साथ हुए दुर्व्यवहार से पूरी जाट विरादरी अपमानित महसूस कर रही है।इसकी भरपाई जाट विरादरी

**बृजभूषण को बचाने पर भाजपा को हो सकता है 16 लोस सीटों का नुकसान**

## राधा गोविंद विवि के छात्रों ने योग में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में भाग लिया




**रामगढ़।** एक रोमांचक घटनाक्रम में, राधा गोविंद विश्वविद्यालय के छात्रों की एक टीम ने केआईआईटी विश्वविद्यालय भुवनेश्वर में आयोजित योग के लिए अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल निदेशक डॉ. अमन वर्मा, टीम मैनेजर संजय राय चौधरी के नेतृत्व में और टीम कोच धनेश्वर बीपी के मार्गदर्शन में प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने प्राचीन अनुशासन में अपनी कौशल का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिससे प्रतिस्पर्धा और सौहार्द का एक उत्साही माहौल तैयार हुआ। इस खुशी में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.एन.साह , राधा गोविन्द शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी,कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सदस्य अजय कुमार ने सभी छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# खेल मंत्रालय ने जल्दबाजी में भारतीय कुश्ती महासंघ की नई संस्था को निलंबित किया

**एजेंसी। रांची**



खेल मंत्रालय ने रविवार को संजय सिंह की अगुवाई वाली भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की नई संस्था को राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए 'जल्दबाजी' में की गई घोषणा के कारण निलंबित कर दिया। सूत्रों के अनुसार, मंत्रालय ने एक पत्र जारी कर कहा, भारतीय कुश्ती महासंघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने 21.12.2023 को, जिस दिन उन्हें अध्यक्ष के रूप में चुना गया था, घोषणा की कि कुश्ती के लिए अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल होंगे, जो इस वर्ष के अंत से पहले नंदिनी नगर, गोंडा (यूपी) में होगा। यह घोषणा जल्दबाजी में की गई है, उन पहलवानों को पर्याप्त सूचना दिए बिना, जिन्हें उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना है और डब्ल्यूएफआई के संविधान के प्रावधानों का पालन किए बिना है। पत्र में आगे लिखा है कि डब्ल्यूएफआई के संविधान की प्रस्तावना के खंड 3 (ई) के अनुसार, डब्ल्यूएफआई का उद्देश्य, अन्य बातों के अलावा, कार्यकारी समिति द्वारा चयनित स्थानों पर यूडब्ल्यूडब्ल्यू नियमों के अनुसार सीनियर, जूनियर और सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने की व्यवस्था करना है। ऐसे निर्णय कार्यकारी समिति द्वारा लिए जाते हैं।

# चार मैचों के प्रतिबंध के खिलाफ टॉम करेन की अपील खारिज

**एजेंसी। सिडनी**



बिग बैश लीग (बीबीएल) ने रविवार को कहा कि इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी टॉम करेन की चार मैचों की सजा के खिलाफ सिडनी सिक्सर्स की अपील को मूल मंजूरी के साथ खारिज कर दिया गया है। 21 दिसंबर को, बीबीएल ने कहा कि करेन पर 11 दिसंबर को लाउंसेस्टन में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ उनकी टीम सिडनी सिक्सर्स के मैच से पहले एक अंपायर के साथ मैच से पहले विवाद के कारण चार मैचों के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था। ह्यअंपायर क्रिकेट की जीवनधारा का हिस्सा हैं और यह आवश्यक है कि खेल के सभी स्तरों पर खिलाड़ियों द्वारा उनका सम्मान और सराहना की जाए। हम अपील के बाद टॉम द्वारा दिखाए गए पश्चाताप को स्वीकार करते हैं और उसे सिक्सर्स रंगों में वापस देखने के लिए उत्सुक हैं। बिग बैश लीग के क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के महाप्रबंधक एलिस्टेयर डॉब्सन ने कहा, टॉम बीबीएल में लंबे समय से योगदानकर्ता रहे हैं।

## वकार यूनुस पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी रफ्तार की कमी से चिंतित

**मेलबर्न।** पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज वकार यूनुस ने कहा है कि वह ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे पर मौजूदा लाइन-अप में गति की कमी से वास्तव में चिंतित हैं। टेस्ट श्रृंखला के शुरूआती मैच में 360 रन की हार में, पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी चौकड़ी - शाहीन शाह आफरीदी, खुर्रम शहजाद, आमिर जमाल और फहीम अशरफ शायद ही कभी 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़े। चोट के कारण शहजाद बाहर हैं, हसन अली, मोहम्मद वसीम जूनियर और मीर हमजा अन्य विकल्प हैं, जो 140 किमी प्रति घंटे के निशान को पार करने के बारे में ज्यादा आत्मविश्वास पैदा नहीं करते हैं।

## रॉबिन मिंज के आईपीएल में चयनित होने पर अनाथ आश्रम में फल और मिठाई वितरित



**रांची।** रॉबिन मिंज को आईपीएल में चयनित होने पर उनके क्रिकेट क्लब के डायरेक्टर एसपी गौतम और पूर्व रणजी क्रिकेटर-सह-भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशमंत्री अजातशत्रु ने अनाथ आश्रम में फल और मिठाई वितरित कर दी बधाई। सोनेट क्रिकेट क्लब के सदस्य और झारखंड का बेटा, उभरते क्रिकेट सितारे रॉबिन मिंज के आईपीएल में चयन होने और गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा बनने की खुशी में आज क्लब के डायरेक्टर और क्रिकेटर एसपी गौतम के नेतृत्व में माहेर अनाथ आश्रम के बच्चों के बीच फल, मिठाइयां बांट कर खुशी मनाई गई। वहां रॉबिन मिंज के पिता, पूर्व रणजी क्रिकेटर - सह- भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के प्रदेशमंत्री अजातशत्रु, चंचल भट्टाचार्य, आसिफ और रॉबिन मिंज के मित्रगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसपी गौतम और अजातशत्रु ने कहा कि रॉबिन मिंज का चयन होना झारखंड के लिए गौरव का विषय है। हम सभी लोग उनको शुभकामना देते हैं कि वे इसी प्रकार से आगे बढ़ते हुए भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनें। आज उनको एक अच्छा प्लेटफार्म मिला है अपनी प्रतिभा को अच्छे से प्रदर्शित करने का जहां अपने अच्छे प्रदर्शन से वे इस जगत में नई ऊंचाईयों को प्राप्त कर सकते हैं।

# व्यापार

# भारतीय स्टार्टअप्स में 35 हजार से ज्यादा नौकरियां गई, 2024 में भी छंटनी रहेगी जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पिछले दो साल में भारतीय स्टार्टअप्स में 35,000 से ज्यादा लोगों ने नौकरी से हाथ धोया हैं, और 2024 में भी नौकरियों में कटौती बेरोकटोक जारी रहने की संभावना है। 2022 में बायजू, ओला, अनएकेडमी, ब्लिंकिट और वाइटहैट जूनियर, स्किल-लिंक, गो मैकेनिक, शेयर चैट और जेस्टमनी जैसे प्लेयर्स के नेतृत्व में भारतीय स्टार्टअप्स ने 18,000 से ज्यादा कर्मचारियों को निकाल दिया। इंक42 की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में 17,000 से ज्यादा लोग पहले ही अपनी नौकरियां खो चुके हैं और यह लिस्ट बढ़ती ही जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शेयरचैट ने रणनीतिक पुनर्गठन के तहत 200 कर्मचारियों या अपने कार्यबल के लगभग 15 प्रतिशत को नौकरी से निकाल दिया है। गेम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म लोको ने अपने कर्मचारियों की कुल संख्या 110 में से लगभग 36 प्रतिशत या 40 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। गूगल समर्थित एडटेक प्लेटफॉर्म अड्डा247 ने विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 250-300 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। एनट्रैकर ने सूत्रों का हवाला देते हुए कहा, दिसंबर 2021 में कंपनी द्वारा लगभग 20 मिलियन डॉलर में अधिग्रहित यूपीएससी-केंद्रित एडटेक प्लेटफॉर्म स्टडीआईक्यू से लगभग 100 से 150 कर्मचारियों को निकाल दिया गया था।

## रिकॉर्ड फंडिंग और सरकार के दबाव के बीच भारतीय एआई स्टार्टअप ने नवाचार को बढ़ावा दिया

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के लिए फंडिंग की कमी हो रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विस्फोट ने देश में उद्यमियों और संस्थापकों को नई संजीवनी दी है, क्योंकि केंद्र सरकार ने इस क्षेत्र के समर्थन बढ़ाया है। परिणामस्वरूप, घरेलू जेनेरेटिव एआई स्टार्टअप 'सर्वम एआई' ने लाइटस्पीड के नेतृत्व में और पीक एक्सवी पार्टनर्स और विनोद खोसला द्वारा संचालित खोसला वेंचर्स द्वारा समर्थित सीरीज ए राउंड में इस महीने की शुरूआत में 4.1 करोड़ डॉलर जुटाए, जो इस स्तर पर किसी भारतीय एआई स्टार्टअप के लिए सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। रिपोर्टों के अनुसार, देश 70 से अधिक जेनएआई स्टार्टअप हैं, जिन्होंने अब तक 44 करोड़ डॉलर से अधिक जुटाए हैं। विवेक राघवन और प्रत्यूष कुमार द्वारा स्थापित, सर्वम एआई ने जनरेटिव एआई के लिए फुल-स्टैक विकसित करने की योजना बनाई है, जिसमें कस्टम एआई मॉडल के प्रशिक्षण में अनुसंधान-आधारित नवाचारों से लेकर लेखन और तैनाती के लिए एंटरप्राइज-ग्रेड प्लेटफॉर्म तक शामिल है। सर्वम एआई भारतीय भाषाओं और वॉयस-फर्स्ट इंटरफेस के विविध सेट का समर्थन करने के लिए एआई मॉडल को प्रशिक्षित करेगा। कंपनी भारतीय उद्यमों के साथ उनके डेटा पर डोमेन-विशिष्ट एआई मॉडल बनाने के लिए भी काम करेगी। एआई स्टार्टअप का लक्ष्य विशेष रूप से सार्वजनिक-अच्छे अनुप्रयोगों के लिए अत्यधिक सफल भारत स्टैक के शीर्ष पर जेनएआई को जनसंख्या-स्तर पर प्रभाव पैदा करना है।

# वेदांता को 84.7 करोड़ रुपये चुकाने का जीएसटी नोटिस

**एजेंसी। मुंबई**

अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली वेदांता ने शनिवार को कहा कि उसकी सहायक कंपनी भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के रूप में 84.7 करोड़ रुपये का भुगतान करने का नोटिस दिया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि मांग नोटिस छत्तीसगढ़ में बिलासपुर के संयुक्त आयुक्त के कार्यालय से जारी किया गया है जो वित्त वर्ष 2017-18 से संबंधित है। कुल जीएसटी की मांग 84,70,09,977 रुपये की गई है, जबकि इस राशि का अतिरिक्त 10 प्रतिशत लागू ब्याज के साथ जुमार्ना लगाया गया है। कंपनी ने कहा है कि बाल्को इस मामले में की जाने वाली अगली कार्रवाई का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया में है। धातु से लेकर खनन क्षेत्र तक की अग्रणी कंपनी ने कहा कि इस आदेश से कंपनी पर कोई भौतिक वित्तीय प्रभाव पड़ने की आशंका नहीं है।




## वित्तीय सेवाओं में एफपीआई बड़े खरीदार

**नई दिल्ली।** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा है कि एफपीआई का निवेश पिछले तीन महीनों में नकारात्मक था, लेकिन दिसंबर में यह सकारात्मक हो गया है। 22 दिसंबर तक कुल एफपीआई प्रवाह 57,313 करोड़ रुपये रहा, जिसमें स्टॉक एक्सचेंजों और प्राइमरी मार्किट के माध्यम से खरीदारी शामिल है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 महीने के उच्चतम स्तर 615.97 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** आरबीआई द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़कर 15 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 20 महीने के उच्चतम स्तर 615.97 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले 8 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 2.82 अरब डॉलर बढ़कर 606.86 अरब डॉलर होने के बाद 15 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 9.11 अरब डॉलर बढ़ गया। विदेशी मुद्रा भंडार 1 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 6.1 अरब डॉलर बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 604.04 अरब डॉलर पर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि अर्थव्यवस्था के मैक्रोइकोनॉमिक बुनियादी सिद्धांतों को बढ़ावा देती है और आरबीआई को अस्थिर होने पर रुपये को स्थिर करने में आसानी होती है। आरबीआई रुपये को दबाव में आने से रोकने के लिए अधिक डॉलर जारी करके हाजिर और वायदा मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करता है।

# कृषि पर जलवायु परिवर्तन का असर विकास दर में चिंताजनक गिरावट

**एजेंसी। नई दिल्ली**



टिकाऊ कृषि के लिए जलवायु परिवर्तन एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है, क्योंकि इस साल अनियमित मानसून ने भारत के कृषि उत्पादन को प्रभावित किया, इससे खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई। सरकार को निर्यात पर रोक लगाने जैसे उपाय करने के लिए मजबूर होना पड़ा। खराब मौसम के कारण खरीफ उत्पादन में गिरावट के कारण जुलाई-सितंबर तिमाही में देश के कृषि क्षेत्र की विकास दर घटकर मात्र 1.2 प्रतिशत रह गई। इसका प्रतिकूल प्रभाव चालू रबी सीजन पर पड़ा है और सामान्य से कम मानसून के कारण कुल बोए गए क्षेत्र में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। मिट्टी में नमी की कमी हो गई है और जलाशयों में पानी का भंडारण कम हो गया है। गेहूं और दालों के रकबे में क्रमशः तीन और आठ फीसदी की गिरावट आई है, इससे आगे चलकर खाद्य उत्पादन में गिरावट को लेकर चिंता बढ़ गई है। जलवायु परिवर्तन की इस जटिल घटना से निपटने के लिए गतिशील प्रतिक्रिया रणनीतियों को विकसित करने के लिए नीति निमार्ताओं और वैज्ञानिक समुदाय के भीतर अब एक बड़ी चिंता है, खासकर कुछ राज्यों में विशाल क्षेत्र अभी भी वर्षा आधारित कृषि पर निर्भर हैं। हालांकि, रबी के रकबे में मौजूदा गिरावट के बावजूद, कृषि मंत्रालय के अधिकारियों का मानना है कि अगले कुछ हफ्तों में अंतर को संभावित रूप से कम किया जा सकता है। उनका अनुमान है कि रबी फसलों के लिए कुल बोया गया क्षेत्र, पिछले पांच वर्षों के औसत स्तर (648 लाख हेक्टेयर) तक पहुंच सकता है। अधिकारी दलहन के रकबे में कमी का कारण धान जैसी खरीफ फसलों की देर से कटाई और फसल विविधीकरण की प्रवृत्ति को मानते हैं। इसमें कुछ राहत की बात है कि सरसों और रेपसीड सहित तिलहनों का रकबा इस साल 2022 की तुलना में 1 लाख हेक्टेयर अधिक है, इससे देश के खाद्य तेलों के आयात बिल को कम करने में मदद मिलेगी।

# एयर इंडिया के बेड़े में शामिल हुआ देश का पहला एयरबस ए 350

**एजेंसी। नई दिल्ली**



एयर इंडिया के बेड़े में शामिल पहला एयरबस ए350-900 विमान शनिवार को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर उतरा। विमान को वीटी-जेआरए के रूप में पंजीकृत किया गया है। यह फ्रांस के टूलूज स्थित एयरबस के संयंत्र से उड़ान भरकर दोपहर 1:46 बजे दिल्ली पहुंचा। टाटा समूह की कंपनी एयर इंडिया की वरिष्ठ कमांडर कैप्टन मोनिका बत्रा वैद्य, जो ए 350 पर प्रशिक्षित होने वाले पहले कुछ भारतीय पायलटों में से हैं, एक पर्यवेक्षक के रूप में विमान में मौजूद थीं। एयर इंडिया भारतीय विमानन के पुनर्जागरण को उत्प्रेरित करने में अग्रणी है, ए350 संचालित करने वाली पहली भारतीय एयरलाइन बन गई है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने यह क्षण एयर इंडिया में हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। ए350 केवल धातु और इंजन नहीं है; यह हमारी एयरलाइन के निरंतर परिवर्तन और नए मानक स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता की दिशा में एयर इंडिया के सभी कर्मचारियों के अथक प्रयासों का उड़ता हुआ अवतार है। यह कई मायनों में विश्व मंच पर भारतीय विमानन के पुनरुत्थान की घोषणा भी है। उड़ान के नए युग के प्रतीक के रूप में, ए350 हमारे नॉन-स्टॉप मार्गों पर एक विश्व स्तरीय, लंबी दूरी की यात्रा के अनुभव का वादा करता है, जो एक अद्वितीय स्तर का आराम प्रदान करता है।

## 2023 में डीआईआई ने 20.2 बिलियन डॉलर का निवेश किया

**नई दिल्ली।** क्वांटम म्यूचुअल फंड के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों से डीआईआई प्रवाह मजबूत रहा है, वहीं बढ़ती वैश्विक ब्याज दरों ने एफपीआई प्रवाह को नियंत्रण में रखा है। डीआईआई ने 2022 में 35.8 अरब डॉलर और 2023 में 20.2 अरब डॉलर का निवेश किया है। इस साल एफपीआई प्रवाह 12.8 अरब डॉलर पर काफी कम रहा है, लेकिन 2022 में 16.5 अरब डॉलर के ऑउटफ्लो से बेहतर है। इसके चलते भारतीय इक्विटी में एफपीआई स्वामित्व में गिरावट आई है। वैश्विक मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में नरमी के साथ, भारत का स्थिर नीति वातावरण और मजबूत अर्थव्यवस्था विदेशी प्रवाह को आकर्षित कर सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ती वैश्विक ब्याज दरों, मूल्यांकन विस्तार की सीमित गुंजाइश और भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमतों को देखते हुए वर्ष 2023 में उम्मीद से ज्यादा इक्विटी रीटर्न मिला है।

## निफ्टी मिडकैप में 44%, स्मॉलकैप में 54% की वृद्धि

**नई दिल्ली।** साल 2023 का अंत घरेलू शेयर बाजार सकारात्मक नोट पर कर रहे हैं। निफ्टी 21,500 के पार पहुंच गया है, वहीं सेंसेक्स 71,000 के पार है। मोतीलाल ओसवाल ब्रोकिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि नवंबर और दिसंबर के महीने में निवेशकों के सेंटीमेंट्स को काफी बढ़ावा मिला, जिससे घरेलू और वैश्विक बाजारों को नई ऊंचाई हासिल करने में मदद मिली। सेकेंड्री मार्केट में तेजी के रुख के बाद आईपीओ बाजार भी काफी जीवंत रहा। पिछले साल 40 आईपीओ (कुल 64,000 करोड़ रुपए) के मुकाबले इस साल 48,000 करोड़ रुपए का फंड जुटाने के लिए 58 आईपीओ बाजार में आए। रिपोर्ट में कहा गया है कि आगे ओला इलेक्ट्रिक, स्विगी, फर्स्टक्राई, मोबिविक सहित नए जमाने के टेक आईपीओ में तेज वृद्धि की उम्मीद के साथ पाइपलाइन मजबूत बनी हुई है। भारत के मैक्रो और माइक्रो फंडामेंटल मजबूत बने हुए हैं और बाजार को नई ऊंचाई छूने में मदद कर रहे हैं। निफ्टी ने 2023 में अब तक 18 फीसदी का रिटर्न दिया है। मिडकैप और स्मॉलकैप में भारी तेजी देखी गई, निफ्टी मिडकैप100 में 44 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप100 में 54 फीसदी की।